https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

दैनिक हिंदी अखबार

सच बेधड़क

Scan to Subscribe

वर्ष: 5 । अंक: 333 | जयपुर, शुक्रवार, 13 नवंबर, 2026 । कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, विसं 2083 | पृष्ठ: 12 । मूल्य: 3.00

दुश्मन को संभलने का मौका न दें, हर चुनौती के लिए रहें तैयार: राजनाथ

@ पेज 7



जरूरी खबर

एनवीडिया के CEO पद से जेनसन हुआंग का इस्तीफा



हांगकांग। एनवीडिया कंपनी के सीईओ जेनसन हुआंग पिछले कई दिनों से काफी चर्चा में हैं। चीनी जासूस के साथ अफेयर की खबरों के कारण वो लाइम लाइट में बने हुए थे। जिसके चलते बीते दिन से ऐसी चर्चाएं भी चल रही थीं कि उन्हें अपने पद से हटाया जा सकता है। जेनसन ने खुद एनवीडिया के CEO के पद से इस्तीफा दे दिया है। इस खबर की पुष्टि खुद एनवीडिया की तरफ से की गई है। जिसके बाद ये भी साफ कर दिया है कि अब जेनसन का कार्यभार चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर कॉलेट क्रेस संभालेंगी।

■ पेज 8 भी देखें

दो साल के उच्च स्तर पर खुदरा महंगाई



नई दिल्ली। खाद्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में उछाल से खुदरा महंगाई अक्टूबर में बढ़कर 6.09 प्रतिशत हो गई। यह दो साल में पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक की छह प्रतिशत की ऊपरी सीमा से पार पहुंची है। सितंबर में यह 5.54% थी। खाद्य महंगाई भी 7.74 से बढ़कर 8.94%हो गई। महंगाई बढ़ने से दिसंबर में रेपो दर में फिर 0.25% की बढ़ोतरी की आशंका है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक दो से चार दिसंबर को होगी।

■ पेज 9 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अखबार
अखबार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 97847 72454
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं ।

विशेष सत्र बुलाएगी सरकार... लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने का लक्ष्य

महिला आरक्षण पर फिर संसद में संग्राम की तैयारी

361 वोटों की जरूरत, 2029 के चुनाव से पहले 33 फीसदी आरक्षण लागू करने की तैयारी

एजेंसी । नई दिल्ली

महिला आरक्षण को लागू करने की दिशा में केंद्र सरकार एक बार फिर संसद में पहल करने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस मुद्दे पर संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की योजना बना रही है। सरकार को भरोसा है कि इस बार विधेयक जरूरी दो-तिहाई बहुमत हासिल कर लेगा। सूत्रों ने दावा किया कि विधेयक 15 से 18 वोटों के अंतर से पारित हो सकता है। हालांकि, विशेष सत्र की तारीख और अवधि को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने के लिए लोकसभा में 361 मतों की जरूरत होगी। 543 सदस्यीय सदन में फिलहाल तीन सीटें रिक्त हैं। प्रस्तावित संशोधन के तहत परिसीमन के जरिए लोकसभा की मौजूदा सदस्य संख्या 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने की योजना है। इससे संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का रास्ता साफ हो सकेगा।





पहले भी बहुमत नहीं जुटा पाई थी सरकार

इससे पहले 17 अप्रैल को बजट सत्र की विशेष बैठक में इसी तरह का संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में जरूरी संख्या बल नहीं जुटा पाने के कारण पारित नहीं हो सका था। अब सरकार नए सिरे से समर्थन जुटाने की कोशिश में है। उसका लक्ष्य 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण कानून को लागू करना है। दावा है कि सरकार ने दो-तिहाई बहुमत जुटा लिया गया है।

दक्षिणी राज्यों की चिंताओं पर भी विचार

प्रस्तावित संशोधन में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के साथ राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व के संतुलन का मुद्दा भी अहम है। सूत्रों के अनुसार, सरकार सभी राज्यों की लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का विकल्प तलाश रही है, ताकि दक्षिणी राज्यों की चिंताओं को दूर किया जा सके। नए मसौदे में 1971 की जनगणना के आधार पर राज्यों के बीच सीटों का मौजूदा अनुपात बनाए रखने का प्रस्ताव भी विचाराधीन है। हालांकि, इस पर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है।

मानसून सत्र का सत्रावसान नहीं, विशेष बैठक की अटकलें तेज

संसद का मानसून सत्र 13 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था, लेकिन अब तक उसका औपचारिक सत्रावसान नहीं हुआ है। स्थगन के 91 दिन बाद भी सत्रावसान नहीं होने से विशेष बैठक बुलाए जाने की अटकलें तेज हुई हैं। यह 2008 के 87 दिनों के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। चालू सत्र को आगे बढ़ाने के लिए कम से कम दो दिन का नोटिस जरूरी है, जबकि नया सत्र बुलाने के लिए 14 दिन का नोटिस देना होता है। हालांकि, सत्रावसान की कोई निश्चित संवैधानिक समय-सीमा नहीं है और इसके बिना सत्र का जारी रहना अपने आप में प्रक्रियात्मक अनियमितता नहीं है। 16 नवंबर को छठ पर्व पूरा हो जाने और बुधवार तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे से लौटने के बाद किसी भी दिन विशेष सत्र बुलाया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी 16-17 नवंबर को विदेश दौरे पर हैं। राहुल गांधी 16-19 तक अमेरिका दौरे पर हैं।

देश की सफलता की कहानियां दुनिया तक पहुंचाए मीडिया

खबरों की तरह जिंदगी में भी जरूरी है डेडलाइन: मोदी

दिवाली मिलन समारोह में पत्रकारों से साझा किया गुजरात के मुख्यमंत्री बनने का किस्सा

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित दिवाली मिलन समारोह में पत्रकारों के साथ पुराने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं होता। आपदा हो या दुर्घटना, जब लोग जान बचाकर भागते हैं, तब पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर खबरों की कवरेज करते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार का पूरा जीवन डेडलाइन के इर्द-गिर्द घूमता है और यही बात जिंदगी पर भी लागू होती है।

मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री बनने से जुड़ा एक पुराना किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2001 में इस फैसले की जानकारी पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं को ही थी। इसी बीच महिला पत्रकारों की एक टोली अचानक उनके कमरे में पहुंच गई और मिठाई खिलाने की मांग करने लगी। मोदी के पूछने पर उन्होंने कहा कि वे गुजरात के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्हें खुद इसकी जानकारी नहीं थी, जबकि पत्रकारों को पहले ही खबर मिल गई थी। उन्होंने यह भी याद किया कि उनके शपथ ग्रहण समारोह में कई पत्रकार अपने खर्च पर पहुंचे थे।

प्रेस विज्ञप्ति से इंस्टाग्राम रील तक बदली मीडिया की दुनिया

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने मीडिया का लंबा बदलाव देखा है। एक दौर में प्रेस विज्ञप्ति भेजने के लिए फैक्स मशीन तलाशनी पड़ती थी, जबकि आज मोबाइल फोन ही ओबी वैन बन गया है। अब हर व्यक्ति के पास अपना मंच, चैनल और पॉडकास्ट है। उन्होंने कहा कि विचारों की विविधता लोकतंत्र को मजबूत और जीवंत बनाए रखती है तथा इसमें मीडिया की बड़ी भूमिका है।

2047 के लक्ष्य में मीडिया से सहयोग की अपील

मोदी ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य भी एक डेडलाइन है। इसके लिए छोटे-बड़े चरणों में काम करना होगा, अंतिम वर्ष का इंतजार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मीडिया से भारतीय प्रतिभाओं और देश की उपलब्धियों की कहानियां दुनिया तक पहुंचाने की अपील की। नशे के खिलाफ जागरूकता, डीपफेक और सामाजिक सद्भाव जैसे मुद्दों को प्रमुखता देने का आग्रह किया।



18 नवंबर को मंत्रिपरिषद की अहम बैठक करेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 नवंबर 2026 को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सूत्रों के अनुसार, बैठक में पिछले 12-13 वर्षों के दौरान करीब 50 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने की उपलब्धि और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव पर चर्चा होगी। पीएम आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं की समीक्षा के साथ भविष्य की पहलों पर भी मंथन होगा। आसियान-भारत और ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन से लौटने के बाद प्रधानमंत्री बैठक में विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

सरकार में नहीं, फिर भी कुछ लोगों पर सत्ता का नशा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग सरकार में नहीं होने के बावजूद सत्ता के नशे में रहते हैं। एक मीडिया समूह के 'किसान तक भारत कृषि सम्मेलन' में उन्होंने कहा कि ऐसे लोग अपनी जेब से संविधान निकालते हैं और समझते हैं कि देश का संविधान व लोकतंत्र उनकी जेब में है। वहीं, राहुल गांधी के करीबी सहयोगी सैम पित्रोदा ने मोदी को अपना 'गुजराती दोस्त' बताते हुए उनके प्रति व्यक्तिगत सम्मान जताया। इसके बाद मोदी ने पित्रोदा को दिवाली की शुभकामनाएं दीं।

11 दिसंबर तक आपत्तियां दर्ज कराने का मौका


5.26 करोड़ मतदाताओं की प्रारूप सूची जारी

बेधड़क । जयपुर

राजस्थान में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर)-2027 के तहत गुरुवार को मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन के अनुसार, प्रारूप सूची में कुल 5,26,67,416 मतदाता शामिल हैं। इनमें 2,75,24,780 पुरुष, 2,51,42,052 महिलाएं और 584 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करा दी गई है। पुनरीक्षण के लिए अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 निर्धारित की गई है। प्रारूप सूची पर 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। इनका निस्तारण 28 दिसंबर तक होगा। इसके बाद 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। प्राप्त आवेदनों की सूची हर सप्ताह ईआरओ कार्यालय के बाहर चस्पा करने के साथ निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

4 जनवरी 2027 को होगा अंतिम प्रकाशन

युवाओं को अग्रिम आवेदन की सुविधा



एक जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। वहीं, एक अक्टूबर 2027 तक 18 वर्ष के होने वाले युवा भी अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 और संशोधन के लिए फॉर्म-8 भरना होगा। आवेदन ईसीआईनेट ऐप, voters.eci.gov.in पोर्टल या बीएलओ के माध्यम से किए जा सकते हैं। प्रारूप सूची चुनाव विभाग की वेबसाइट election.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। मतदाता ऑनलाइन या बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम जांच सकते हैं। ईआरओ के निर्णय से असंतुष्ट व्यक्ति 15 दिन में जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष पहली अपील कर सकता है। इसके निर्णय के खिलाफ भी 15 दिन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दूसरी अपील का प्रावधान है।

पाकिस्तान निर्मित गोलियों के खोखे बरामद

किश्तवाड़ में लापता दो एसपीओ के गोलियों से छलनी शव मिले

एजेंसी । जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के दुर्गम दच्वन इलाके में बुधवार से लापता दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) के शव गुरुवार तड़के बरामद हुए। दोनों की गोली मारकर हत्या की गई है। अधिकारियों के अनुसार, घटनास्थल से पाकिस्तान निर्मित आर्मर-पियर्सिंग (एपी) स्टील-कोर गोलियों के खोखे मिले हैं।



बाबी चंद

रशपाल कुमार

दोनों पुलिसकर्मियों की सरकारी राइफलें और कारतूस भी गायब हैं। आशंका है कि हमलावर हथियार अपने साथ ले गए हैं। मृतकों की पहचान बाबी चंद (57) और रशपाल कुमार (45) के रूप में हुई है। दोनों कियार गांव में पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) में तैनात थे। बुधवार को अपने शिविर से धारणा-मारवाह स्थित सेना की चौकी जाते समय वे लापता हो गए थे। शुरुआत में उनके मोबाइल फोन चालू थे, लेकिन बाद में संपर्क टूट गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया भूमि पूजन: 55 करोड़ की लागत से बनेगा स्टेट टर्मिनल

जयपुर एयरपोर्ट पर बनेगा राजस्थान की विरासत का नया द्वार

■ झरोखे-छतरियां व जोधपुर के सैंडस्टोन से सजेगा भवन

बेधड़क । जयपुर

जयपुर एयरपोर्ट पर अब हवाई सफर के साथ राजस्थान की कला, संस्कृति और स्थापत्य की भव्य झलक भी देखने को मिलेगी। एयरपोर्ट परिसर में 55 करोड़ रुपए की लागत से नया स्टेट टर्मिनल भवन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को स्टेट हैंगर परिसर में परियोजना का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। आधुनिक सुविधाओं से तैयार होने वाला भवन प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का नया प्रतीक बनेगा। बाहरी दीवारों और स्तंभों पर जोधपुर के सूरसागर सैंडस्टोन का इस्तेमाल किया जाएगा। राजस्थानी झरोखे, मेहराब और छतरियां भवन को पारंपरिक स्थापत्य का स्वरूप देंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटकों और अतिथियों को एयरपोर्ट पर उतरते ही प्रदेश की विरासत का अनुभव कराने का प्रयास है।



सीएम भजनलाल नए स्टेट टर्मिनल भवन का भूमि पूजन करते हुए। साथ में डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद मदन राठौड़, मंजू शर्मा, विधायक डॉ. कैलाश वर्मा, गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य और महापौर सुनील कोठारी।



पहले चरण में दो वीआईपी लाउंज

परियोजना के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने राज्य सरकार को 12,778 वर्गमीटर जमीन आवंटित की है। पहले चरण में 19.62 करोड़ रुपए खर्च कर टर्मिनल भवन विकसित किया जाएगा। इसमें दो वीआईपी लाउंज, कॉन्फ्रेंस हॉल, मीटिंग हॉल, 10 विश्राम कक्ष, ट्रेनिंग रूम, कैफे, कार्यालय और सुरक्षा जांच क्षेत्र जैसी सुविधाएं होंगी। दूसरे चरण में विमानों और हेलीकॉप्टरों की पार्किंग के लिए हैंगर और टारमेक बनाया जाएगा।

पर्यटन और कारोबार को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के साथ विरासत को भी प्राथमिकता दी जा रही है। प्रदेश में नौ नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे विकसित किए जा रहे हैं। रेलवे के लिए इस वर्ष 10,228 करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं और अमृत स्टेशन योजना में 85 स्टेशनों का पुनर्विकास हो रहा है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए खाटूश्यामजी, सालासर बालाजी और मेहंदीपुर बालाजी तक आवागमन सुविधाएं बेहतर बनाने पर भी जोर दिया।

■ पेज 2 भी देखें

जरूरी खबर

निर्वाचन आयुक्त आज से पांच जिलों के दौरे पर

जयपुर। पंचायत चुनाव-2026 की तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह 13 से 17 नवंबर तक प्रदेश के पांच जिलों के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे संबंधित जिलों में चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी तैयारियों का निरीक्षण करेंगे और व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन आयुक्त 13 नवंबर को भरतपुर, 14 नवंबर को धौलपुर और 15 नवंबर को करौली जाएंगे। इसके बाद 16 नवंबर को सवाई माधोपुर तथा 17 नवंबर को टोंक जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान वे पंचायत चुनाव से संबंधित कार्यों की प्रगति, प्रशासनिक तैयारियों और चुनावी व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे।

भाजपा जनसंपर्क अभियान: वार्ड 6 में निकाली रैली



जयपुर/बस्सी। भाजपा के वोटर जनसंपर्क अभियान ने बस्सी पंचायत समिति क्षेत्र में रफ्तार पकड़ ली है। चुनाव प्रभारी आलोक पारीक ने वार्ड नंबर 6 से पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी लादूराम शर्मा के समर्थन में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और वाहनों के साथ रैली निकालकर गांव-गांव जनसंपर्क किया। इस दौरान विभिन्न गांवों व ढाणियों में पहुंचकर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान पारीक ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और प्रदेश महामंत्री श्रवण कुमार बगड़ी के निर्देश पर प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने का लक्ष्य है। अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल रहे।

सोनिया की पुस्तक को प्रेरणा के रूप में देखें: राजेंद्र सेन

जयपुर। सोनिया गांधी की पुस्तक 'BELONGING-A JOURNEY OF LOVE' पर भाजपा नेताओं की टिप्पणियों पर राजस्थान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य एवं पूर्व नेशनल कोऑर्डिनेटर, ऑल इंडिया कांग्रेस ओबीसी विभाग एडवोकेट राजेंद्र सेन ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पुस्तक को राजनीतिक विवाद और दलगत आरोप-प्रत्यारोप के चश्मे से देखना उचित नहीं है। यह एक महिला के संघर्ष, प्रेम, मातृत्व, पारिवारिक जिम्मेदारियों, त्याग और आत्मसम्मान की प्रेरणादायी यात्रा है। सेन ने कहा कि सोनिया गांधी का जीवन कठिन परिस्थितियों में धैर्य, संयम और आत्मविश्वास बनाए रखने का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इसे नारी शक्ति के संघर्ष, आत्मसम्मान और दृढ़ इच्छाशक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए।

झरोखों-छतरियों से सजेगा जयपुर एयरपोर्ट




नए टर्मिनल में दिखेगी राजसी विरासत

बेधड़क | जयपुर

जयपुर एयरपोर्ट पर बनने वाले नए स्टेट टर्मिनल भवन में आधुनिक सुविधाओं के साथ राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत की झलक भी देखने को मिलेगी। भवन की बाहरी दीवारों और स्तंभों पर जोधपुर के सूरसागर सैंडस्टोन का इस्तेमाल किया जाएगा। राजस्थानी झरोखे, मेहराब और छतरियां इसकी खूबसूरती बढ़ाएंगी। सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश में आने वाले पर्यटकों और विशिष्ट अतिथियों को एयरपोर्ट पर उतरते ही राजस्थान की समृद्ध स्थापत्य परंपरा का अनुभव हो। टर्मिनल में दो वीआईपी लाउंज, कॉन्फ्रेंस और मीटिंग हॉल, 10 विश्राम कक्ष, ट्रेनिंग रूम, कैफे, कार्यालय और सुरक्षा जांच क्षेत्र बनाए जाएंगे। दूसरे चरण में विमानों और हेलीकॉप्टरों की पार्किंग के लिए हैंगर तथा टारमेक विकसित किया जाएगा।







पंचायत चुनाव का अंतिम चरण: निर्वाचन आयोग ने की तैयारियां पूरी

25 जिला परिषद व 116 पंचायत समिति में कल होगा मतदान

- 382 जिला परिषद वार्डों के लिए 1,322 प्रत्याशी मैदान में
- पंचायत समितियों के 2,142 वार्डों में 7,521 उम्मीदवार आजमाएंगे किस्मत

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। चौथे चरण के मतदान को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

इस चरण में प्रदेश के 25 जिलों में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव होंगे। आयोग की ओर से जारी जिलेवार आंकड़ों के अनुसार 14 नवंबर को होने वाले मतदान में कुल 1 करोड़ 5 लाख 94 हजार 285 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

चौथे चरण में कुल 382 जिला परिषद वार्डों के लिए मतदान होगा। इन वार्डों में जिला परिषद सदस्य बनने के लिए 1,322 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, प्रदेश की 116 पंचायत समितियों के 2,142 वार्डों में चुनाव होंगे, जिनमें 7,521 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया साईपुरा के मतदान केंद्र का निरीक्षण

पंचायत चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक और पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद मीना ने गुरुवार को जमवारामगढ़ और आंधी में चुनावी तैयारियों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायत साईपुरा के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। इसके बाद उपखंड अधिकारी कार्यालय जमवारामगढ़ में अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर मतदान दलों के प्रशिक्षण, रवानगी, मतदान केंद्रों पर सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने और आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंधी स्थित पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय के संग्रहण केंद्र का निरीक्षण किया।

16 नवंबर को 3,747 ग्राम पंचायतों में होगा मतदान

जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए 14 नवंबर को मतदान होने के बाद 16 नवंबर को 3,747 ग्राम पंचायतों में सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए वोट डाले जाएंगे। इन ग्राम पंचायतों के कुल 33,885 वार्डों में चुनाव होंगे। इस तरह चौथे चरण में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के साथ ग्राम पंचायत स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों के चयन की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद जिला प्रमुख, प्रधान और उप प्रधान के चुनाव की प्रक्रिया होगी।

11,905 मतदान केंद्रों पर वोटिंग

चौथे चरण के मतदान के लिए निर्वाचन आयोग ने कुल 11,905 मतदान केंद्र बनाए हैं। इन केंद्रों पर 1.05 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 54,88,275 और महिला मतदाताओं की संख्या 51,05,951 है। इसके अलावा 59 अन्य श्रेणी के मतदाता भी वोट डालेंगे। आयोग ने प्रदेश के 25 जिलों में मतदान को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान केंद्रों और वार्डों के हिसाब से चुनावी व्यवस्थाएं की गई हैं।

जयपुर: 13 जिला परिषद वार्डों और 82 पंचायत समिति वार्डों में होंगे चुनाव

जयपुर जिले में चौथे चरण के तहत जिला परिषद के 13 वार्डों और चार पंचायत समितियों के 82 वार्डों में मतदान होगा। इनमें बस्सी, तूंगा, जमवारामगढ़ और आंधी पंचायत समितियां शामिल हैं। इसके अलावा जिले की 140 ग्राम पंचायतों के 446 मतदान केंद्रों पर सरपंच और वार्ड पंच के चुनाव होंगे।

संग्रहालयों के नवाचारों से बढ़ेगा विरासत का आकर्षण

गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वाली एजेंसियों पर होगी कार्रवाई: दीया



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के राजकीय संग्रहालयों को आधुनिक सुविधाओं और नवाचारों के जरिए आकर्षक बनाने की दिशा में सरकार ने कदम तेज किए हैं। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने गुरुवार को पर्यटन भवन में पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग तथा ADMA के अधिकारियों के साथ बैठक कर संग्रहालयों के पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की।

दीया कुमारी ने निर्देश दिए कि संग्रहालयों में विकास कार्य विश्वस्तरीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हों। साथ ही ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के साथ आधुनिक सुविधाओं और नवाचारों को भी प्राथमिकता दी जाए, ताकि पर्यटकों और नई पीढ़ी को राजस्थान के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का बेहतर अनुभव मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में लापरवाही और गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। मानकों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मतदान और मतगणना में 28 दिन का अंतर क्यों: गहलोत

बेधड़क | जयपुर



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव कार्यक्रम में मतदान, मतगणना और जिला प्रमुख-प्रधान के चुनाव के बीच लंबे अंतराल पर सवाल उठाते हुए भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस देरी के जरिए भाजपा धनबल और बाहुबल का इस्तेमाल कर जिला प्रमुख और प्रधान के चुनाव प्रभावित करना चाहती है। गहलोत ने कहा कि पहले चरण का मतदान 22 अक्टूबर को हुआ, जबकि सभी चरणों की मतगणना 20 नवंबर को होगी। यानी पहले चरण के मतदान के 28 दिन बाद परिणाम आएंगे। इसके बाद 25 नवंबर को जिला प्रमुख, 27 नवंबर को प्रधान और 28 नवंबर को उप प्रधान का चुनाव होना है। उन्होंने सवाल किया कि पहले के चुनावों में इतना लंबा अंतराल नहीं रखा गया तो इस बार ऐसी व्यवस्था क्यों की गई? गहलोत ने आरोप लगाया कि भाजपा अपने जिला परिषद और पंचायत समिति प्रत्याशियों को जिलों से बाहर रिसॉर्ट और दूसरे राज्यों के तीर्थ स्थलों तक पहुंचा रही है। उनके मोबाइल बंद करवाए जा रहे हैं और परिजनों से भी दूर रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में चुनाव वाले क्षेत्रों के प्रत्याशी करीब एक महीने से बाड़ेबंदी में हैं। दीपावली जैसे त्योहार पर भी जनप्रतिनिधियों को परिवार से दूर रखना लोकतंत्र के लिए सवाल खड़े करता है।

अवकाश के दिन भी HC में हुई सुनवाई

मेंडी पंचायत के 4 वोटरों को राहत, राज्य निर्वाचन आयोग की अपील खारिज

- मतदाता सूची से नाम हटाने का जिला निर्वाचन अधिकारी का आदेश निरस्त रखने का फैसला



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान हाई कोर्ट की जयपुर पीठ में गुरुवार को अवकाश के बावजूद पंचायत चुनाव से जुड़े मामले में विशेष सुनवाई हुई। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस संदीप तनेजा की खंडपीठ ने राज्य निर्वाचन आयोग की विशेष अपील खारिज कर दी। इससे बूंदी जिले की हिंडोली पंचायत समिति की मेंडी पंचायत के चार मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में बरकरार रहेंगे। आयोग ने एकलपीठ के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें मतदाता सूची से चारों के नाम हटाने संबंधी बूंदी जिला निर्वाचन अधिकारी का 18 अक्टूबर का आदेश निरस्त कर दिया गया था। आयोग की ओर से दलील दी गई कि 3 अक्टूबर को केवल चुनाव कार्यक्रम जारी हुआ था, चुनाव अधिसूचना नहीं। इसलिए संविधान के अनुच्छेद 243-ओ के प्रावधान इस मामले में लागू नहीं होते।

वहीं, मतदाताओं की ओर से अधिवक्ता राजेश महर्षि ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता पहले सुखपुरा में रहते थे और बाद में मेंडी गांव आ गए। उन्होंने जनवरी 2026 में नई जगह की मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदन किया था। नियमानुसार आपत्तियां मांगी गईं, लेकिन कोई आपत्ति नहीं आई। इसके बाद फरवरी 2026 में उनके नाम वार्ड नंबर 4 की मतदाता सूची में शामिल कर लिए गए।

सरपंच पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित होने के बाद बहादुर सिंह नाम के व्यक्ति ने उनके नामों पर आपत्ति दर्ज कराई, जिसे 2 अक्टूबर को खारिज कर दिया गया। इसके अगले दिन 3 अक्टूबर को चुनाव कार्यक्रम घोषित हुआ। इसके बावजूद बहादुर सिंह ने 13 अक्टूबर को अपील की। याचिकाकर्ताओं को 17 अक्टूबर को नोटिस दिया गया और 18 अक्टूबर को अपील स्वीकार करते हुए उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। खंडपीठ ने अपील खारिज करते हुए कहा कि 3 अक्टूबर को चुनाव कार्यक्रम जारी होने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई थी। इसके बाद कलेक्टर को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या बदलाव करने का अधिकार नहीं था।

बेधड़क TOON



-शेखर

करधनी हत्याकांड के बाद विपक्ष ने सरकार को घेरा

रूल ऑफ लॉ की जगह जंगलराज जैसी स्थिति: जूली

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर के करधनी इलाके में हिस्ट्रीशीटर की सरेआम हत्या के बाद प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सियासत तेज हो गई है। लगातार सामने आ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर कांग्रेस और विपक्षी नेताओं ने भाजपा पर हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश में कानून का राज खत्म होने और जंगलराज कायम होने का आरोप लगाया। आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल ने भी आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताते हुए सरकार से अपराधियों में कानून का भय पैदा करने की मांग की। वहीं,



टीकाराम जूली, नेता प्रतिपक्ष

पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने जयपुर में 40 से अधिक गैंग सक्रिय होने का दावा कर पुलिस की कार्यशैली और जवाबदेही पर सवाल उठाए। नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि राजस्थान में कानून का राज रसातल में पहुंच गया है। 'रूल ऑफ लॉ' की जगह जंगलराज जैसी स्थिति बन गई है। आमजन भयभीत है और अपराधियों को कानून व पुलिस का कोई डर नहीं रह गया है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2026 के नौ महीनों में प्रदेश में हत्या के 1,006, दुष्कर्म के 4,146 और पॉक्सो एक्ट के 2,012 मामले दर्ज हुए। एनडीपीएस एक्ट के मामलों में भी पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 35 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। जूली ने अक्टूबर में पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना की हत्या का उल्लेख करते हुए सरकार से आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

जयपुर में 40 से ज्यादा गैंग सक्रिय: प्रताप सिंह



पूर्व कैबिनेट मंत्री खाचरियावास ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि जयपुर में 40 से अधिक गैंग सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि शहर में हत्या, लूट, चोरी, अपहरण और वसूली की घटनाएं लगातार हो रही हैं, लेकिन पुलिस इन पर प्रभावी अंकुश नहीं लगा पा रही। खाचरियावास ने आरोप लगाया कि जेलों से भी अपराध और वसूली का नेटवर्क संचालित हो रहा है।

आमजन को मिले सुरक्षा का भरोसा: बेनीवाल



सांसद बेनीवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। जयपुर में सरेराह हुई हत्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर सवाल खड़े करती हैं। अपराधियों में कानून का भय होना चाहिए और आमजन को सुरक्षा का भरोसा मिलना चाहिए।

पिता-पुत्र 19 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर

पिता की पैरोल बढ़ाने के लिए बेटे ने हाई कोर्ट की वेबसाइट पर डाला फर्जी आदेश

बेधड़क | जोधपुर/जयपुर

राजस्थान हाई कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर फर्जी जमानत आदेश अपलोड करने के मामले में गिरफ्तार पिता-पुत्र से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आईटी एक्सपर्ट बेटे मनप्रीत सिंह ने ही अपने पिता कलविंदर सिंह पनेसर की पैरोल बढ़ाने के लिए फर्जी आदेश तैयार कर वेबसाइट पर अपलोड किया था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि न्यायिक डेटाबेस तक अनधिकृत पहुंच कैसे बनाई गई। दोनों आरोपी 19 नवंबर तक पुलिस



रिमांड पर हैं। कुड़ी भगतासनी थानाधिकारी ईश्वर पारीक के अनुसार, आरोपियों से फर्जी आदेश तैयार करने और अपलोड करने में इस्तेमाल तकनीक के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, कलविंदर सिंह श्रीगंगानगर के राजियासर थाने में दर्ज एनडीपीएस मामले में 8 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार हुआ था। अंतरिम जमानत पर बाहर आने के बाद उसे 30 दिन की पैरोल मिली थी। उसकी जमानत अवधि 8 जून तक थी और 9 जून को जेल में सरेंडर करना था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। आरोप है कि बेटे ने पिता को राहत दिलाने के लिए फर्जी आदेश तैयार किया। हाई कोर्ट की वेबसाइट पर 12, 15 और 26 अक्टूबर को तीन फर्जी जमानत आदेश अपलोड किए गए थे। 3 नवंबर को कर्मचारियों को इसका पता चला।

जरूरी खबर

प्रदूषण कम करने के लिए एंटी स्मॉग मशीनों से छिड़काव



बेधड़क, जयपुर। दीपोत्सव के बाद शहर की हवा में बढ़े प्रदूषण को कम करने के लिए नगर निगम ने एंटी स्मॉग मशीनों से पानी का छिड़काव शुरू कर दिया है। इसके तहत शहर के अलग-अलग जोन में चार एंटी स्मॉग मशीनें संचालित की जा रही हैं। इन मशीनों के जरिए हवा में मौजूद धूल और प्रदूषक कणों को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर निगम की ओर से पहली मशीन मानसरोवर और मालवीय नगर क्षेत्र में लगाई गई है। दूसरी मशीन विद्याधर नगर और झोटवाड़ा क्षेत्र में संचालित हो रही है। इसी तरह तीसरी मशीन सिविल लाइंस और किशनपोल क्षेत्र में तथा चौथी मशीन हवामहल और आमेर जोन में लगाई गई है। निगम की इस पहल का उद्देश्य दीपावली के बाद बढ़े वायु प्रदूषण के प्रभाव को कम करना और शहरवासियों को राहत दिलाना है।

निजी छात्रावास में बीटेक छात्र ने फंदा लगाकर दी जान

बेधड़क, जयपुर। बगरू थाना इलाके के दहमीकलां स्थित एक निजी छात्रावास में गुरुवार को बी-टेक द्वितीय वर्ष के छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान कर्नाटक निवासी प्रथम झा के रूप में हुई है। वह मणिपाल यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहा था। थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह प्रथम का मोबाइल बंद आने पर परिजनों ने छात्रावास संचालक से संपर्क किया। इस पर संचालक उसके कमरे में पहुंचा, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक आवाज देने और खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो प्रथम पंखे से फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों के जयपुर पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

देवउठनी एकादशी से शुरू होगा शादियों का सीजन, बाजारों पर होगी धनवर्षा

शहनाइयों के साथ बाजारों में भी बजेगी खुशियों की धुन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में 21 नवंबर से अगले 26 दिन तक सिर्फ शहनाइयों की गूंज नहीं, बाजारों में करोड़ों की खनक भी सुनाई देगी। देवउठनी एकादशी से शुरू होने जा रहा विवाह सीजन प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार देने की तैयारी में है।

21 नवंबर से 16 दिसंबर तक पड़ने वाले 12 शुभ सावों में घर-आंगन सजेंगे, दूल्हे घोड़ी चढ़ेंगे और बाजारों में खरीदारी का उछाल आएगा। सोने-चांदी के गहनों से लेकर कपड़े, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स, होटल, मैरिज गार्डन, टेंट, कैटरिंग और डेकोरेशन तक हर कारोबार को इस सीजन से बड़ी उम्मीदें हैं। अनुमान है कि प्रदेश में 4 से 5 लाख शादियां होंगी



फोटो एआई।

और इन पर करीब 1.44 लाख करोड़ रुपए खर्च हो सकते हैं, यानी हर सावा अपने साथ हजारों करोड़ का कारोबार लेकर आएगा। होटल, रिसॉर्ट और मैरिज गार्डन से लेकर इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों तक के लिए यह सीजन कमाई का बड़ा अवसर लेकर आया है। देवउठनी एकादशी पर 12 हजार करोड़ के कारोबार की संभावना है। वहीं एक शादी पर औसतन 30 लाख रुपए खर्च मानें तो 40 हजार शादियों का बजट 12 हजार करोड़ रुपए बैठता है। प्रदेश में नवंबर-दिसंबर के दौरान 4 से 5 लाख शादियों की संभावना है। जयपुर के अलावा उदयपुर, कुंभलगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, पुष्कर और सवाई माधोपुर डेस्टिनेशन वेडिंग के प्रमुख केंद्र हैं। प्रदेश के 15 से 16 हजार मैरिज गार्डन और रिसॉर्ट में अग्रिम बुकिंग हो चुकी है।

ज्वेलरी में ही 36 हजार करोड़ की चमक

दीपावली के बाद अब विवाह सीजन में ज्वेलरी कारोबार में भी बड़ी धनवर्षा की उम्मीद है। एक सावे पर सोने की ज्वेलरी का 2 हजार करोड़, चांदी के आभूषणों का 700 करोड़ और हीरे, प्लेटिनम व अन्य ज्वेलरी का 300 करोड़ रुपए का कारोबार संभावित है। इस हिसाब से 12 सावों में ज्वेलरी कारोबार 36 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है।

होटल-रिसॉर्ट 80 फीसदी बुक

जयपुर के होटल और रिसॉर्ट में करीब 80 फीसदी बुकिंग हो चुकी है। नवंबर-दिसंबर में पर्यटन सीजन शुरू होने से भी मांग बढ़ रही है। शहर में करीब 10 हजार होटल कमरों की बुकिंग हो चुकी है।

ये रहेंगे विवाह के शुभ मुहूर्त

नवंबर में 21, 22, 24, 25, 26 और 30 तथा दिसंबर में 2, 3, 4, 5, 11 और 12 तारीख को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। इस तरह 26 दिनों में 12 सावे रहेंगे। इसके बाद 16 दिसंबर से धनु मलमास शुरू होने पर मांगलिक कार्यों पर करीब एक महीने का विराम लग जाएगा।

> राजस्थान में 21 नवंबर से विवाह सीजन शुरू हो रहा है। नवंबर और दिसंबर में प्रदेशभर में करीब 4 से 5 लाख शादियां होने की संभावना है। कारोबार का आकार लाखों करोड़ तक पहुंचने की क्षमता रखता है। इस बार भी राजस्थान डेस्टिनेशन वेडिंग का पसंदीदा केंद्र बन रहा है।
>
> **रवि जिंदल,** राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन।

> विवाह सीजन बाजार के लिए बड़ा आर्थिक अवसर है। ज्वेलरी, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, कैटरिंग और टेंट कारोबार सहित अनेक क्षेत्रों में मांग बढ़ेगी। इससे बड़े व्यापारियों के साथ छोटे दुकानदारों, कारीगरों और श्रमिकों को भी रोजगार मिलेगा। शादियों पर होने वाला खर्च स्थानीय बाजार में नकदी का प्रवाह बढ़ाएगा।
>
> **सुरेश अग्रवाल,** अध्यक्ष, फोर्टी।

> देवउठनी एकादशी से शुरू हो रहे विवाह सीजन को लेकर जयपुर के होटल और रिसॉर्ट में अच्छी बुकिंग है। कई होटल करीब 80 फीसदी तक बुक हो चुके हैं। नवंबर-दिसंबर में पर्यटन सीजन भी शुरू होने से कमरों की मांग बढ़ रही है। शहर में करीब 10 हजार कमरों की बुकिंग हो चुकी है।
>
> **नीलम शर्मा,** होटल संचालक।

करधनी थाना क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर मर्डर केस का पुलिस ने किया खुलासा

पिता के हत्यारे को कुल्हाड़ी से काटकर लिया मौत का बदला

बेधड़क | जयपुर

- बीटेक पास बेटे ने दोस्तों के साथ बनाई गैंग
- कत्ल के लिए 730 रुपए में खरीदीं तीन कुल्हाड़ियां
- कैंपर से पीछाकर हिस्ट्रीशीटर को उतारा मौत के घाट

करधनी थाना क्षेत्र में बुधवार रात को हुई हिस्ट्रीशीटर विजय बाजिया (25) की हत्या का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा करते हुए चार लोगों गिरफ्तार कर लिया। हत्या की साजिश मुख्य आरोपी अनीश गोल्या उर्फ जग्गू ने अपने पिता कैलाश की हत्या का बदला लेने के लिए रची थी। अनीश ने जयपुर के एक निजी कॉलेज से बीटेक किया है और पांच महीने पहले तक एक कॉर्पोरेट कंपनी में नौकरी करता था। उसने अपने रिश्तेदार और दो अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या को अंजाम दिया। पुलिन ने अनीश गोल्या उर्फ जग्गू (21), उसका ताऊ का बेटा कमलेश गोल्या उर्फ कमल उर्फ जोरू (23) व युवराज चौधरी (23) निवासी तिबारियां, जोबनेर और दिनेश चौधरी उर्फ दीनू (23) निवासी हिंगोनिया को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण ने बताया कि हत्या के पीछे सात साल पुरानी रंजिश थी। वर्ष 2019 में विजय और उसके साथियों ने अनीश के पिता कैलाश गोल्या की जोबनेर इलाके में हत्या कर दी थी। उस मामले में विजय जेल भी गया था। घटना के समय अनीश करीब 14 साल का था। पिता की हत्या के बाद से ही उसके मन में बदले की आग थी। इसी रंजिश के चलते चारों ने 7007 नाम से गैंग बनाई और विजय की हत्या की योजना तैयार की।



हत्या के बाद पहुंचे मंदिर

वारदात के बाद चारों आरोपी कैंपर लेकर बिंदायक और भांकरोटा की तरफ घूमते रहे। इस दौरान वे करधनी इलाके के एक मंदिर में भी पहुंचे। पुलिस ने हत्या के बाद अनीश के परिवार के लोगों से पूछताछ शुरू की और संदिग्धों की तलाश में टीमें लगा दीं। इसी बीच आरोपियों में से किसी एक ने मोबाइल फोन चालू कर लिया। पुलिस को मोबाइल नंबर मिलने के बाद उनकी लोकेशन ट्रेस की गई। लोकेशन के आधार पर पीछा किया तो आरोपी करधनी थाने से करीब 100 मीटर के दायरे में ही घूमते नजर आए। पुलिस की गाड़ियों ने कैंपर का पीछा किया तो दबाव में चारों रात करीब 1:30 बजे थाने के पास पहुंच गए।

खेत के रास्ते से गुजरने पर भी देता था धमकी

पुलिस जांच में पुरानी रंजिश की कई वजहें सामने आई हैं। विजय और अनीश के परिवार के खेत आसपास ही हैं। जब भी अनीश का परिवार विजय के खेत की तरफ से अपने खेत में जाता था, तब विजय, अनीश को उसके पिता की हत्या का जिक्र कर धमकाता था। वह कहता था कि तेरे पिता कैलाश को तो मार दिया, अब तुझे भी कभी मार दूंगा।

तीन माह पहले भी हुआ था विवाद

करीब तीन महीने पहले भी विजय और अनीश के परिवार के बीच विवाद हुआ था। इस संबंध में जोबनेर थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। बाद में दोनों पक्षों के बीच राजीनामा हो गया था। हालांकि, राजीनामे के दौरान भी विजय ने अनीश पक्ष पर कमेंट किए थे। उसने कहा था कि थाने में एफआईआर दर्ज करवाकर क्या बिगाड़ लिया।

रॉयल सिटी से किया पीछा

तीनों कुल्हाड़ियां तैयार करवाने के बाद चारों कैंपर में बैठकर शराब पीने लगे। इसके बाद उन्होंने रॉयल सिटी के पास से विजय की फॉर्च्यूनर का पीछा करना शुरू कर दिया। विजय उस समय अपने तीन दोस्तों के साथ गाड़ी में था। रास्ते में विवाद होने पर उसके तीनों दोस्त पहले ही उतर गए थे। इसके बाद चारों ने शेखावत मार्ग स्थित जगदम्बा नगर में मौका देखकर कैंपर से विजय की फॉर्च्यूनर को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही विजय गाड़ी छोड़कर भागने लगा। इस पर चारों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया और लाठी-डंडों व कुल्हाड़ियों से ताबड़तोड़ वार किए। सिर, चेहरे और शरीर पर गंभीर चोटें लगने से विजय की मौके पर ही मौत हो गई।

मंडी जाते समय मृतक से हुई कहासुनी, फिर बनाया हत्या का प्लान

हत्या से पहले अनीश और उसका ताऊ का बेटा कमलेश गोल्या कैंपर लेकर जयपुर मंडी में ग्वार बेचने आ रहे थे। रास्ते में स्टैंड पर उनकी मुलाकात विजय से हो गई। यहां विजय ने दोनों पर कमेंट किए और धमकाया। इस बात को लेकर अनीश और कमलेश ने खुद को अपमानित महसूस किया। दोनों ने तभी विजय को रास्ते से हटाने की ठान ली। मंडी में ग्वार बेचने के बाद अनीश ने अपने साथी युवराज चौधरी और दिनेश चौधरी को भी बुला लिया। इसके बाद चारों हत्या की तैयारी में जुट गए। उन्होंने एक लुहार से 730 रुपए में तीन कुल्हाड़ियां खरीदीं। इसके बाद 180 रुपए देकर कुल्हाड़ियों में लकड़ी के हत्थे लगवाए और उनकी धार तेज करवाई। चारों ने शराब के ठेके से छह बीयर भी खरीदीं।

बीएससी नर्सिंग पास है युवक

नौकरी छूटी तो 37 लाख की ज्वेलरी लूटी, दिल्ली से गिरफ्तार



बेधड़क | जयपुर

वैशाली नगर स्थित सीरियस ज्वेलर्स शोरूम में दिनदहाड़े 37 लाख रुपए के गहने लूटने वाले आरोपी दिग्विजय सिंह (32) को पुलिस ने गुरुवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी करधनी इलाके के देवी नगर का रहने वाला है। वह बीएससी नर्सिंग कर चुका है और पहले कॉर्पोरेट कंपनी में नौकरी करता था। करीब छह महीने पहले नौकरी छूटने के बाद वह कर्ज में डूब गया था। उस पर 30 लाख रुपए का एजुकेशन लोन, 15 लाख रुपए का पर्सनल लोन और दोस्तों का भी कर्ज था। पुलिस ने बताया कि 10 नवंबर को सुबह करीब 10:30 बजे आरोपी मास्क और पीली टोपी पहनकर काले बैग के साथ शोरूम में घुसा। उस समय महिला कर्मचारी अंजली कायथ और सिक्योरिटी गार्ड महावीर प्रसाद गुप्ता मौजूद थे। आरोपी ने बैग से चाकू निकालकर महिला को धमकाया और गार्ड को पकड़कर रोक दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर महिला कर्मचारी से सोने-हीरे के गहने बैग में भरवा लिए। आरोपी सात हार और 31 अंगूठियां लेकर फरार हो गया।

हुलिया बदलकर कार से पहुंचा दिल्ली

वारदात के बाद आरोपी घटनास्थल से कुछ आगे जाकर हुलिया बदलकर घर पहुंचा। इसके बाद लूट का माल लेकर कार से दिल्ली रवाना हो गया। पुलिस ने 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण से उसकी पहचान की। सूचना मिली कि आरोपी दिल्ली में गहने बेचने की फिराक में है। इस पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। पुलिस अब लूटी गई ज्वेलरी बरामद करने के प्रयास कर रही है।

महिला ने खुद को बताया पुत्रवधू, 4 अरेस्ट

फर्जी आधार कार्ड से 69.50 लाख में बेची दूसरे की जमीन



बेधड़क | जयपुर

दूसरे की जमीन को अपनी बताकर फर्जी दस्तावेजों के जरिए 69.50 लाख रुपए में बेचने वाले गिरोह का बनीपार्क थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह की एक महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फर्जी आधार कार्ड तैयार कर असली खातेदार के परिजनों के नाम और पहचान का इस्तेमाल किया। इसके बाद जमीन का मालिक बनकर परिवादी से सौदा किया और लाखों रुपए ऐंठ लिए। थाना प्रभारी सुरेश यादव ने बताया कि विद्याधर नगर निवासी माधोसिंह कविया ने एफआईआर दर्ज कराई थी। परिवादी के अनुसार फुलेरा स्थित 3.4394 हेक्टेयर खातेदारी जमीन का सौदा 81.69 लाख रुपए में तय किया गया था। इसके लिए आरोपियों ने अलग-अलग समय पर 69.50 लाख रुपए भी ले लिए, लेकिन परिवादी के नाम विक्रय पत्र का पंजीयन नहीं करवाया। परिवादी ने छानबीन की तो पता चला कि आरोपियों ने जमीन की असली खातेदार नर्बदाबाई के नाम से फर्जी आधार कार्ड तैयार करवाया था।

आरोपी रिंकू देवी ने खुद को नर्बदाबाई की पुत्रवधू और जमीन की खातेदार बताकर पहचान छिपाई। गिरोह के अन्य सदस्यों ने भी रामस्वरूप और रिंकू देवी के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर इस साजिश में साथ दिया। मामले की जांच के बाद पुलिस ने रिंकू देवी (30) निवासी सांभर, रामस्वरूप वर्मा (55) निवासी फुलेरा, पप्पूराम वर्मा (38) निवासी नरैना और अरविंद सिंह (35) निवासी फुलेरा को गिरफ्तार कर लिया।

'दिवाली खुशियों वाली' में अब 19 तक कर सकेंगे आवेदन

बेधड़क | जयपुर

जयपुर नगर निगम ने 'दीवाली खुशियों वाली' प्रतियोगिताओं में आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 19 नवंबर कर दी है।

पार्षदों, नागरिकों और व्यापारियों की मांग पर यह निर्णय लिया गया है। अब सभी सात श्रेणियों में दीपावली के दौरान की गई सजावट की मोबाइल गैलरी में सुरक्षित तस्वीरें भी अपलोड की जा सकेंगी। इसके लिए दोबारा सजावट या नई तस्वीरें लेने की जरूरत नहीं होगी।

14-15 को पश्चिमी हिस्सों में बारिश के आसार

पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदलेगा मौसम का मिजाज

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में नवंबर के मध्य से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। प्रदेश में 14 और 15 नवंबर को नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में बादल छाने के साथ हल्की बारिश और बूंदाबांदी होने की संभावना है। इसके बाद 16 नवंबर से प्रदेश के कुछ भागों में सर्दी बढ़ेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 16 नवंबर से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है। जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में 14 नवंबर को मेघगर्जन के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश होने के आसार हैं। 15 नवंबर को बीकानेर संभाग के उत्तरी भागों और शेखावाटी क्षेत्र में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। शेष प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। जयपुर में गुरुवार को अधिकतम 32.6 और न्यूनतम 17.1 डिग्री, तापमान दर्ज किया गया।

नाहरी का नाका स्थित स्वामी बस्ती में खौफनाक वारदात... CCTV में कैद हुआ मौत का मंजर

पहले थार से कुचला, बैक लेकर फिर चढ़ाई गाड़ी

बेधड़क | जयपुर

जयपुर में तेज रफ्तार थार का कहर एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। शास्त्रीनगर के नाहरी का नाका स्थित स्वामी बस्ती में गुरुवार दोपहर करीब एक बजे थार सवार ने पैदल जा रहे गणेश स्वामी (40) को पहले टक्कर मारी। इसके बाद गाड़ी को बैक किया और दोबारा उसके ऊपर चढ़ा दिया। गंभीर रूप से घायल गणेश को परिजन कांवटिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें थार से युवक को टक्कर मारने और फिर गाड़ी पीछे लेने का घटनाक्रम दिखाई दे रहा है। घटना के बाद मृतक के परिजन और



फोटो: पंकज शर्मा



स्थानीय लोग सड़क पर धरने पर बैठ गए। उनका आरोप है कि यह महज हादसा नहीं, बल्कि जानबूझकर गणेश को कुचला गया है। परिजनों ने आरोपी ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि जब तक कार्रवाई नहीं होगी, वे धरने से नहीं उठेंगे।

बहन के घर से पानी पीकर लौट रहा था

परिजनों के अनुसार गणेश और उसकी बहन का घर आसपास ही है। वह गुरुवार दोपहर बहन के घर पानी पीने गया था। वहां से वापस लौटते समय थार ने उसे टक्कर मार दी। गणेश की चीख सुनकर बहन ललिता और चचेरा भाई मौके पर पहुंचे। उसके चेहरे और शरीर पर गंभीर चोटें थीं। उसे तत्काल कांवटिया अस्पताल ले गए, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

18 बच्चों की मौत के बाद आई थीं खुशियां



परिजनों के अनुसार गणेश से पहले परिवार में 18 बच्चे जन्मे थे, लेकिन कोई जीवित नहीं रह पाया। गणेश के जन्म पर परिवार ने खुशियां मनाई थीं। वह परिवार का इकलौता बेटा था और मजदूरी कर घर चलाता था। उसके परिवार में पत्नी आशा (39), बेटा सन्नी (15) और बेटी मोनिका (12) हैं। गणेश की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

थार जब्त, दो युवक डिटेन

एडीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि थार को जब्त कर लिया गया है। मामले में बंधा बस्ती निवासी शाहरुख और अरशद को डिटेन किया गया है। पुलिस घटना के कारणों और आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। धरने को देखते हुए पांच थानों की पुलिस मौके पर तैनात रही। परिजन देर रात तक आरोपी की गिरफ्तारी और कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। पुलिस अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

जरूरी खबर

पुलिस से बचकर चुनावी सभा में पहुंचा नरेश मीणा



बारां। नाहरगढ़ वन विभाग कार्यालय में तोड़फोड़ और मारपीट के मामले में फरार नरेश मीणा का चुनावी सभा को संबोधित करने का वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि वह बुधवार रात बाइक से बड़ोदिया गांव पहुंचा और ग्रामीणों से हाथी चुनाव चिह्न पर वोट देने की अपील की। सभा के बाद वह वहां से चला गया। उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नरेश मीणा 1 नवंबर की घटना के बाद से फरार है। बारां जिले के आधा दर्जन से अधिक थानों की पुलिस एक सप्ताह से उसकी तलाश कर रही है। अब तक एक दर्जन से अधिक स्थानों पर दबिश दी जा चुकी है।

सीएचसी प्रभारी एक हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप



डूंगरपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को झोतरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के प्रभारी डॉ. अमित को एक हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप किया। आरोपी ने एमएलसी बनाने की एवज में रिश्वत मांगी थी। एसीबी ने कार्रवाई के दौरान उसे रिश्वत की राशि लेते पकड़ लिया। आरोपी सत्यापन के दौरान भी एक हजार रुपए पहले ही ले चुका था। एसीबी के एएसपी राजेन्द्र जैन ने कार्रवाई को अंजाम दिया। यह कार्रवाई एसपी पीयूष दीक्षित के सुपरविजन में की गई।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को राठौड़ ने दी शुभकामनाएं



जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से सांसद मदन राठौड़ ने शिष्टाचार भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और पौधा भेंटकर अभिनंदन किया। स्पीकर देवनानी से विधायक, विधानसभा के अधिकारी-कर्मचारी और आमजन ने भी मुलाकात कर पर्व की बधाई दी। देवनानी ने सभी का मुंह मीठा करवाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीपावली आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

नागौर पुलिस ने लूणकरणसर से दो आरोपी पकड़े, राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात सहित अन्य राज्यों में वारदात

असली सोना बताकर 7 लाख ठगे, वागरी गैंग का पर्दाफाश

बेधड़क | नागौर

नकली सोने को असली बताकर सात लाख रुपए की ठगी करने वाली अंतरराज्यीय वागरी गैंग का नागौर कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश किया है।

पुलिस ने रवि कुमार (29) निवासी बागरा और मूलाराम (43) निवासी भीनमाल, जिला जालोर को बीकानेर के लूणकरणसर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात सहित अन्य राज्यों में भी ऐसी ही वारदातें करना स्वीकार किया है। परिवादी पृथ्वीसिंह निवासी भाकरोद ने रिपोर्ट दी कि 23 सितंबर को गांधी चौक पर दो आरोपियों ने परिवार में डिलीवरी का बहाना बनाकर देशी गाय का घी खरीदने के लिए संपर्क किया। बाद में धर्म का भाई बनकर जमीन से सोना मिलने की कहानी सुनाई और असली सोने का नमूना दिखाकर सात लाख रुपए ठग लिए।

फूल-कांच बेचने की आड़ में ठगी: आरोपी फूल और कांच बेचने के बहाने शहरों में घूमकर लोगों का विश्वास जीतते थे। फिर सस्ते में सोना देने का लालच देकर ठगी करते थे। पुलिस को इनके मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात में भी सक्रिय रहने की जानकारी मिली है।



400 CCTV फुटेज खंगाले

पुलिस ने 400 से अधिक कैमरों की फुटेज और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर आरोपियों को पकड़ा। कार्रवाई एसपी आशाराम चौधरी के निर्देशन में सीओ जतिन जैन के सुपरविजन तथा कोतवाली थानाधिकारी नन्दलाल रिणवां के नेतृत्व में हुई।

दो कट्टों में मिले 20 पैकेट

स्विफ्ट कार से 21 लाख का गांजा जब्त, तस्कर गिरफ्तार



सीकर। सीआईडी क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम ने सीकर जिले के बलारा थाना क्षेत्र में स्विफ्ट कार से 41 किलो 510 ग्राम गांजा जब्त कर झुंझुनूं निवासी राकेश कुमार को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 21 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई 11 नवंबर देर रात की गई।

एडीजी क्राइम बिपिन कुमार पाण्डेय के निर्देशन में टीम को सूचना मिली कि स्विफ्ट कार में गांजा ले जाया जा रहा है। पुलिस ने कार रुकवाने का प्रयास किया तो चालक ने भागने की कोशिश की। मशक्कत के बाद उसे पकड़ लिया गया। कार की पिछली सीट के पास रखे कट्टे से 16 किलो 370 ग्राम और डिग्गी से 25 किलो 140 ग्राम गांजा मिला। कुल 20 पैकेट जब्त किए गए। प्रारंभिक पूछताछ में राकेश ने गांजा और कार विकास कुमार धींवा निवासी सेवापुरा, खिरोड़ की होना बताया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जांच दादिया थानाधिकारी संजय पूनिया कर रहे हैं। कार्रवाई में आईजी के.बी. वंदना, डीआईजी दीपक भार्गव के मार्गदर्शन और एसआई शैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम शामिल रही।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

ओवरस्पीड कार ने NHAI कर्मचारी सहित तीन लोगों को कुचला

■ इंवेट मैनेजर मनीषा के साथ आई साथी आसमा हादसे के बाद घटना स्थल से गायब

बेधड़क | गोविंदगढ़ (अलवर)

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात गुर्जर खोरा पुलिया के पास तेज रफ्तार हेक्टर कार ने महिला सहित तीन लोगों को कुचल दिया। हादसे में दिल्ली निवासी इवेंट मैनेजर मनीषा गुप्ता (26), अजमेर निवासी कैब चालक आजाद (30) और अलवर के शीतल गांव निवासी NHAI कर्मचारी जगमोहन (25) की मौत हो गई।





हादसे में क्षतिग्रस्त कार (ऊपर) और मृतक मनीषा एवं जगमोहन।

टायर पंक्चर होने पर मांगी थी मदद

पुलिस के अनुसार मनीषा अपनी साथी आसमा के साथ बुधवार रात करीब 11 बजे दिल्ली से जयपुर जा रही थी। रास्ते में कैब का टायर पंक्चर हो गया। चालक आजाद ने NHAI हेल्पलाइन पर मदद मांगी। कुछ देर बाद कर्मचारी जगमोहन साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। जगमोहन मनीषा से जानकारी ले रहे थे, तभी दिल्ली की ओर से आई तेज रफ्तार हेक्टर कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद पलटी कार, चालक फरार

कार ने पहले मनीषा और जगमोहन को कुचला, फिर टायर बदल रहे आजाद को टक्कर मार दी। कुछ दूरी पर कार पलट गई। उसका चालक मौके से फरार हो गया, जबकि मनीषा के साथ आई आसमा भी गायब हो गई। पुलिस ने तीनों शव बड़ौदामेव सीएचसी में रखवाए हैं। सब इंस्पेक्टर हरिमन के अनुसार सीसीटीवी फुटेज और कार में मिले दस्तावेजों के आधार पर आरोपी चालक की पहचान की जा रही है।

समुद्र में डूबने से बाड़मेर के दो युवकों की मौत



मृतक चुतराराम और दलाराम।

बाड़मेर। दिवाली पर ओडिशा घूमने गए बाड़मेर के दो युवकों की समुद्र में डूबने से मौत हो गई। बायतु भोपजी निवासी चुतराराम पुत्र देदाराम और मौखाब निवासी दलाराम समुद्र में स्नान के दौरान ज्वार-भाटे और तेज बहाव की चपेट में आ गए। हादसे के समय 11 युवक समुद्र में उतरे थे। चुतराराम को रेस्क्यू टीम ने निकालकर पुरी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। करीब दो घंटे बाद दलाराम का शव भी मिल गया। दोनों शव विमान से बाड़मेर लाए गए। चुतराराम हैदराबाद में लाइट फिटिंग का काम करता था।

पीजी हॉस्टल में रेजिडेंट की संदिग्ध हालात में मौत




निक्की चौधरी

जोधपुर। मथुरादास माथुर हॉस्पिटल की रेजिडेंट डॉक्टर निक्की चौधरी (26) गुरुवार शाम पीजी हॉस्टल के कमरे में मृत मिलीं। वह झुंझुनूं निवासी थीं और MDM हॉस्पिटल के एनेस्थीसिया विभाग में 2025 बैच की फर्स्ट ईयर छात्रा थीं। कमरा नंबर 312 से जवाब नहीं मिलने पर साथियों ने प्रबंधन को सूचना दी। अंदर जाकर देखा तो वह मृत मिलीं। उन्हें ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित ने बताया कि निक्की को उल्टी-दस्त की शिकायत थी और बुधवार को छुट्टी पर थीं।

दिवाली के दिन बेटी को दिया था जन्म

सिजेरियन डिलीवरी के बाद महिला की किडनी फेल, मौत



बेधड़क | कोटा

कोटा के जेके लोन हॉस्पिटल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद 36 वर्षीय महिला प्रीति की तबीयत बिगड़ गई। डॉक्टरों ने किडनी फेल होने की पुष्टि करते हुए उसे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ले जाने की सलाह दी है। महिला ने 8 नवंबर को दिवाली के दिन बेटी को जन्म दिया था। इसके बाद से हालत बिगड़ने पर गुरुवार शाम उसकी मौत गई।महिला के पति भंवरलाल ने बताया कि दिवाली के दिन पत्नी को डिलीवरी के लिए इंद्रगढ़ हॉस्पिटल लेकर गए थे। वहां से उसे कोटा के जेके लोन हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। यहां सिजेरियन ऑपरेशन के बाद उसने बेटी को जन्म दिया।महिला के पति के अनुसार, डिलीवरी के करीब दो घंटे बाद ही प्रीति को सांस लेने में परेशानी होने लगी। ऑपरेशन के बाद से उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। पहले डॉक्टरों ने पीलिया होने और हालत खराब होने की बात कही। इसके बाद लीवर खराब होने और किडनी पर असर पड़ने की जानकारी दी गई।

तीन-चार दिन से यूरिन बंद

भंवरलाल का आरोप है कि पिछले तीन-चार दिनों से पत्नी का यूरिन भी पूरी तरह बंद है। अब डॉक्टरों ने उसे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ले जाने के लिए कहा है।

अवार्ड के बाद अस्पताल पर सवाल

गौरतलब है कि राजस्थान सरकार ने 27 अक्टूबर को जेके लोन हॉस्पिटल को प्रसूताओं और नवजातों की मॉनिटरिंग के लिए 'बेस्ट मॉनिटरिंग एप्रिसिएशन अवॉर्ड' से सम्मानित किया था। वहीं, प्रसव के बाद महिलाओं की तबीयत बिगड़ने और मौतों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

मकराना: खेत में बने पानी के टैंक में डूबने से तीन बच्चियों की मौत

बेधड़क | मकराना

नाका बस्ती मंगलाना में गुरुवार को खेत में बने पानी के टैंक में डूबने से एक ही परिवार की तीन मासूम बच्चियों की मौत हो गई। चहक (6) पुत्री सतीश गुर्जर, महक (6) पुत्री देवेंद्र गुर्जर और मानवी (5) पुत्री दीपक गुर्जर बकरियां लेने खेत में गई थीं। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर दादी तलाश में निकलीं। खेत के टैंक में तीनों के शव मिले।

ग्रामीणों ने बच्चियों को मकराना उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। चहक और महक के पिता सगे भाई, जबकि मानवी के पिता उनके चचेरे भाई हैं। परबतसर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई।



खेत के पानी के टैंक में डूबी मासूम बच्चियों की फाइल फोटो।

17 से 19 नवंबर तक उदयपुर में चिंतन शिविर का आयोजन

वित्तीय योजनाओं की बेहतर कार्यप्रणाली पर अपने अनुभव साझा करेंगे पांच राज्य

बेधड़क | उदयपुर

केंद्रीय वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग की ओर से 17 से 19 नवंबर तक उदयपुर में तीन दिवसीय चिंतन शिविर आयोजित किया जाएगा। सचिव (व्यय) की अध्यक्षता में शिविर में विभिन्न राज्यों के प्रमुख वित्त सचिव,वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। राजस्थान, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के अधिकारियों के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम अब 17 के बजाय 18 नवंबर को होगा।

राजस्थान से दो अधिकारी नामित

व्यय विभाग ने राजस्थान सरकार के वित्त विभाग को पत्र भेजकर संवाद कार्यक्रम के लिए दो अधिकारियों को नामित करने को कहा है। राज्य सरकार ने विशिष्ट शासन सचिव, वित्त (बजट) और परियोजना निदेशक, आईएफएमएस को नामित किया है। वहीं, वाणिज्य कर विभाग, उदयपुर के उपायुक्त को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

■ **केंद्र प्रायोजित योजनाओं पर चर्चा:** चिंतन शिविर में एसएनए-स्पर्श के माध्यम से केंद्र प्रायोजित योजनाओं की राशि समय पर हस्तांतरित करने पर मंथन होगा। इसके साथ ही राज्यों को पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की जाएगी।

■ **राज्य साझा करेंगे अनुभव:** शिविर में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों और बेहतर कार्यप्रणालियों पर राज्य अपने अनुभव साझा करेंगे। संवाद कार्यक्रम की तारीख में बदलाव के अलावा पूर्व में तय अन्य व्यवस्थाएं यथावत रहेंगी।

अस्पताल में भर्ती सास से मिलने पहुंचा था मौलिक

साले ने जीजा पर चाकू से किए ताबड़तोड़ वार, मौत

■ रिसेप्शन पर मामूली कहासुनी के बाद किया हमला

बेधड़क | कोटा

शहर के दादाबाड़ी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह पारिवारिक विवाद में साले ने अपने जीजा की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार सुबह 10:30 बजे दादाबाड़ी स्थित ट्रस्ट अस्पताल के रिसेप्शन पर हुई।

तलवंडी निवासी सर्राफा व्यवसायी मौलिक जैन अपनी बीमार सास से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। वहां रिसेप्शन के पास उनकी अपने साले कपिल जैन से बातचीत के दौरान कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर कपिल ने चाकू से जीजा पर कई वार कर दिए। छाती पर लगा एक वार सीधे हार्ट तक पहुंच गया, जिससे उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने मौलिक को मृत घोषित कर दिया।



मृतक मौलिक जैन।

सर्राफा बाजार में फैली सनसनी

दादाबाड़ी थानाधिकारी बलदेव राम ने बताया कि पुलिस ने आरोपी कपिल को हिरासत में ले लिया है। एएसआई राकेश शर्मा के अनुसार हत्या का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। शुरुआती जानकारी में मामूली कहासुनी और पारिवारिक विवाद सामने आया है। मौलिक की पत्नी रुचिका का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की दो बेटियां हैं। शव मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। इस घटना से सर्राफा बाजार में सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मॉडिफाइड साइलेंसर से दहशत फैलाने वालों पर कार्रवाई

कोटा। प्रदेश में पुलिस ने कोटा में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज धमाकों जैसी आवाज से दहशत फैलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर चलाए अभियान में 235 दुपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर 235 मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए गए। एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जब्त साइलेंसर रोड रोलर से नष्ट कर दिए गए। ऐसे साइलेंसर से राहगीरों को परेशानी होती है और दुर्घटना की आशंका रहती है।



जब्त मॉडिफाइड साइलेंसर को डंपर से कुचल कर नष्ट करवाते पुलिसकर्मी।

अब इन्हें लगाने वाले मिस्त्रियों और बेचने वाले दुकानदारों पर भी कार्रवाई होगी। पुलिस ने ऐसे वाहनों की फोटो या वीडियो व्हाट्सएप नंबर 9530442777 पर भेजने की अपील की है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

श्रद्धांजलि...



देवनानी ने डॉ. जसवंत यादव को दी श्रद्धांजलि

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी गुरुवार को अलवर स्थित डॉ. जसवंत यादव के निवास पहुंचे और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि डॉ. यादव का निधन बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र और राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने डॉ. यादव के राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके विचार और समाजसेवा सदैव स्मरणीय रहेंगे। इस दौरान वन मंत्री संजय शर्मा सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

डाला छठ महापर्व: बाजारों में पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़

‘नहाय-खाय’ से आज शुरू होगा पर्व, 36 घंटे का निर्जला उपवास कल से

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर इस समय एक अलग ही आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रंग में रंगी नजर आ रही है। शहर में जब लोक आस्था के महापर्व डाला छठ की गूंज सुनाई देती है तो ऐसा लगता है मानों पूरा बिहार जयपुर में ही बस गया हो। शहर के प्रवासी परिवारों में इस पर्व को लेकर जिस तरह का उत्साह और समर्पण देखने को मिल रहा है वह वाकई अपने आप में एक अनोखी मिसाल पेश कर रहा है। शुक्रवार को ‘नहाय-खाय’ के साथ शुरू होने वाले इस अनुष्ठान में शनिवार को ‘खरना’ के बाद व्रतियों का कठिन 36 घंटे का निर्जल उपवास शुरू होगा, जो रविवार को डूबते सूर्य और सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होगा।

बिहार समाज संगठन की देखरेख में आयोजित होने वाले इस महापर्व को लेकर इस बार जयपुर प्रशासन और आयोजकों ने मिलकर बेहद खास इंतजाम किए हैं। शहर के ऐतिहासिक गलता तीर्थ से लेकर शास्त्री नगर, किशन बाग, सांगानेर, मालवीय नगर और प्रताप नगर जैसे प्रमुख इलाकों में गुरुवार को साफ-सफाई का दौर अंतिम चरण चला। खास बात यह है कि जिन इलाकों में पानी के प्राकृतिक स्रोत दूर हैं, वहां प्रशासन के सहयोग से विशेष कृत्रिम जलाशय तैयार किए जा रहे हैं ताकि व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी ना हो। बाजारों में बांस के सूप, दउरा, मिट्टी के दीये, ठेकुआ के सांचे और ताजे मौसमी फलों की खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है।



डाला छठ महापर्व को लेकर एनबीसी हरिपुरा दुर्गा विस्तार कॉलोनी के छठ मईया पूजा स्थल पर घाट की साफ-सफाई करते हुए। **फोटो: पंकज शर्मा**



जयपुर के बाजारों में छठ पूजा की तैयारी के लिए सूप और अन्य सामग्री की खरीदारी करते हुए पूर्वांचल समाज के लोग। **फोटो: राजेश कुमावत**

छठ मैया के दरबार में सब एक समान

समाज के राष्ट्रीय महामंत्री चंदन कुमार मंडल बताते हैं कि यह देश का शायद इकलौता ऐसा पर्व है, जिसमें किसी तरह का कोई सामाजिक भेदभाव नहीं होता। यहां शादीशुदा, विधवा, कुंवारी और गर्भवती महिलाएं सभी एक ही नियम और निष्ठा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर छठ मैया की आराधना करती हैं। मैया के दरबार में हर कोई एक समान है जो समाज में आपसी प्रेम भाईचारे और समानता का सबसे बड़ा संदेश देता है।

प्रकृति, मिट्टी व अटूट साधना का अनूठा पर्व

छठ पूजा केवल एक व्रत नहीं, बल्कि प्रकृति और इंसान के बीच के प्राचीन रिश्ते का जीवंत दस्तावेज है। बिहार समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन शर्मा और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुरेश पंडित का कहना है कि यह इकलौता ऐसा त्योहार है जिसके केंद्र में आधुनिकता नहीं पूरी तरह से मिट्टी, कृषि और पर्यावरण से जुड़े तत्व हैं। प्रसाद पकाने के लिए विशेष रूप से मिट्टी के चूल्हों और बर्तनों का इस्तेमाल होता है और बांस से बने सूप में कंद-मूल रखकर सूर्य भगवान को समर्पित किए जाते हैं।

जयपुर के मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव की धूम

मंदिरों में सजेगा भक्ति का दरबार... लगेगा मूंग, बाजरा व कढ़ी का भोग

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर में नवंबर महीने में अन्नकूट महोत्सव की रौनक देखने को मिलेगी। शहर के विभिन्न मंदिरों में भगवान का विशेष श्रृंगार, फूल बंगला झांकी, नई फसल का भोग और सामूहिक प्रसादी के आयोजन होंगे। भगवान को मूंग, मोठ, बाजरा, कढ़ी, चावल, पकौड़ी, पूड़ी, गट्ठ की सब्जी आदि का भोग अर्पित किया जाएगा। दक्षिणमुखी बालाजी हाथोज धाम, दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा गणेश मंदिर, एमआई रोड स्थित शनि धाम और बापू नगर के सिद्ध पीठ शनि धाम नवग्रह मंदिर में आयोजन होंगे।

शनि धाम एमआई रोड पर महंत मगन लाल गौड़ के सान्निध्य में शनिवार को अन्नकूट महोत्सव एवं प्रसादी का आयोजन होगा। मंदिर में भगवान शनि देव का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद शाम 7 बजे से श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। वहीं, जनता स्टोर बापू नगर स्थित सिद्ध पीठ शनि धाम नवग्रह मंदिर में 21 नवंबर को विशाल अन्नकूट महोत्सव में भगवान शनि देव का महातैलाभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी और श्रृंगार किया जाएगा। शाम को अन्नकूट पंगत प्रसादी होगी।

दक्षिणमुखी बालाजी महाराज हाथोज धाम में रविवार को श्री बालाजी जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। हाथोज धाम पीठाधीश्वर बालमुकुंदाचार्य महाराज ने बताया कि बालाजी की फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी। मूंग, बाजरा, चोला, कढ़ी, पूड़ी, खीर और गट्टे की सब्जी का भोग लगेगा। दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक संगीतमय सुंदरकांड होगा। शाम 6 बजे से पंगत प्रसादी होगी।



बंगाली बाबा गणेश मंदिर में 150 कारीगर बनाएंगे प्रसादी

दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा गणेश मंदिर में रविवार को लक्खी अन्नकूट महोत्सव होगा। यहां 150 कारीगर एक दर्जन से अधिक भट्ठियों पर प्रसादी तैयार करेंगे। 500 कार्यकर्ताओं की टीम व्यवस्था संभालेगी। प्रसादी में 100 किलो चावल, 600 किलो मूंग, 600 किलो चोले, 600 किलो आटा और 500 किलो चीनी सहित अन्य सामग्री काम में ली जाएगी। 40 टंकियों में सब्जी और 40 टंकियों में कढ़ी तैयार होगी। प्रथम पूज्य गणेशजी को विशेष पोशाक धारण कराकर भोग लगाया जाएगा। मंदिर परिसर स्थित स्वयं आत्माराम महादेव को भी प्रसादी अर्पित होगी। जयपुर की विभिन्न कॉलोनियों के साथ दिल्ली और आगरा रोड से भी श्रद्धालु पहुंचेंगे।


आज का पंचांग

- शुभ वि. सं. : 2083
- हिजरी सन: 1448
- ऋतु: हेमंत ऋतु
- संवत्सर का नाम: रौद्र
- मास: कार्तिक
- पक्ष: शुक्ल पक्ष
- शाके संवत: 1948
- अयन: सूर्य दक्षिणायन

आज का दिन

शुक्रवार, 13 नवंबर, 2026

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति



श्रेष्ठ चौघड़िया: आज चर का चौघड़िया सुबह 6.49 से 8.09 बजे तक है। इसके बाद में लाभ-अमृत का चौघड़िया का सुबह 8.09 से 10.50 बजे तक, फिर शुभ का दोपहर 12.11 से 1.31 बजे तक, चर का 4.13 से 5.33 बजे तक है। इनमें शुभ कार्य कर सकते हैं।

अभिजीत: आज 11.43 से 12.26 बजे तक है।

तिथि: आज चतुर्थी तिथि रात 8.43 बजे तक रहेगी। इसके बाद में पंचमी तिथि रहेगी।

दिशाशूल: पश्चिम दिशा में रहेगा।

चंद्रमा: आज चंद्रमा धनु राशि में रहेगा।

राहु काल: आज सुबह 10.30 से 12.00 बजे तक रहेगा।

नक्षत्र: मूल नक्षत्र शाम 5.17 बजे तक, फिर पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र रहेगा।

योग: धृति योग अगले दिन सुबह 5.23 बजे तक, फिर गंड योग रहेगा।

शुभाशुभ ज्ञान

विनायक चतुर्थी, दुर्वा गणपति व्रत, तीन दिन का डाला छठ महापर्व प्रारंभ बिहार समाज, गंडमूल शाम 5.17 बजे तक, रवि योग शाम 5.17 बजे तक।

-पं. अवधेश शर्मा

शहर में आज

- अमरापुर स्थान एमआई रोड से कार्तिक माह में प्रभात फेरी सुबह 6 बजे।
- माचेड़ा स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में अन्नकूट महोत्सव दोपहर 2 बजे।
- राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के मेन ऑडिटोरियम में नेयथे-बुनाई की लय पर नृत्य शाम 6.30 बजे।

सिल्वर जुबली एलुमनाई मीट आज

जयपुर। माहेश्वरी पब्लिक स्कूल जयपुर के 2001 बैच के विद्यार्थियों की सिल्वर जुबली एलुमनाई मीट शुक्रवार को आयोजित होगी। स्कूल से विदा होने के 25 साल बाद पूर्व विद्यार्थी फिर एक साथ जुटेंगे और पुरानी यादें साझा करेंगे। संयोजक आशीष सोमानी ने बताया कि सुबह 9.30 बजे स्कूल परिसर में कार्यक्रम शुरू होगा। इसमें ग्रैंड एंट्री, मॉर्निंग असेंबली, ग्रुप फोटो, क्लास रूम गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। शाम को क्लार्क्स आमेर में शिक्षकों का सम्मान, परिचय और गाला डिनर होगा।

जनकपुरी जैन मंदिर में हुआ समारोह, सेवाभावी परिवारों का किया सम्मान

आदित्य सागर को दी ‘करुणामूर्ति’ की उपाधि, श्रद्धालुओं को बांटे कलश

चातुर्मास समापन के अवसर पर उमड़े हजारों श्रद्धालु

बेधड़क | जयपुर

जनकपुरी स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य आदित्य सागर महाराज ससंघ के चातुर्मास समापन पर धार्मिक समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर जयपुर के जैन समाज ने आचार्य को ‘करुणामूर्ति’ की उपाधि से सम्मानित किया। समारोह में जयपुर, आगरा और फिरोजाबाद सहित विभिन्न स्थानों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडल के भजनों से हुई। इसके बाद गुरु पूजन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान हुए। दीप प्रज्वलन, आचार्य के चरण प्रक्षालन और प्रथम चातुर्मास कलश प्राप्त करने का सौभाग्य विकास काला परिवार को मिला। चातुर्मास के दौरान साधु-संतों की सेवा, आहार व्यवस्था और अन्य कार्यों में सहयोग करने वाले परिवारों एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान कर उन्हें शास्त्र भेंट किए गए। मुख्य संयोजक पदम जैन बिलाला ने कार्यक्रम का संचालन किया और चातुर्मास की गतिविधियों की जानकारी दी।

समारोह में आचार्य आदित्य सागर महाराज की पुरानी पिच्छिका अशोक चांदवड़ और मुनि आनंद सागर महाराज की पिच्छिका मंदिर के मंत्री देवेंद्र कासलीवाल ने ग्रहण की। इस दौरान ममता, शांति कुमार सोगानी, दीपांशु जैन, कमल, मनीष छाबड़ा, रमेश राज चौधरी, अशोक, शकुंतला चांदवाड़, सुभाष, राजेश गर्ग, कैलाश, माणक और रमेश ठोलिया सहित कई परिवारों को चातुर्मास कलश प्रदान किए गए। मंदिर में ध्वजारोहण करने वाले चेतन जैन ने दीदियों को वस्त्र भेंट किए। विद्वान जिनेश जैन का भी सम्मान हुआ।



पिच्छिका त्याग, संयम और अहिंसा का प्रतीक

आचार्य आदित्य सागर महाराज ने प्रवचन में कहा कि संत की पिच्छिका त्याग, संयम और अहिंसा का प्रतीक है। यह मनुष्य को अहंकार छोड़कर विनम्रता अपनाने की प्रेरणा देती है। प्रत्येक व्यक्ति को मन, वचन और कर्म से अहिंसा का पालन करना चाहिए। समारोह में अशोक चांदवड़ को सर्वसम्मति से संघपति बनाए जाने पर उनका विशेष सम्मान किया गया। इस दौरान राकेश जैन की परिकल्पना पर तैयार आचार्य के जीवन पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई।

सीताराम महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु, 16.51 लाख आहुतियां अर्पित



बेधड़क | जयपुर

त्रिवेणी धाम में ब्रह्मलीन संत पद्मश्री नारायणदास महाराज के आशीर्वाद और खोजी द्वाराचार्य रामरिछपालदास महाराज के सान्निध्य में चल रहे नौ दिवसीय 108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ में गुरुवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। दूसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अरणी मंथन से यज्ञाग्नि प्रज्वलित की गई। यज्ञाचार्य गणेशदास महाराज के निर्देशन में यजमानों ने 16 लाख 51 हजार आहुतियां अर्पित कर लोक कल्याण की कामना की। श्रद्धालुओं ने यज्ञ भगवान की परिक्रमा कर संत-महात्माओं का आशीर्वाद लिया। महायज्ञ में देशभर से आए संत-महात्माओं ने शिरकत की। इस दौरान संतों ने रामरिछपालदास महाराज को भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। शाम को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी त्रिवेणी धाम पहुंचे और ठाकुरजी तथा यज्ञ भगवान के दर्शन कर महाराज से आशीर्वाद लिया। उनके साथ पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, डॉ. फूलचंद भिंडा सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा एवं आयुर्वेद विभाग की ओर से निशुल्क शिविर लगाए गए, जिनमें 700 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। पुलिस ने यातायात और सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

हरिनाम संकीर्तन प्रभात फेरी निकाली

बेधड़क | जयपुर

एमआई रोड स्थित अमरापुर स्थान में पवित्र कार्तिक माह में गुरुवार को हरिनाम संकीर्तन प्रभात फेरी का आयोजन हुआ। गुलाबी नगरी के कोने-कोने से हजारों श्रद्धालुओं ने हरिनाम संकीर्तन प्रभात फेरी में भाग लेकर जीवन को सार्थक बनाया। इस अवसर पर जय टेऊंरामा दर्श दिखाना, प्यारा दर्शन दिया स्वामी टेऊंराम ने, हरि बोल, हरि बोल के मधुर उच्चारणों से अमरापुर स्थान गुंजायमान हो उठा। कार्तिक माह में सतनाम साखी महामंत्र के 108 बार जाप, नित्य नियम प्रार्थना, कार्तिक की कथा, संत महात्माओं के भजन सत्संग के साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रमों किए जा रहे हैं।



चौबे की जयंती पर होंगे सेवा कार्य

बेधड़क | जयपुर

खोले के हनुमान मंदिर के संस्थापक ब्रह्मलीन पंडित राधेलाल चौबे की 98वीं जयंती पर शनिवार को नरवर आश्रम सेवा समिति की ओर से विभिन्न सेवा और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिर परिसर में विशाल रक्तदान शिविर, निशुल्क चिकित्सा शिविर और नेत्रदान संकल्प कार्यक्रम होगा। समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि सुबह मंदिर परिसर में चौबे महाराज की प्रतिमा का गंगाजल और पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक रक्तदान एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर होगा। इस दौरान नेत्रदान संकल्प भी कराया जाएगा। चौबे की स्मृति में मंदिर परिसर में सघन पौधारोपण किया जाएगा। गौ सेवा और कुष्ठ आश्रम में जरूरतमंदों को प्रसादी करवाई जाएगी। सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 4 बजे से सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन होगा।

दीपावली स्नेह मिलन व अन्नकूट महोत्सव कल

अखिल विश्व गायत्री परिवार जयपुर जिले की ओर से 14 नवंबर को मानसरोवर स्थित गायत्री वेदना निवारण केंद्र में दीपावली स्नेह मिलन समारोह प्रज्ञा गीतमाला एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व सुबह 10 बजे से महत्वपूर्ण संगठनात्मक गोष्ठी भी आयोजित होगी। इसमें जयपुर जिले के समस्त गायत्री चेतना केंद्रों, शक्तपीठों, प्रज्ञा मंडलों एवं युवा मंडलों के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

ताड़केश्वर मंदिर में अन्नकूट महोत्सव, 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

बेधड़क | जयपुर

चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर में गोवर्धन पूजा के अवसर पर अन्नकूट महोत्सव और छप्पन भोग का आयोजन हुआ। इस दौरान जयपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और प्रसादी ग्रहण की।

भगवान जगन्नाथ की फल, फूल और हरी सब्जियों से सजाई गई भव्य झांकी आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन महंत परिवार के चंद्रेश व्यास, प्रशांत व्यास, विशाल व्यास, गौरव व्यास और सौरभ व्यास के सान्निध्य में हुआ। इस अवसर पर उपमहापौर सरोज कंवर, रणजीत सिंह सोडाला, प्रो. बीडी रावत, डॉ. गोविंद रावत और पूर्व पार्षद अमर सिंह गुर्जर ने भी दर्शन किए। उपमहापौर सरोज कंवर ने मंदिर के जगमोहन क्षेत्र में बनी प्राचीन हेरिटेज पेंटिंग्स के संरक्षण और जीर्णोद्धार का आश्वासन दिया।

वहीं, एसपीजी इंडिया के अध्यक्ष प्रो. बीडी रावत और सचिव डॉ. गोविंद रावत ने ‘धर्म संस्कार अभियान’ के पोस्टर का विमोचन किया। अभियान के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और नैतिक संस्कारों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।



प्रारब्ध फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की पहल पर कार्यक्रम कल

बाल दिवस पर प्रतिभाओं को करेंगे सम्मानित

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में इस बार बाल दिवस का जश्न कुछ अलग अंदाज में नजर आएगा। किताबों के पन्नों से बाहर निकलकर इस बार उन नन्हें सितारों को खास तवज्जो दी जा रही है, जिन्होंने अपनी उम्र से बहुत आगे बढ़कर देश और दुनिया में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। प्रारब्ध फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की पहल पर आयोजित हो रहा यह अनूठा कार्यक्रम उन बच्चों के लिए एक बड़ा मंच बनने जा रहा है जिन्होंने अपनी मेहनत कला या समाज सेवा के दम पर एक अलग पहचान बनाई है।

इस विशेष आयोजन को ‘अभिनन्दन’ नाम दिया गया है जो 14 नवंबर, 2026 को झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होगा। सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक चलने वाले इस राज्य-स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियां चल रही हैं। समारोह में खेल, कला, विज्ञान और समाज हित के कामों में बेहतरीन योगदान देने वाले 18 साल तक के बच्चों को खोज-खोजकर सम्मानित किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद शर्मा ‘सचिन’ का कहना है कि इस समारोह का मुख्य मकसद सिर्फ मेडल या प्रशस्ति पत्र देना नहीं है। बच्चों के भीतर छिपी उस चिंगारी को पहचान देना है जो कल के भारत को नई दिशा दे सकती है। जब एक बच्चा अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का तिरंगा ऊंचा करता है या समाज में बदलाव की कोई छोटी सी कहानी लिखता है तो उसकी पीठ थपथपाना हमारा कर्तव्य बन जाता है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी और जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इनके अलावा शिक्षा, कला और समाज सेवा से जुड़े कई अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।



होनहार बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास

ट्रस्ट के संरक्षक शंकरलाल शर्मा पाटन ने बताया कि अक्सर गांवों और छोटे कस्बों की कई बेहतरीन प्रतिभाएं संसाधनों की कमी या सही मंच न मिलने के कारण छिप जाती हैं। इस समारोह का उद्देश्य ऐसे ही दूर-दराज के इलाकों के होनहार बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना है। महासचिव अशोक जांगिड़ ने जानकारी दी कि चयनित सभी बाल प्रतिभाओं को सम्मान के साथ 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि भी भेंट की जाएगी। ताकि वे भविष्य में और ज्यादा उत्साह के साथ अपने लक्ष्यों की तरफ बढ़ सकें।

प्रदूषण का बढ़ता दुष्चक्र मानव सभ्यता के अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती

जहरीली होती हवा, तपती धरती और संकट में मानव जीवन



ललित गर्ग
स्वतंत्र टिप्पणीकार



आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की उस कठोर सच्चाई का सामना कर रही है, जिसे कभी भविष्य की आशंका समझा जाता था। अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सूखा, बाढ़, चक्रवात, जंगलों की आग, समुद्र के बढ़ते जलस्तर और असामान्य गर्मी अब असाधारण घटनाएं नहीं रह गई हैं। प्रकृति का संतुलन जिस तेजी से बिगड़ रहा है, उसने मानव सभ्यता के सामने अस्तित्व का गंभीर प्रश्न खड़ा कर दिया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की 9 नवंबर 2026 को जारी स्टेट ऑफ द क्लाइमेट अपडेट 2026 रिपोर्ट इस संकट की भयावहता को वैज्ञानिक आंकड़ों के साथ सामने रखती है। रिपोर्ट के अनुसार, 2026 पिछले चार सबसे गर्म वर्षों में शामिल होने की राह पर है और जनवरी से सितंबर तक वैश्विक औसत तापमान 1850-1900 के पूर्व-औद्योगिक औसत से लगभग 1.47 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। 2015 से 2026 तक के सभी 12 वर्ष रिकॉर्ड के सबसे गर्म वर्षों में शामिल रहे हैं। यह आंकड़ा केवल तापमान में वृद्धि का संकेत नहीं है, बल्कि मानव जीवन के बढ़ते संकट की ओर भी इशारा करता है। समुद्रों में जमा हो रही अतिरिक्त गर्मी, पिघलते ग्लेशियर, बढ़ता समुद्र-स्तर, बढ़ता प्रदूषण और बदलता वर्षा चक्र आने वाले वर्षों की गंभीर चुनौतियों का संकेत दे रहे हैं। डब्ल्यूएमओ के अनुसार, महासागर लगातार दसवें वर्ष रिकॉर्ड गर्मी की ओर बढ़ रहे हैं और 2026 में वैश्विक समुद्र-स्तर भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है।

> *आज आवश्यकता नए संकल्पों की संख्या बढ़ाने की नहीं, बल्कि पुराने संकल्पों को धरातल पर उतारने की है। विकसित देशों को अपने वित्तीय दायित्वों को गंभीरता से लेना होगा। विकासशील देशों को तकनीक और संसाधन उपलब्ध कराने होंगे। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाकर सौर, पवन, जल और अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का तेजी से विस्तार करना होगा। शहरों की नियोजन व्यवस्था, सार्वजनिक परिवहन, भवन निर्माण, कृषि और उद्योग हर क्षेत्र को जलवायु के अनुकूल बनाना होगा।*

> *जलवायु संकट की इस घड़ी में निष्क्रियता भी एक प्रकार का निर्णय है और उसकी कीमत आने वाली पीढ़ियों को चुकानी पड़ेगी। धरती हमें चेतावनी दे रही है। तापमान बढ़ रहा है, समुद्र गर्म हो रहे हैं, बर्फ पिघल रही है और शहरों की हवा जहरीली हो रही है। अब भी समय है कि मानवता अपनी विकास-दृष्टि पर पुनर्विचार करे। प्रकृति के साथ संघर्ष नहीं, बल्कि सह-अस्तित्व ही भविष्य का रास्ता है। यदि हम आज नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियां यह सवाल जरूर पूछेंगी- जब खतरा स्पष्ट दिखाई दे रहा था, तब दुनिया ने कार्रवाई करने में इतनी देर क्यों की?*

इस वर्ष की स्थिति इसलिए भी अधिक चिंताजनक है, क्योंकि मजबूत अलनीनो विकसित हो रहा है। डब्ल्यूएमओ के अनुसार, अगस्त से अलनीनो तेजी से मजबूत हुआ है और नवंबर 2026 से जनवरी 2027 के बीच इसकी तीव्रता असाधारण स्तर तक पहुंच सकती है। इसके कारण 2027 में अत्यधिक गर्मी, सूखा और भारी वर्षा जैसी चरम मौसमी घटनाओं का जोखिम बढ़ सकता है। अर्थात् खतरा केवल आज का नहीं है। आने वाला वर्ष भी मानवता को प्रकृति के कठोर रूप का सामना करने के लिए विवश कर सकता है। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरण मंत्रालयों या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का विषय मानना अब गंभीर भूल होगी। यह स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, खाद्य सुरक्षा, रोजगार, जलस्रोत, आवास और सामाजिक स्थिरता से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। जलवायु संकट की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इसका सबसे बड़ा बोझ उन देशों और समुदायों पर पड़ रहा है, जिनका ऐतिहासिक कार्बन उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम रहा है। विकासशील और गरीब देशों के सामने एक साथ दो चुनौतियां हैं- विकास की आवश्यकताओं को पूरा करना और जलवायु संकट से स्वयं को बचाना।

दशकों तक विकसित देशों ने औद्योगिक विकास के नाम पर बड़े पैमाने पर जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल किया। आज जब विकासशील देश आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहे हैं, तब उनसे उत्सर्जन कम करने की अपेक्षा की जाती है। इसलिए जलवायु न्याय का प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि वैश्विक समुदाय वास्तव में समाधान चाहता है, तो विकासशील देशों को स्वच्छ ऊर्जा, हरित प्रौद्योगिकी, अनुकूलन और आपदा-रोधी ढाँचे के लिए पर्याप्त वित्तीय एवं तकनीकी सहायता देनी होगी। इसी संदर्भ में तुर्किये के अंताल्या में चल रहा सीओपी-31 महत्वपूर्ण है। यह सम्मेलन 9 से 20 नवंबर 2026 तक आयोजित हो रहा है और इसका घोषित उद्देश्य जलवायु समाधानों के क्रियान्वयन तथा वैश्विक ऊर्जा संक्रमण को गति देना है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या इस बार दुनिया घोषणाओं से आगे बढ़कर वास्तविक कार्रवाई करेगी? पिछले अनेक जलवायु सम्मेलनों में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए गए, लेकिन उनके वास्तविक क्रियान्वयन की गति अपेक्षाकृत धीमी रही। आज आवश्यकता नए संकल्पों की संख्या बढ़ाने की नहीं, बल्कि पुराने संकल्पों को धरातल पर उतारने की है। विकसित देशों को अपने वित्तीय दायित्वों को गंभीरता से लेना होगा। विकासशील देशों को तकनीक और संसाधन उपलब्ध कराने होंगे। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाकर सौर, पवन, जल और अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का तेजी से विस्तार करना होगा। शहरों की नियोजन व्यवस्था, सार्वजनिक परिवहन, भवन निर्माण, कृषि और उद्योग हर क्षेत्र को जलवायु के अनुकूल बनाना होगा। क्योंकि अब सवाल यह नहीं है कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है या नहीं, बल्कि यह है कि हम इसके सामने कितनी जल्दी और कितनी ईमानदारी से खड़े होते हैं। भारत के संदर्भ में स्थिति और भी गंभीर है। देश एक ओर बढ़ती गर्मी, अनियमित मानसून, बाढ़ और सूखे का सामना कर रहा है, तो दूसरी ओर महानगरों में वायु प्रदूषण ने स्वास्थ्य संकट को गहरा कर दिया है। दिल्ली-एनसीआर में दीपावली के आसपास प्रदूषण का जो भयावह स्तर देखने को मिला, उसने स्पष्ट कर दिया कि वायु केवल जीवन का आधार ही नहीं, बल्कि अब स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा संकट भी बन सकती है। लोगों को आंखों में जलन, गले में खराश, सांस लेने में कठिनाई, खांसी और अन्य श्वसन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अस्पतालों और चिकित्सकों पर दबाव बढ़ता है। इस स्थिति को केवल मौसमी परेशानी नहीं माना जा सकता। वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन एक-दूसरे से अलग संकट नहीं हैं। जीवाश्म ईंधन का अत्यधिक उपयोग इन दोनों समस्याओं को बढ़ाता है। इसलिए दिल्ली की जहरीली हवा और दुनिया के बढ़ते तापमान के बीच गहरा संबंध है। कोविड-19 के दौरान भारत ने अभूतपूर्व स्वास्थ्य आपातस्थिति का सामना किया था। उस समय प्रशासन, स्वास्थ्य तंत्र, नागरिक समाज और आम जनता ने मिलकर संकट का सामना किया। आज वायु प्रदूषण को लेकर भी वैसी ही गंभीरता की आवश्यकता है। इसका अर्थ केवल औपचारिक रूप से आपातकाल घोषित करना नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य-केंद्रित आपातकालीन कार्ययोजना तैयार करना है। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर अत्यधिक बढ़ने पर स्कूलों, निर्माण गतिविधियों, यातायात, औद्योगिक उत्सर्जन, पराली और कचरा जलाने जैसी गतिविधियों को लेकर तत्काल और समन्वित कार्रवाई होनी चाहिए। अस्पतालों को तैयार रखना, संवेदनशील नागरिकों के लिए स्वास्थ्य संबंधी परामर्श उपलब्ध कराना, सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना और प्रदूषण के स्रोतों पर वास्तविक नियंत्रण स्थापित करना आवश्यक है। भारत सरकार को राज्यों के साथ मिलकर ऐसी स्थायी व्यवस्था बनानी होगी, जिसमें प्रदूषण को केवल सर्दियों की समस्या न समझा जाए। वर्षभर वायु गुणवत्ता की निगरानी, उत्सर्जन नियंत्रण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों का वैज्ञानिक आकलन होना चाहिए। भारत के पास दुनिया को केवल तकनीकी समाधान देने की ही नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि देने की भी क्षमता है। भारतीय संस्कृति ने सदियों पहले प्रकृति को उपभोग की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन का सहचर माना है। जैन दर्शन का अहिंसा और अपरिग्रह का संदेश आज जलवायु संकट के दौर में अत्यंत प्रासंगिक हो सकता है। आवश्यकता से अधिक उपभोग, अंधाधुंध संसाधन-दोहन और प्रकृति पर प्रभुत्व स्थापित करने की मानसिकता को बदलना होगा। हमें विकास और पर्यावरण को परस्पर विरोधी मानने की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। ऐसा विकास चाहिए, जो रोजगार दे, अर्थव्यवस्था को गति दे, लेकिन हवा, पानी, मिट्टी और जंगलों को नष्ट न करे। यही वास्तविक सतत विकास है। आज सीओपी-31 से दुनिया को एक और घोषणापत्र की नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति, आर्थिक प्रतिबद्धता और समयबद्ध कार्रवाई की आवश्यकता है। जलवायु संकट की इस घड़ी में निष्क्रियता भी एक प्रकार का निर्णय है और उसकी कीमत आने वाली पीढ़ियों को चुकानी पड़ेगी। धरती हमें चेतावनी दे रही है। तापमान बढ़ रहा है, समुद्र गर्म हो रहे हैं, बर्फ पिघल रही है और शहरों की हवा जहरीली हो रही है। अब भी समय है कि मानवता अपनी विकास-दृष्टि पर पुनर्विचार करे। प्रकृति के साथ संघर्ष नहीं, बल्कि सह-अस्तित्व ही भविष्य का रास्ता है। यदि हम आज नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियां यह सवाल जरूर पूछेंगी- जब खतरा स्पष्ट दिखाई दे रहा था, तब दुनिया ने कार्रवाई करने में इतनी देर क्यों की?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

व्यंग्य

टोना-टोटका कंपनी लिमिटेड



रामविलास जांगिड़
व्यंग्यकार

एक जमाना था, जब टोना-टोटका गांव की किसी बुजुर्ग महिला की निजी विशेषज्ञता हुआ करता था। बच्चा रोए तो नजर, दुकान न चले तो नींबू-मिर्च, काम बिगड़े तो ग्रह और बीमारी ठीक न हो तो कोई अदृश्य शक्ति जिम्मेदार। तब टोना-टोटका घरेलू व्यवस्था का हिस्सा था, कारोबार का नहीं। लेकिन बाजार ने मनुष्य की सबसे पुरानी कमजोरी पहचान ली- वह अनिश्चितता से डरता है। बाजार ने इसी डर को पैक किया, चमकीला डिब्बा लगाया और बेचने के लिए रख दिया। तब जन्म हुआ- 'टोना-टोटका कंपनी लिमिटेड' का। कंपनी का विज्ञापन था- 'आपकी समस्या, हमारा समाधान।' हालांकि कंपनी के अंदर लिखा था- 'आपका डर, हमारा व्यापार।' सबसे पहले 'साधारण संकट निवारण पैकेज' आया। इसमें एक नींबू, सात मिर्च, काला धागा और एक रहस्यमय कागज था। कागज पर ऐसा कुछ लिखा था, जिसे ग्राहक पढ़ ही न सके। कंपनी का शोध था- 'जिस बात का अर्थ समझ में आ जाए, उसका चमत्कार आधा रह जाता है।' फिर आया 'प्रीमियम टोटका पैकेज'। इसमें पीतल की कटोरी, विशेष कपड़ा, ताबीज और एक पत्थर था। पत्थर वही था, जो सड़क किनारे पड़ा मिलता था, मगर कंपनी ने उसे नाम दिया- 'प्राचीन ऊर्जायुक्त दिव्य शिला'। पत्थर की कीमत बढ़ गई। कंपनी के लेखा विभाग ने निष्कर्ष निकाला- 'पत्थर में ऊर्जा हो या न हो, पैकेजिंग में जरूर होनी चाहिए।' अब कंपनी ने बाजार का सर्वेक्षण कराया। पता चला कि आदमी को सबसे अधिक चिंता धन, विवाह और भविष्य की होती है। तुरंत तीन विभाग खुल गए- धन-वृद्धि, विवाह-सफलता और भविष्य-सुरक्षा। धन-वृद्धि विभाग ग्राहक को बताता- 'आपके घर में धन आता तो है, लेकिन टिकता नहीं।' ग्राहक तुरंत सहमत हो जाता। कंपनी उपाय बताती और शुल्क लेती। धन घर में टिके न टिके, कंपनी के खाते में जरूर टिक जाता। विवाह विभाग और भी सफल रहा। शादी न हो तो कहा जाता- 'विवाह में बाधा है।' उपाय कराया गया। शादी नहीं हुई तो- 'बाधा बहुत पुरानी है।' फिर नया पैकेज। कुछ समय बाद- 'बाधा पारिवारिक है।' फिर नया पैकेज। अंततः कंपनी कहती- 'बाधा अत्यंत सूक्ष्म है।' ग्राहक पूछता- 'दिखाई क्यों नहीं देती?' कंपनी मुस्कराती- 'दिखाई देती तो हम उसे बेचते कैसे?' परीक्षा के मौसम में कंपनी ने 'सफलता ताबीज किट' निकाली। माता-पिता ने ताबीज खरीदा, बच्चे ने किताब बंद कर दी। परिणाम अच्छा आया तो ताबीज चमत्कारी। कम अंक आए तो कंपनी बोली- 'ताबीज ने पूरी कोशिश की थी, विद्यार्थी ने सहयोग नहीं किया।' अर्थात् सफलता कंपनी की, असफलता ग्राहक की। फिर टोना-टोटका उद्योग मोबाइल तक पहुंच गया। संदेश आया- 'सावधान! आपके जीवन में नकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है।' नीचे लिखा था- 'तुरंत समाधान के लिए यहां टच करें।' आदमी ने टच किया। अगला संदेश आया- 'बधाई! आपकी समस्या की पहचान हो चुकी है।' और उसके नीचे भुगतान का विकल्प था। अब भूत को घर तक आने की जरूरत नहीं थी। भूत मोबाइल में आ गया था और चुड़ैल भुगतान-पट पर बैठी थी। कंपनी ने मासिक सदस्यता भी शुरू कर दी। हर महीने नया धागा, नया ताबीज और नया उपाय। ग्राहक बोला- 'पिछला उपाय तो अभी रखा है।' कंपनी बोली- 'वही तो समस्या है, आपने उसे समय पर बदला नहीं।' अर्थात् टोटका भी मोबाइल हो गया- पुराना मॉडल काम नहीं करता, नया खरीदना पड़ता है। प्रतिस्पर्धा बढ़ी तो कंपनियां नींबू, धागे और पत्थर से आगे बढ़कर केवल डर बेचने लगीं। अंततः कंपनी ने अपना सबसे महँगा उत्पाद निकाला- 'टोना-टोटका मुक्ति महायोजना।'

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री
@narendramodi

नमस्कार कर्नाटक! 13 नवंबर को बेंगलुरु और मैसूर जाने के लिए उत्सुक हूं। कार्यक्रमों में शामिल हैं: बेंगलुरु में 'प्रशांति कुटीरम' का स्वर्ण जयंती समारोह। बेंगलुरु में 15,000 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास। मैसूर में 'कॉसमॉस-मैसूर तारामंडल' (COSMOS-Mysuru Planetarium) का उद्घाटन।



अमित शाह, गृह मंत्री
@AmitShah

शिक्षा को राष्ट्र की उन्नति और समाज के उत्थान का आधार मानने वाले भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी को उनकी पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन। काशी हिंदू विश्वविद्यालय की नींव रखकर उन्होंने ऐसी परंपरा शुरू की, जहां भारतीय संस्कार और आधुनिक ज्ञान साथ-साथ चलें। सामाजिक समरसता, अस्पृश्यता उन्मूलन, किसानों के कल्याण और मातृभाषा के सम्मान के लिए उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।



भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

विकास के नए आयाम स्थापित करने के साथ-साथ राजस्थान की गौरवशाली विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। विकास और विरासत के इसी समन्वय के साथ राजस्थान प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। राजस्थान में हर क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और इन्हें नए अवसरों में बदलने की असीम क्षमता है। हमारी सरकार इन संभावनाओं को साकार कर प्रदेश को विकास, निवेश, पर्यटन एवं रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पबद्ध है।

लेखकों से आग्रह है...

वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

नॉलेज कॉर्नर: खून, कोशिकाओं और जीन की जांच से खुल सकते हैं बीमारियों के भविष्य के राज

शरीर के भीतर छिपे सेहत के संकेतक हैं बायोमार्कर

किसी व्यक्ति को बीमारी क्यों होती है, जबकि उसी वातावरण में रहने वाला दूसरा व्यक्ति स्वस्थ रहता है? एक ही वायरस के संपर्क में आने के बावजूद कुछ लोग बीमार क्यों पड़ते हैं और कुछ पर उसका कोई असर क्यों नहीं होता? इन सवालों के जवाब तलाशने में चिकित्सा विज्ञान के लिए बायोमार्कर यानी जैविक संकेतक महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। ये शरीर के भीतर मौजूद ऐसे संकेत हैं, जिन्हें मापकर व्यक्ति की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति, बीमारी की आशंका और उपचार के संभावित प्रभाव का आकलन किया जा सकता है। एक नई शोध पद्धति में अलग-अलग व्यक्तियों से प्राप्त कोशिकाओं को एक ही पात्र में रखकर उनका अध्ययन किया जाता है। इसे 'सेल विलेज' कहा जाता है। कोशिकाओं के आनुवंशिक पहचान चिह्नों की सहायता से पता लगाया जाता है कि कौन-सी कोशिका किस व्यक्ति की है और किसी हानिकारक तत्व के संपर्क में आने पर वह कैसी प्रतिक्रिया करती है।

क्या होते हैं बायोमार्कर?

बायोमार्कर शरीर में मौजूद ऐसी जैविक विशेषताएं हैं, जिन्हें वैज्ञानिक तरीके से मापा जा सकता है। इनके माध्यम से डॉक्टर समझ सकते हैं कि शरीर के भीतर कौन-सी प्रक्रियाएं सामान्य रूप से चल रही हैं और कहाँ गड़बड़ी की आशंका है। सामान्य स्वास्थ्य जांच में भी कई बायोमार्कर का इस्तेमाल होता है। उदाहरण के लिए, दिल की धड़कन और रक्त में ऑक्सीजन का स्तर शारीरिक स्थिति बताते हैं। सफेद रक्त कोशिकाओं की संख्या रोग प्रतिरोधक क्षमता की गतिविधियों का संकेत देती है, जबकि आनुवंशिक बायोमार्कर से कुछ बीमारियों के खतरे और विशेष दवाओं के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया का अनुमान लगाया जा सकता है।



जीन से खुल रहे बीमारी के रहस्य

आधुनिक अनुसंधान में जीनोम-वाइड एसोसिएशन स्टडी (जीडब्ल्यूएएस) के माध्यम से हजारों से लेकर लाखों लोगों के जीनोम का अध्ययन किया जाता है। इसका उद्देश्य ऐसे आनुवंशिक बदलावों की पहचान करना है, जिनका किसी बीमारी या शारीरिक विशेषता से संबंध हो सकता है। इससे हृदय रोग, यकृत संबंधी बीमारियों और उम्र बढ़ने के साथ आँखों की रोशनी कम होने जैसे जोखिमों को समझने में मदद मिलती है।

ऐसे मिलती है पहचान में मदद

बायोमार्कर की खोज के लिए वैज्ञानिक स्वस्थ लोगों और किसी विशेष बीमारी से पीड़ित लोगों के जैविक नमूनों की तुलना करते हैं। इसी तरह, किसी दवा से लाभ पाने वाले और लाभ न पाने वाले मरीजों के बीच अंतर का अध्ययन भी किया जाता है। मधुमेह की जांच में इस्तेमाल होने वाला हीमोग्लोबिन ए1सी (एचबीए1सी) इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है। वैज्ञानिकों ने पाया कि मधुमेह से पीड़ित लोगों के रक्त में इसका स्तर सामान्य से अधिक हो सकता है। आगे के शोध और चिकित्सकीय परीक्षणों से इसकी उपयोगिता स्थापित हुई। आज एचबीए1सी जांच से पिछले लगभग दो-तीन महीनों के औसत रक्त शर्करा स्तर का आकलन करने में मदद मिलती है। इसी प्रकार, कैंसर की पहचान, नवजात शिशुओं में आनुवंशिक एवं चयापचय संबंधी विकारों की जांच और दवाओं के प्रभाव का आकलन करने में भी बायोमार्कर उपयोगी हैं।

तैयार होती भविष्य की चिकित्सा

वैज्ञानिक रक्त या त्वचा से प्राप्त स्टेम कोशिकाओं को प्रयोगशाला में मस्तिष्क की कोशिकाओं में बदलकर उनका अध्ययन कर रहे हैं। इससे यह समझने में मदद मिल सकती है कि एक ही पर्यावरणीय खतरा अलग-अलग लोगों को अलग-अलग ढंग से क्यों प्रभावित करता है। भविष्य में ऐसे शोध व्यक्तिगत स्वास्थ्य जोखिमों की पहचान में मददगार साबित हो सकते हैं।

कंटेंट: रघुवीर जांगिड़

वायुसेना कमांडरों को निगरानी और खुफिया तंत्र मजबूत करने के निर्देश

दुश्मन को संभलने का मौका न दें, हर चुनौती के लिए रहें तैयार: राजनाथ

- अंतरिक्ष युद्ध की चुनौतियों से निपटने पर जोर

एजेंसी | नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय वायुसेना को आधुनिक युद्ध की बदलती चुनौतियों के अनुरूप अपनी युद्धक तैयारियां मजबूत रखने और हर परिस्थिति में सतर्क रहने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सैन्य बलों को अपनी आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं को इस तरह विकसित करना चाहिए कि दुश्मन को प्रतिक्रिया देने या संभलने का अवसर ही न मिले। इसके साथ ही संभावित खतरों की समय रहते पहचान करने के लिए खुफिया और निगरानी तंत्र को और मजबूत बनाने की जरूरत है। वायुसेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य में सैन्य रणनीतियों और तैयारियों में लगातार बदलाव जरूरी है।

उन्होंने कहा कि अचानक हमला पारंपरिक और इलेक्ट्रॉनिक, दोनों माध्यमों से हो सकता है। ऐसे में जवानों को सतर्क, फुर्तीला और किसी भी अप्रत्याशित चुनौती का मुकाबला करने में सक्षम बनाना होगा।



नई दिल्ली में गुरुवार को वायुसेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

एआई से तेज होगा वायुसेना का कामकाज

सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री ने वायुसेना के कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उत्कृष्टता केंद्र द्वारा विकसित एआई अनुप्रयोगों के समूह की शुरुआत की। इनका उपयोग संचालन, प्रशासन और एयरोस्पेस सुरक्षा के क्षेत्रों में कामकाज को स्वचालित बनाने और उसकी गति बढ़ाने के लिए किया जाएगा। ये अनुप्रयोग वायुसेना के सुरक्षित नेटवर्क पर उपलब्ध कराए गए हैं।

ड्रोन और हवाई रक्षा पर विशेष जोर

रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास संघर्षों का उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि ड्रोन और हवाई रक्षा प्रणालियां आधुनिक युद्ध के महत्वपूर्ण अंग बन चुकी हैं। उन्होंने कामिकाजे ड्रोन, निगरानी ड्रोन और ड्रोन रोधी अभियानों से जुड़ी चुनौतियों के लिए वायुसेना को तैयार रहने की सलाह दी। उनके अनुसार, भविष्य के युद्धों में तकनीकी दक्षता और त्वरित प्रतिक्रिया निर्णायक साबित होंगी।

साइबर और अंतरिक्ष युद्ध की नई रणनीति

रक्षा मंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक, साइबर और अंतरिक्ष जैसे उभरते युद्ध क्षेत्रों के लिए विशेष सिद्धांत और ढांचा विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य के संघर्षों में जीत केवल विमानों की संख्या से तय नहीं होगी, बल्कि तकनीकी क्षमता, सटीक रणनीति और समय पर कार्रवाई भी महत्वपूर्ण होगी। इन चुनौतियों को सैन्य योजना और संचालन प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाने की आवश्यकता है।

ऑपरेशन सिंदूर में वायुसेना की सराहना

सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान और उसके बाद निर्धारित लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए भारतीय वायुसेना की प्रशंसा की। उन्होंने वायुसेना के जवानों के पेशेवर रवैये, संयम और विवेक की सराहना करते हुए कहा कि अभियान से मिले सबक अब संचालन प्रक्रियाओं में दिखाई दे रहे हैं। ड्रोन और हवाई रक्षा प्रणालियों पर बढ़ता ध्यान इसका उदाहरण है।

अग्निवीरों के सेवा विस्तार पर बोले

अग्निवीरों को दो साल का सेवा विस्तार दिए जाने के फैसले पर रक्षा मंत्री ने कहा कि यह निर्णय रक्षा बलों से मिले सुझावों के आधार पर लिया गया है। उन्होंने भरोसा जताया कि सेवा का दूसरा कार्यकाल तीनों सेनाओं को और मजबूत बनाएगा। उन्होंने नीतिगत फैसलों में सेना के तीनों अंगों के सुझावों को शामिल करने की सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

आतंकवाद के खिलाफ भारत दृढ़ संकल्पित: खरगे



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) के मारे जाने और कुलगाम में सीआरपीएफ कर्मियों पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा की है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट और दृढ़ संकल्पित है। आतंक की कोई भी घटना देश के संकल्प को कमजोर नहीं कर सकती। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर शहीद जवानों के साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया तथा उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की।

चिकित्सा में भी उतरा IIT खड़गपुर, शुरू होगा MD कोर्स

नई दिल्ली। आईआईटी खड़गपुर राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) से मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रम शुरू करने वाला देश का पहला आईआईटी बन गया है। संस्थान के डॉ. बी.सी. रॉय बहु-विशेषज्ञता चिकित्सा शोध केंद्र में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से एमडी की पढ़ाई शुरू होगी। पहले बैच में सामान्य चिकित्सा, रेडियोलॉजी, फिजियोलॉजी, पैथोलॉजी, सामुदायिक चिकित्सा और बायोकेमिस्ट्री में दो-दो सीटें होंगी। दाखिले नीट-पीजी की ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से होंगे। संस्थान के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने कहा कि उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा को इंजीनियरिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अनुसंधान से जोड़कर ऐसे विशेषज्ञ तैयार करना है, जो स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों के समाधान में योगदान दे सकें।

एक्यूआई 350 पर पहुंचा, एक दिन में 37 अंक की बढ़ोतरी

दिल्ली की हवा फिर जहरीली, भूरी धुंध में लिपटी राजधानी

57 निगरानी केंद्रों में 10 पर हवा गंभीर, सांस और आंखों की तकलीफ से लोग परेशान

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की हवा एक बार फिर सांसों पर भारी पड़ने लगी है। गुरुवार को दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के साथ ही आसमान में धुंध की घनी भूरी चादर छा गई। सड़कों से लेकर ऊंची इमारतों तक धुंध का असर दिखाई दिया। लोगों को खांसी, सांस लेने में परेशानी और आंखों में जलन की शिकायतें हुईं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बढ़कर 350 पहुंच गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में है। बुधवार को यह 313 था। दिल्ली के 57 वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से 10 पर एक्यूआई 'गंभीर', 42 पर 'बहुत खराब', चार पर 'खराब' और केवल एक केंद्र पर 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज किया गया। दिल्ली कैंट में सबसे बेहतर हवा रही, जहां एक्यूआई 138 दर्ज हुआ। इस बीच, हल्के कोहरे के कारण सुबह दृश्यता भी प्रभावित रही।



दो दिन में और बिगड़ सकती है हवा

वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के अनुसार, अगले दो दिनों में पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे सूक्ष्म कणों की सांद्रता बढ़ सकती है। इससे हवा की स्थिति और खराब होने की आशंका है। विशेषज्ञों ने चेताया है कि पीएम2.5 के लंबे समय तक संपर्क में रहने से फेफड़ों और शरीर के दूसरे अंगों को नुकसान पहुंच सकता है। ये सूक्ष्म कण फेफड़ों में गहराई तक जाकर रक्तप्रवाह में भी प्रवेश कर सकते हैं।

6 राज्यों में पराली जलाने की 874 घटनाएं

उपग्रह आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को छह राज्यों में पराली जलाने की 874 घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें पंजाब में सबसे अधिक 515, मध्य प्रदेश में 179 और उत्तर प्रदेश में 129 घटनाएं सामने आईं। राजस्थान में 40, हरियाणा में आठ और उत्तराखंड में तीन घटनाएं दर्ज की गईं। 15 सितंबर से 11 नवंबर के बीच इन छह राज्यों में पराली जलाने की कुल 10,466 घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं। राजधानी में साफ हवा की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन भी जारी हैं। प्रदूषण के बढ़ते स्तर ने एक बार फिर सार्वजनिक स्वास्थ्य और वायु गुणवत्ता नियंत्रण को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

प्रदूषण में वाहनों की हिस्सेदारी बढ़ने का अनुमान

दिल्ली के लिए निर्णय सहायता प्रणाली (डीएसएस) के संशोधित पूर्वानुमान के मुताबिक, राजधानी के प्रदूषण में परिवहन क्षेत्र का योगदान आने वाले दिनों में सबसे अधिक रहने की आशंका है। गुरुवार को वाहनों से होने वाले उत्सर्जन की हिस्सेदारी करीब 16 प्रतिशत और पराली जलाने की 8.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। शुक्रवार को वाहनों की हिस्सेदारी बढ़कर 18.5 प्रतिशत और शनिवार को 20.5 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। पराली का योगदान शुक्रवार को 5.3 और शनिवार को 13.29 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है।

आखिरी सांस तक लड़ाई जारी रखूंगा: बनर्जी

अभिषेक के घर के बाहर चला बुलडोजर

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक टकराव के बीच गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी के कोलकाता स्थित आवास के बाहर नगर निकाय ने बुलडोजर चलाकर फुटपाथ पर बना बांस का अस्थायी ढांचा हटा दिया। पैदल यात्रियों की आवाजाही में बाधा बन रहे लोहे के गेट को भी गैस कटर से काटकर हटाया गया। यह कार्रवाई 121, कालीघाट रोड स्थित बनर्जी के आवास के बाहर की गई। नगर निकाय के कर्मचारियों ने पहले बुलडोजर से बांस के ढांचे को गिराया और फिर फुटपाथ खाली कराया। प्रतिक्रिया देते हुए अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि बुलडोजर उनकी आवाज और संकल्प को नहीं दबा सकते। उन्होंने 'बांग्ला विरोधियों' के खिलाफ आखिरी सांस तक लड़ाई जारी रखने की बात कही।



सुरक्षा कर्मियों के लिए बनाया गया था ढांचा

इस अस्थायी निर्माण को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। टीएमसी का दावा था कि पश्चिम बंगाल सुरक्षा निदेशालय ने सांसद को जेड-प्लस सुरक्षा मिलने के बाद वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों के लिए यह ढांचा बनवाया था। पार्टी ने इसे सांसद का अनधिकृत निर्माण मानने से इनकार किया था। टीएमसी प्रवक्ता अर्का नाग ने बुधवार को कहा था कि अतिरिक्त सुरक्षा वापस लिए जाने के बाद ढांचे की जरूरत नहीं रह गई थी और इसे हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।

भाजपा ने कार्रवाई को बताया जायज

स्थानीय लोगों ने भी फुटपाथ पर अतिक्रमण से पैदल चलने वालों को हो रही परेशानी की शिकायत की थी। राज्य की भाजपा मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि किसी नागरिक को विशेष सुविधा नहीं मिलनी चाहिए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री दिलीप घोष ने भी कहा कि ढांचे से लोगों को परेशानी हो रही थी, इसलिए इसे हटाना उचित था।

---

53 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती को ट्रेन के नीचे धकेला, हाथ कटा

एजेंसी | मुंबई

मुंबई की लोकल ट्रेन में छेड़छाड़ का विरोध करना 20 वर्षीय युवती को भारी पड़ गया। आरोप है कि नायगांव स्टेशन पर आरोपी ने उसे ट्रेन के नीचे धकेल दिया। ट्रेन की चपेट में आने से युवती का बायां हाथ कोहनी के पास से कट गया, जबकि सिर में गंभीर चोट आई और 16 टांके लगाने पड़े। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र गिरजप्पा हिरमुखे (53) को गिरफ्तार कर लिया है। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। पश्चिम रेलवे के अधिकारी के अनुसार, घटना चार नवंबर की



शाम की है। युवती लोकल ट्रेन से नायगांव जा रही थी। शुरुआत में मामले को दुर्घटना माना गया था। छह नवंबर को मुंबई के अस्पताल में दर्ज बयान में युवती ने बताया कि यात्रा के दौरान एक व्यक्ति ने उसके साथ छेड़छाड़ की। नायगांव स्टेशन पर उतरने के बाद विरोध करने पर आरोपी ने उसे धक्का दे दिया। वह दो डिब्बों के बीच पटरियों पर जा गिरी और ट्रेन की चपेट में आ गई। युवती के बयान के आधार पर राजकीय रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज किया। जीआरपी और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने जांच के बाद नायगांव पूर्व निवासी जितेंद्र हिरमुखे को नौ नवंबर को गिरफ्तार किया। शुरुआत में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 और 117(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। परिवार ने हत्या के प्रयास की धारा नहीं लगाने पर सवाल उठाए। इसके बाद पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 109 भी जोड़ दी।

संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर ने काव्या मारन से रचाई शादी

नई दिल्ली। मशहूर संगीतकार एवं गायक अनिरुद्ध रविचंदर ने आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद की सीईओ और सन ग्रुप के अध्यक्ष कलानिधि मारन की बेटी काव्या मारन से यूनान में शादी कर ली। अनिरुद्ध ने बुधवार को विवाह की तस्वीरें साझा करते हुए 11 नवंबर को अपने जीवन का सबसे खास दिन बताया। समारोह में अभिनेता रजनीकांत और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन समेत कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं। दोनों परिवार 21 नवंबर को भव्य प्रीतिभोज आयोजित करेंगे, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रित किया गया है।

बेटी समेत जान से मारने की धमकी

केजरीवाल से 7 करोड़ की रंगदारी मांगी

एजेंसी | मोहाली

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कथित तौर पर सात करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने और रकम नहीं देने पर उन्हें तथा उनकी बेटी को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पंजाब पुलिस ने आप विधायक जरनैल सिंह की शिकायत पर मोहाली में प्राथमिकी दर्ज की है। शिकायतकर्ता दिल्ली की तिलक नगर विधानसभा सीट से विधायक हैं। जरनैल सिंह ने मोहाली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि छह नवंबर को उन्हें एक व्यक्ति का फोन आया और व्हाट्सएप पर संदेश भी मिला। फोन करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बताते हुए केजरीवाल से सात करोड़ रुपए देने को कहा। कथित तौर पर धमकी दी गई कि रकम नहीं मिलने पर केजरीवाल और उनकी बेटी हर्षिता केजरीवाल की हत्या कर दी जाएगी।

CDR और IP लॉग की जांच की मांग



विधायक ने पुलिस से मामले की व्यापक जांच कर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने फोन कॉल के रिकॉर्ड (सीडीआर), आईपी लॉग और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की लोकेशन की जांच कराने को कहा है। साथ ही केजरीवाल और उनकी बेटी को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने के लिए संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय की अपील की है। मोहाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 308(4) (जबरन वसूली) और 351(2) (आपराधिक धमकी) के साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच जारी है।

'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' 403 सीटों पर लड़ेगा चुनाव

UP में नया सियासी दांव: ओवैसी-चंद्रशेखर आए साथ

- चंद्रशेखर होंगे मुख्यमंत्री का चेहरा

एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले नया राजनीतिक समीकरण आकार लेने लगा है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने गुरुवार को गठबंधन का ऐलान करते हुए 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' के गठन की घोषणा की। इस गठबंधन ने आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। दोनों दल प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेंगे। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में गठबंधन की घोषणा की। ओवैसी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद मोर्चे की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। उन्होंने दावा किया कि यह गठबंधन भाजपा को तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने के लिए मजबूत विकल्प बनेगा। शिक्षा, बेरोजगारी और किसानों से जुड़े मुद्दे मोर्चे की प्राथमिकताओं में रहेंगे।



लखनऊ में गुरुवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद।

मुफ्त शिक्षा और रोजगार का वादा

आजाद ने भाजपा सरकार पर करीब साढ़े नौ वर्षों के कार्यकाल में वंचित वर्गों को पर्याप्त सुरक्षा, न्याय और सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया। उन्होंने दलित बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और युवाओं की बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। सत्ता में आने पर कक्षा एक से 12वीं तक मुफ्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और शिक्षित युवाओं को रोजगार देने का वादा किया।

सपा-कांग्रेस पर ओवैसी का निशाना

ओवैसी ने भी सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने विपक्षी गठबंधन में शामिल होने की इच्छा जताई थी, लेकिन सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने सपा नेता शिवपाल सिंह यादव की आजम खान से जेल में मुलाकात का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता राजनीतिक दलों की मंशा पर नजर रख रही है। उन्होंने आजम खान के समर्थन में आगे भी आवाज उठाने की बात कही।

तीसरा नहीं, पहला मोर्चा: आजाद

चंद्रशेखर आजाद ने गठबंधन को तीसरा मोर्चा मानने से इनकार करते हुए इसे सामाजिक परिवर्तन का 'पहला मोर्चा' बताया। उन्होंने कहा कि यह कमजोर, वंचित, शोषित और पीड़ित वर्गों की राजनीतिक आवाज बनेगा। उनके मुताबिक, 2027 का चुनाव सत्ता परिवर्तन के लक्ष्य के साथ लड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा को रोकने के लिए सपा और कांग्रेस इस गठबंधन में शामिल होना चाहें तो उनका स्वागत है।

लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसला ट्रेनी विमान, पायलट सुरक्षित

एजेंसी | सोलापुर

महाराष्ट्र के सोलापुर हवाई अड्डे पर गुरुवार को उतरते समय एक प्रशिक्षण विमान का अगला टायर फट गया। इसके बाद विमान फिसलकर रनवे से बाहर चला गया। हादसे में विमान उड़ा रहीं प्रशिक्षु महिला पायलट ज्योति तंवर सुरक्षित हैं और उन्हें कोई चोट नहीं आई। पुलिस के मुताबिक, रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग अकादमी का 'टेकनम पी-मेंटर' विमान अपराह्न करीब ढाई बजे लैंडिंग के दौरान जोर से जमीन से टकराया और रनवे से बाहर निकल गया। तंवर कलबुर्गी-बारामती-सोलापुर-कलबुर्गी मार्ग पर अकेले उड़ान भर रही थीं। हादसे के तुरंत बाद दमकल की गाड़ियां, एम्बुलेंस और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे।



क्षतिग्रस्त विमान के आसपास के इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। विमान रनवे के पक्के हिस्से से बाहर निकलकर तिरछी स्थिति में रुक गया। पुलिस ने पहले हादसे को उड़ान भरते समय हुआ बताया था, लेकिन बाद में स्पष्ट किया कि विमान लैंडिंग के दौरान फिसला। गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर में इसी अकादमी का एक प्रशिक्षण विमान मध्य प्रदेश में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसमें प्रशिक्षु पायलट गंभीर रूप से घायल हुई थीं।

बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन का प्रधानमंत्री आज करेंगे उद्घाटन, मैसूरु में देश के पहले एलईडी डोम तारामंडल का होगा लोकार्पण

कर्नाटक को 15,600 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे PM मोदी

- रेलवे, ऊर्जा और गैस क्षेत्र की कई योजनाएं भी होंगी शुरू

अक्षय राय | बेधड़क

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कर्नाटक के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे बेंगलुरु और मैसूरु में 15,600 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मेट्रो, रेलवे, ऊर्जा, गैस और विज्ञान-तकनीक से जुड़ी इन परियोजनाओं के जरिए राज्य के बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को विस्तार देने की तैयारी है। दौरे का प्रमुख आकर्षण बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन का उद्घाटन और मैसूरु में देश के पहले एलईडी डोम तारामंडल का लोकार्पण होगा। प्रधानमंत्री बेंगलुरु में करीब 3,470 करोड़ रुपए की लागत से तैयार मेट्रो की पिंक लाइन का उद्घाटन करेंगे। इससे शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलने और यात्रियों को आवागमन में सुविधा होने की उम्मीद है। इसके साथ ही वे राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और विद्युत पारेषण नेटवर्क को मजबूत करने वाली योजनाओं को भी आगे बढ़ाएंगे।



रेलवे को मिलेंगी नई कनेक्टिविटी परियोजनाएं

रेलवे क्षेत्र में प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित चार रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा बागलकोट-वंडाल रेल लाइन के दोहरीकरण और सकलेशपुर-सुब्रह्मण्य घाट रेलखंड के विद्युतीकरण को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे बेंगलुरु-मंगलुरु-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी करेंगे। इन पहलों से रेल संपर्क और यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार होने की उम्मीद है।

मैसूरु में विज्ञान का नया केंद्र

बेंगलुरु के कार्यक्रमों के बाद प्रधानमंत्री मैसूरु पहुंचेंगे। यहां वे देश के पहले एलईडी डोम तारामंडल 'कॉसमॉस-मैसूरु' का लोकार्पण करेंगे। भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान की ओर से निर्मित इस तारामंडल में 15 मीटर का अत्याधुनिक झुका हुआ एलईडी गुंबद बनाया गया है। यहां कन्नड़, अंग्रेजी और हिंदी में खगोल विज्ञान से जुड़े कार्यक्रम दिखाए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों और आम लोगों को अंतरिक्ष तथा खगोल विज्ञान की दुनिया को आधुनिक तकनीक के जरिए समझने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री इस दौरान वेंकटरमैया शेषाद्रि के जन्म शताब्दी समारोह में भी शामिल होंगे। बुनियादी ढांचे, शहरी परिवहन, रेलवे कनेक्टिविटी, ऊर्जा सुरक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में प्रस्तावित परियोजनाओं के कारण उनका यह दौरा कर्नाटक के विकास कार्यक्रमों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

एलपीजी भंडारण केंद्र और बायोगैस प्लांट पर जोर

ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से भी यह दौरा अहम होगा। प्रधानमंत्री मंगलुरु में 850 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बने देश के सबसे बड़े भूमिगत एलपीजी भंडारण केंद्र को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वहीं, बेंगलुरु के हरलकुंटे में गेल के कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की आधारशिला रखेंगे। इन परियोजनाओं से स्वच्छ ऊर्जा और वैकल्पिक ईंधन के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित होने की उम्मीद है।

पीएम मोदी तीन दिवसीय दौरे पर जाएंगे मनीला

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह सोमवार को तीन दिवसीय दौरे पर फिलीपीन की राजधानी मनीला जाएंगे। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने बताया कि प्रधानमंत्री 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और आसियान के नेतृत्व वाले 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन क्षेत्र के 11 देशों का प्रभावशाली समूह है। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री इन मंचों पर भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच सहयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

अमिताभ के बंगले को बम से उड़ाने की धमकी



मुंबई। मुंबई में गुरुवार को कई प्रमुख स्थानों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। धमकी भरे ईमेल में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, महापौर कार्यालय, अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा', महालक्ष्मी स्टेडियम और पीएनबी की शाखा को निशाना बनाने की बात कही गई। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

व्हाइट हाउस के पास गोलीबारी, पांच को मारी गोली

वाशिंगटन। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस से करीब एक मील दूर स्थित लोगान सर्किल इलाके में गोलीबारी की घटना में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हमलावर को अब तक पकड़ा नहीं जा सका है। पुलिस प्रवक्ता निकोल डिएनर के मुताबिक, घटना की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। अधिकारियों ने लोगों से घटनास्थल के आसपास जाने से बचने की अपील की है। एहतियातन इलाके की सड़कें बंद कर दी गई हैं।

तीन सप्ताह में दूसरी बार पुलिस मुख्यालय पहुंचे गृह मंत्री

दिल्ली की सुरक्षा पर शाह का मंथन तीन घंटे चली हाईलेवल बैठक

एजेंसी | नई दिल्ली

राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। जय सिंह रोड स्थित दिल्ली पुलिस मुख्यालय में तीन घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक में सुरक्षा तैयारियों, खुफिया जानकारी जुटाने और पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू भी बैठक में मौजूद रहे।

शाह अपराह्न करीब सवा तीन बजे पुलिस मुख्यालय पहुंचे। खास बात यह है कि तीन सप्ताह से भी कम समय में यह उनका दूसरा दौरा है। इससे पहले 24 अक्टूबर को भी उन्होंने पुलिस मुख्यालय में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पिछली बैठक में जिन मुद्दों पर विस्तार से चर्चा नहीं हो सकी थी, उन्हें इस बार एजेंडे में शामिल किया गया। हाल के दिनों में आसपास के क्षेत्रों में हुई सुरक्षा संबंधी घटनाओं के मद्देनजर बैठक को अहम माना जा रहा है।

कानून-व्यवस्था, खुफिया तंत्र और सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा



राजधानी की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर दिल्ली पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

कुलगाम और गाजियाबाद की घटनाओं के बाद सुरक्षा पर जोर

सूत्रों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में मीर बाजार के पास बुधवार को सुरक्षा चौकी पर संदिग्ध आतंकवादियों की गोलीबारी में सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हुए थे। इनमें एक जवान की हालत गंभीर बताई गई। वहीं, छह नवंबर को गाजियाबाद की वसुंधरा पुलिस चौकी पर हुए विस्फोट में एक खाद्य आपूर्ति कंपनी का प्रतिनिधि घायल हो गया था और चौकी परिसर को नुकसान पहुंचा था। इस घटना के संभावित आतंकी संबंधों के दावों के बीच उत्तर प्रदेश एटीएस सहित कई एजेंसियां जांच कर रही हैं।

खुफिया तंत्र और पुलिस के बीच समन्वय की समीक्षा

24 अक्टूबर की बैठक में शाह ने बड़ी सभाओं और प्रदर्शनों से निपटने की तैयारियों, खुफिया सूचनाओं के संग्रह, भीड़ प्रबंधन और विभिन्न सुरक्षा इकाइयों के बीच समन्वय की समीक्षा की थी। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा, मादक पदार्थों की तस्करी, संगठित अपराध नेटवर्क और यातायात प्रबंधन जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई थी। पिछली बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे। सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार की बैठक में पिछली समीक्षा के दौरान लंबित रह गए विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा तंत्र को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस की तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

पंजाब: दो सांसदों को विस चुनाव में उतारा

AAP की दूसरी सूची, मंत्री समेत 8 विधायकों के टिकट काटे

एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (AAP) ने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इसमें 31 प्रत्याशियों के नाम हैं। पार्टी ने दो सांसदों को भी विधानसभा चुनाव के मैदान में उतारा है। संगरूर से सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर को बरनाला और होशियारपुर से सांसद डॉ. राज कुमार चब्बेवाल को फगवाड़ा से टिकट दिया गया है। चब्बेवाल के विधायक बेटे इशांक को पार्टी पहले ही पहली सूची में उम्मीदवार बना चुकी है। इससे पहले 31 अक्टूबर को AAP ने 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसमें मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत सभी मौजूदा विधायकों को दोबारा मौका दिया गया था। अब तक पार्टी 71 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है।

बादल को हराने वाले मंत्री का टिकट कटा

दूसरी सूची में सबसे चौंकाने वाला फैसला कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां का टिकट काटना है। उन्होंने 2022 के चुनाव में पांच बार मुख्यमंत्री रहे अकाली नेता प्रकाश सिंह बादल को हराया था। लंबी सीट से अब उनके भतीजे रणधीर सिंह धीरा को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने खरड़ से विधायक और पंजाबी अभिनेत्री अनमोल गगन मान समेत सात मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं दिया है। इनमें अमित रतन कोटफत्ता, लालजीत भुल्लर, रमन अरोड़ा, कुलवंत बाजीगर, डॉ. चरणजीत सिंह और कुंवर विजय प्रताप सिंह शामिल हैं। कुंवर पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

25 सीटों पर नए चेहरे

दूसरी सूची की 31 सीटों में से 21 पर AAP वर्ष 2022 में हार गई थी। पार्टी ने इस बार 25 सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया है, जबकि छह उम्मीदवारों को दोबारा टिकट मिला है। इनमें विधायक सर्वजीत कौर माणूके और अमनदीप गोल्डी मुसाफिर शामिल हैं। अमृतसर की राजासांसी सीट से अभिनेत्री सोनिया मान को उम्मीदवार बनाया गया है।

19 देश और 33 कंपनियां वैश्विक मंच से जुड़ीं

जलवायु कार्रवाई के लिए बहुपक्षीय सहयोग को प्रतिबद्ध भारत: यादव

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए बहुपक्षीय सहयोग और उद्योगों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जलवायु कार्रवाई का भारतीय दृष्टिकोण सरकार, उद्योग और शिक्षा जगत के बीच मजबूत साझेदारी पर आधारित है। नई दिल्ली में इस्पात, सीमेंट और परिवहन जैसे क्षेत्रों के उद्योग प्रतिनिधियों तथा शैक्षणिक संस्थानों के साथ बातचीत में यादव ने यह बात कही। उन्होंने 'लीडरशिप ग्रुप



फॉर इंडस्ट्री ट्रांजिशन' को इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। भारत और स्वीडन ने 2019 में लीडआईटी की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य भारी उद्योगों में शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध सरकारों और कंपनियों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है। वर्तमान में इस पहल से 19 देश और 33 कंपनियां जुड़ी हैं। बैठक में उद्योग जगत के सदस्यों और परियोजना भागीदारों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने परियोजना साझेदारियां विकसित करने, नई तकनीकों की व्यवहार्यता परखने और ज्ञान के आदान-प्रदान में लीडआईटी की भूमिका को उपयोगी बताया। भारत की सदस्य कंपनियों में टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, सेल, अदाणी अंबुजा सीमेंट, डालमिया सीमेंट, जेके सीमेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, वोल्वो समूह और स्पाइसजेट सहित कई कंपनियां शामिल हैं।

संदिग्ध उग्रवादियों की गोलीबारी में महिला की मौत

इंफाल। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में गुरुवार को संदिग्ध उग्रवादियों के बीच गोलीबारी में एक कुकी महिला की मौत हो गई, जबकि दो पुरुष घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, टाफोऊ कुकी गांव के पास सुबह करीब 11 बजे प्रतिद्वंद्वी उग्रवादी संगठनों के बीच गोलीबारी शुरू हुई। इस दौरान खेत में काम कर रही नेन्गबोई चोंगलोई को गोली लग गई। घायल दोनों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपमुख्यमंत्री नेमचा किपजेन ने घटना की तत्काल और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया।

रकाबगंज गुरुद्वारे में सोनिया के संस्मरण की प्रतियां जलाईं

एजेंसी | नई दिल्ली

1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवारों और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के सदस्यों ने गुरुवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के संस्मरण के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने रकाबगंज गुरुद्वारे में पुस्तक की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व डीएसजीएमसी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह कहलों ने किया।

सोनिया गांधी की पुस्तक 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' मंगलवार को बाजार में आई है। इसमें उन्होंने 1984 के दंगों को देश के इतिहास का दुखद और शर्मनाक अध्याय बताया है। साथ ही लिखा है कि उनके पति और तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के मन में न कट्टरता थी और न द्वेष, लेकिन उस समय शासन व्यवस्था विफल हो गई थी। डीएसजीएमसी नेताओं ने पुस्तक में दंगों के घटनाक्रम के वर्णन पर आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें ऐतिहासिक तथ्यों और सिख समुदाय की पीड़ा को सही तरीके से प्रस्तुत नहीं किया गया है। उनका कहना है कि चार दशक बाद भी पीड़ित परिवार न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कमेटी ने दोषियों को सजा दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई जारी रखने की बात कही।

नेपाल में 300 मीटर खाई में गिरी बस, 14 की मौत

काठमांडू। नेपाल के मकवानपुर जिले में गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, काठमांडू से सरलाही जा रही यात्रियों से भरी छोटी बस भीमफेदी-कुलेखानी-काठमांडू मार्ग पर पहाड़ी से करीब 300 मीटर नीचे गहरी खाई में गिर गई। हादसा सुबह करीब पौने छह बजे हुआ। मृतकों में बस चालक भी शामिल है। सभी यात्री छठ पर्व मनाने के लिए अपने घर लौट रहे थे। घायलों को हेटौडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

कोलेट क्रेस बनीं अंतरिम सीईओ, शेयरों में 10 फीसदी की गिरावट

एनवीडिया: दो महिलाओं से रिश्तों के खुलासे से मचा हड़कंप

एजेंसी | हांगकांग

दुनिया की प्रमुख एआई चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेनसेन हुआंग ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के मुताबिक, उनके कथित विवाहेतर संबंधों से राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा होने के बाद यह घटनाक्रम हुआ। कंपनी ने कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य वित्तीय अधिकारी कोलेट क्रेस को अंतरिम सीईओ नियुक्त किया है। वहीं, निदेशक मंडल ने उद्यमी और निवेशक हार्वे सी. जोन्स को कंपनी का पहला चेयरमैन बनाया है। हुआंग के इस्तीफे की खबर ऐसे समय आई है, जब उनके कथित संबंधों को लेकर लगातार नए खुलासे हो रहे थे। पहले सिंगापुर की डेटा सेंटर कंपनी मेगास्पीड इंटरनेशनल की पूर्व वरिष्ठ अधिकारी एलिस हुआंग के साथ उनके करीबी संबंधों की खबर सामने आई। एलिस पर चीन की खुफिया एजेंसी के लिए काम करने का संदेह जताया गया था। इसके बाद बुधवार देर रात 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट में हुआंग के एनवीडिया की एक महिला कर्मचारी के साथ भी कथित संबंधों का खुलासा हुआ। यह कर्मचारी उनके अधीन काम करती थी।

कथित चीनी जासूस से करीबी और कंपनी की कर्मचारी से विवाहेतर संबंधों के आरोपों के बीच छोड़ा पद



शेयरों में भारी गिरावट

हुआंग के इस्तीफे की खबर के बाद गुरुवार को बाजार खुलने से पहले एनवीडिया के शेयरों में करीब 13 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी के बाजार मूल्य में भी भारी कमी आने की खबर है। एनवीडिया एआई तकनीक को संचालित करने वाली चिप बनाने वाली दुनिया की अग्रणी कंपनियों में शामिल है। जनवरी में हुआंग को चीन में अपनी एच200 चिप बेचने के लिए ट्रंप प्रशासन से मंजूरी मिली थी।

चीनी जासूसी के संदेह से बढ़ी चिंता

'द न्यूयॉर्क टाइम्स' के मुताबिक, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को संदेह था कि एलिस हुआंग चीन की खुफिया एजेंसी मिनिस्ट्री ऑफ स्टेट सिक्योरिटी के लिए काम कर रही थीं और बीजिंग को जानकारी दे रही थीं। आशंका थी कि उनके जरिए एनवीडिया की अत्याधुनिक एआई चिप और कारोबारी गतिविधियों से जुड़ी गोपनीय जानकारी हासिल की जा सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को इस मामले में एफबीआई जांच की घोषणा की थी। चीन ने हुआंग को फंसाने की कोशिश किए जाने के आरोपों से इनकार किया है।

एनवीडिया ने सुरक्षा चूक से किया इनकार

एनवीडिया ने कहा है कि उसके पास यह मानने का कोई कारण नहीं है कि कंपनी की गोपनीयता या राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता हुआ है। कंपनी ने उपलब्ध सभी जानकारियों की जांच करने की बात कही है। मेगास्पीड ने भी अमेरिकी निर्यात नियंत्रण कानूनों का पालन करने और सरकारी एजेंसियों के साथ सहयोग करने का भरोसा दिया है।

संभल में मस्जिद का कथित अवैध निर्माण हटाया गया

एजेंसी | संभल

उत्तर प्रदेश के संभल जिले के असमोली क्षेत्र स्थित कुतुबपुर सत्ता गांव में बृहस्पतिवार को प्रशासन ने कथित अवैध मस्जिद निर्माण को भारी सुरक्षा के बीच हटवा दिया। अधिकारियों के मुताबिक, करीब 130 वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर नया निर्माण किया गया था। जांच के बाद उपमंडलीय मजिस्ट्रेट ने इसे अवैध घोषित कर हटाने का आदेश दिया था। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि संबंधित जमीन गाटा संख्या 57 'क' के अंतर्गत आती है। वक्फ बोर्ड ने भी स्पष्ट किया था कि उसने नए निर्माण की अनुमति नहीं दी थी। अधिकारियों के अनुसार, नया निर्माण दो से तीन महीने पुराना था, जबकि मूल ढांचा 15-20 साल



से मौजूद था। कार्रवाई के दौरान चार थानों के प्रभारी, 10 थानों की पुलिस और पीएसी की एक प्लाटून तैनात रही। प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। लखनऊ में गठबंधन की घोषणा के दौरान संभल की कार्रवाई पर आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि वे मस्जिदों और मकबरों के लिए लड़ेंगे। उन्होंने इसे अपनी ताकत बढ़ाने की बात कही। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आजाद ने संभल दौरे को लेकर कोई जानकारी नहीं दी।

खेल हलचल

जयपुर में राष्ट्रीय एरोबिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप आज से





जयपुर। गुलाबी नगरी में राष्ट्रीय ऑल एज ग्रुप एरोबिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2026-27 का आगाज गुरुवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में हो गया। राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक्स संघ की ओर से 12 से 16 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के करीब 22 राज्यों से लगभग 800 खिलाड़ी और 150 अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। गुरुवार को विभिन्न राज्यों से पहुंची टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता स्थल पर अभ्यास किया। जिला जयपुर जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष अनुराग आर्य ने बताया कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के ठहरने, भोजन तथा परिवहन की व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रतियोगिता के निष्पक्ष संचालन के लिए देशभर से करीब 40 अनुभवी निर्णायक भी जयपुर पहुंचे हैं। तकनीकी समिति ने आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन शुक्रवार को शाम 4 बजे सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में होगा। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष व एसीएस प्रवीण गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे, जबकि राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक्स संघ के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व खेल अधिकारी गजेंद्र सिंह राठौड़ और जिम्नास्टिक संघ के मुख्य संरक्षक कान सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता का समापन 16 नवंबर को होगा।

टेस्ट: श्रीलंका की पहली पारी 446 पर सिमटी, साकिब का यादगार टेस्ट डेब्यू

रावलपिंडी। युवा तेज गेंदबाज साकिब खान ने पदार्पण टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सात विकेट झटके, जिससे पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन जोरदार वापसी की। श्रीलंका की पहली पारी 446 रन पर सिमट गई और उसे सिर्फ 12 रन की बढ़त मिली। दिन की शुरुआत चार विकेट पर 404 रन से करने वाली श्रीलंकाई टीम ने अपने बाकी छह विकेट 42 रन जोड़कर गंवा दिए। साकिब ने 130 रन देकर सात विकेट हासिल किए। यह उनके टेस्ट करियर का यादगार आगाज रहा। इसके जवाब में पाकिस्तान ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 57 रन बना लिए थे। इस तरह उसकी कुल बढ़त 45 रन हो गई। स्टंप के समय अजान अवैस 22 और मोहम्मद ताहा 24 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। अजान को 17 रन के निजी स्कोर पर श्रीलंकाई कप्तान कुसल मेंडिस ने विकेट के पीछे जीवनदान दिया। पाकिस्तान की दूसरी पारी के दौरान खराब रोशनी के कारण दोपहर 3:05 बजे खेल रोकना पड़ा। इसके बाद बारिश के कारण मुकाबला दोबारा शुरू नहीं हो सका।

कप्तानी में पदार्पण पर छाप छोड़ना चाहेंगे श्रेयस

भारत की नजरें शृंखला जीत पर

एजेंसी । माउंट मोनगानुई

नियमित कप्तान शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में श्रेयस अय्यर शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे वनडे में पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। भारतीय टीम की नजरें इस मुकाबले को जीतकर पांच मैचों की शृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने पर होंगी। भारत फिलहाल शृंखला में 2-0 से आगे है। तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।

गिल, केएल राहुल और अंशुल कंबोज टेस्ट शृंखला की तैयारी के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। ऐसे में रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन और मोहम्मद सिराज को अंतिम एकादश में मौका मिलने की संभावना है। रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत कौन करेगा, यह देखना दिलचस्प होगा। ईशान और गायकवाड़ इस भूमिका के दावेदार हैं। विराट कोहली से भी बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

ईशान किशन को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी भी मिल सकती है। वहीं, गेंदबाजी में अंशुल कंबोज की जगह मोहम्मद सिराज को मौका मिलने की संभावना है। अर्शदीप सिंह और औकिब नबी भी अपनी जगह बरकरार रख सकते हैं।

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की टीम भी कई प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में उतरेगी। टॉम लैथम, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स और हेनरी निकोल्स टेस्ट शृंखला की तैयारी के कारण उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल को टीम में शामिल किया है, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं।



दर्शकों को ऑटोग्राफ देते विराट कोहली।

अंडर-19 एशिया कप: अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराकर फाइनल में

अल अमेरात (ओमान)। कप्तान लक्ष्य रायचंदानी की 93 रन की शानदार पारी की बदौलत भारत ने अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 227 रन बनाए। उसकी ओर से नोमान सालारजई और शाह फैसल रहीमी ने 51-51 रन की पारियां खेलीं। भारत की ओर से ईशान सूद ने तीन विकेट हासिल किए। जवाब में भारत ने 36.5 ओवर में दो विकेट पर 230 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। लक्ष्य ने 90 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 93 रन बनाए। उन्होंने आर्यवीर सहवाग के साथ पहले विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी की। सहवाग ने 51 रन बनाए। इसके बाद वीके विनीत ने नाबाद 57 रन की पारी खेलकर लक्ष्य का बखूबी साथ दिया।



लक्ष्य रायचंदानी

फाइनल में भारत-पाकिस्तान की टक्कर

अंडर-19 एशिया कप के खिताबी मुकाबले में शनिवार को भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे। पाकिस्तान ने दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश को नौ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

अंडर-23 पुरुष टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी के मुकाबले आज से

जयपुर। राजस्थान अंडर-23 पुरुष टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी के मुकाबले 13 नवंबर से शुरू होंगे। प्रतियोगिता के मैच तीन मैदानों पर खेले जाएंगे। इसमें तीन ग्रुप के मुकाबले आयोजित होंगे। पहले ग्रुप के मैच अनंतम ग्राउंड, दूसरे ग्रुप के मुकाबले केएल सैनी स्टेडियम और तीसरे ग्रुप के मैच लक्ष्य ग्राउंड पर खेले जाएंगे। 13 नवंबर को पहले दिन अनंतम ग्राउंड पर सुबह 9 बजे टीम ए और टीम बी के बीच मुकाबला होगा, जबकि दोपहर 1:30 बजे टीम सी और टीम डी आमने-सामने होंगी। केएल सैनी स्टेडियम में सुबह टीम एफ और टीम जी तथा दोपहर में टीम एच और टीम आई के बीच मैच खेला जाएगा। लक्ष्य ग्राउंड पर सुबह 9 बजे टीम ई और टीम जे भिड़ेंगी। 14 नवंबर को अनंतम ग्राउंड पर टीम ए-टीम ई और टीम सी-टीम एच के बीच मुकाबले होंगे। केएल सैनी स्टेडियम में टीम डी-टीम आई तथा टीम बी-टीम जी आमने-सामने होंगी। लक्ष्य ग्राउंड पर टीम एफ और टीम जे का मैच होगा। 15 नवंबर को भी तीनों मैदानों पर मुकाबले खेले जाएंगे।

जयपुर के विवान कपूर ने दिलाया ओलंपिक कोटा

एजेंसी । दोहा

जयपुर के निशानेबाज विवान कपूर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत के लिए लॉस एंजिलिस ओलंपिक-2028 का कोटा हासिल किया। गुरुवार को हुए फाइनल में विवान स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। निर्धारित मुकाबले में भारत के विवान और कुवैत के अब्दुलरहमान अलफैहान ने 30 में से 29 अंक हासिल किए। इसके बाद शूट-ऑफ में विवान तीसरे निशाने पर चूक गए और उन्हें रजत से संतोष करना पड़ा। अलफैहान ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन के क्यू यिंग ने कांस्य पदक हासिल किया। 24 वर्षीय विवान विश्व चैंपियनशिप की पुरुष ट्रैप स्पर्धा में पदक जीतने वाले चौथे भारतीय बन गए। इससे पहले मानवजीत सिंह संधू, कर्णी सिंह और जोरावर सिंह संधू यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। विवान ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले तीसरे भारतीय निशानेबाज भी हैं। फाइनल में पहुंचे दूसरे भारतीय उदयवीर सिंह जैजी छठे स्थान पर रहे। पुरुष ट्रैप टीम स्पर्धा में भारतीय टीम चौथे स्थान पर रही।



विवान ने रजत जीतकर रचा इतिहास

लॉस एंजलिस 2028 ओलंपिक का भारत का पहला शॉटगन कोटा भारत को दिलाया। कुल मिलाकर भारत का यह तीसरा ओलंपिक कोटा है। इससे पहले जयपाल मालवीय- 10मी एयर पिस्टल और नीरज कुमार - 50मी राइफल 3P ने ओलंपिक कोटा दिलाया था। भारत अब मेडल टेबल में 13 मेडल (2 गोल्ड, 7 सिल्वर, 4 ब्रॉन्ज के साथ दूसरे नंबर पर है।

आइस हॉकी संघ ने पीटी उषा को किया नामित

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के दोबारा इस पद पर काबिज होने की उम्मीदें बरकरार हैं। भारतीय आइस हॉकी संघ (आईएचएआई) ने गुरुवार को उन्हें आईओए की आम सभा के लिए अपने दो प्रतिनिधियों में से एक के रूप में नामित किया। उषा को महिला प्रतिनिधि बनाया गया है, जबकि संघ के महासचिव हरजिंदर सिंह पुरुष प्रतिनिधि होंगे। गौरतलब है कि उषा हाल ही में उत्कृष्ट योगयता वाले खिलाड़ियों (एसओएम) के चुनाव में हार गई थीं। इसके बावजूद आइस हॉकी संघ की ओर से नामांकन मिलने के बाद उनके आईओए अध्यक्ष पद के चुनाव में उतरने का रास्ता खुला हुआ है। हालांकि, निर्वाचन अधिकारी की अधिसूचना के अनुसार नामित प्रतिनिधि का संबंधित राष्ट्रीय खेल महासंघ का सदस्य होना अनिवार्य है।



जरूरी खबर

टाटा विवाद का संवाद से निकालें हल: पारसी धर्मगुरु

नई दिल्ली। टाटा समूह और टाटा ट्रस्ट के बीच जारी विवाद पर उदवाड़ा स्थित ईरानशाह आतश बेहराम के मुख्य धर्मगुरु वड़ा दस्तूरजी खुर्शेद दस्तूर ने सभी पक्षों से बातचीत और सुलह के जरिए समाधान निकालने की अपील की है। उन्होंने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कहा कि परमार्थ संस्थाओं का संरक्षण और कानून का पालन एक-दूसरे के पूरक हैं। विवाद में टाटा संस की शेयर बाजार में सूचीबद्धता प्रमुख मुद्दा है। टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा इसका विरोध कर रहे हैं, जबकि चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के नेतृत्व वाला प्रबंधन आरबीआई के नियमों के अनुपालन पर जोर दे रहा है। दस्तूर ने संयम, विवेक और संवाद अपनाने की अपील करते हुए कहा कि मतभेदों से टाटा समूह की परोपकारी विरासत और राष्ट्रीय हित प्रभावित नहीं होने चाहिए।

सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली। आईबीजेए के अनुसार 12 नवंबर को 24 कैरेट सोना 2,911 रुपए गिरकर 1,37,692 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 4,860 रुपए टूटकर 1,81,040 रुपए प्रति किलो रह गई। 29 जनवरी के रिकॉर्ड स्तर से सोना 36 हजार और चांदी 1.94 लाख रुपए सस्ती है। धनतेरस-दिवाली पर 52 टन सोना और 300 टन चांदी बिकी। सोने की बिक्री 30% बढ़ी। आईबीजेए के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र मेहता ने बताया कि कीमतें घटने से ग्राहक लौटे। विशेषज्ञों ने किश्तों में खरीदारी की सलाह दी। सोना खरीदते समय बीआईएस हॉलमार्क और चांदी की शुद्धता जांचें।

अक्टूबर में 6.09% पहुंची दर, आरबीआई की 6% की ऊपरी सीमा पार

आम आदमी की जेब पर महंगाई की मार, फिलहाल राहत की उम्मीद कम

■ खाद्य महंगाई 8.94% हुई

एजेंसी । नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल से खुदरा महंगाई बढ़ी है। अक्टूबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.09 % पहुंच गई, सितंबर में यह 5.54 % थी। महंगाई नई सीरीज में पहली बार आरबीआई की 6% की ऊपरी सहन सीमा से बाहर निकली है। केंद्रीय बैंक का लक्ष्य इसे चार प्रतिशत पर बनाए रखना है। अक्टूबर में खाद्य महंगाई दर 8.94 प्रतिशत रही, जबकि सितंबर में यह 7.74 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई 9.09 और शहरी क्षेत्रों में 8.68 प्रतिशत दर्ज की गई। ग्रामीण खुदरा महंगाई 6.63 और शहरी महंगाई 5.41 प्रतिशत रही। खाद्य वस्तुओं की सीपीआई में करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है।



प्याज के दाम 116 प्रतिशत बढ़े

सालाना आधार पर प्याज 116.22, लहसुन 60.74, सिल्वर ज्वेलरी 52.39, अदरक 48.32 और नींबू 47.30 प्रतिशत महंगे हुए। आलू 14.24, फूलगोभी 10.57, नारियल 5.60, बैंगन 3.34 और पत्तागोभी 1.92 प्रतिशत सस्ते हुए।

पांच राज्यों में महंगाई सबसे ज्यादा

तमिलनाडु में खुदरा महंगाई 7.29 प्रतिशत रही। तेलंगाना में 7.26, आंध्र प्रदेश में 7.25, मध्य प्रदेश में 7.19 और ओडिशा में 7.17 प्रतिशत दर्ज की गई।

RBI के सामने ब्याज दरों की चुनौती

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक 4 दिसंबर को होगी। महंगाई का छह प्रतिशत से ऊपर जाना ब्याज दरों पर फैसले को प्रभावित कर सकता है। एलारा कैपिटल के कपूर ने छह से नौ महीनों में 50 आधार अंक बढ़ोतरी की आशंका जताई।

नवंबर में भी राहत के आसार कम

आईसीआरए के अनुसार नवंबर में खाद्य एवं पेय पदार्थों की महंगाई आठ प्रतिशत से ऊपर और खुदरा महंगाई करीब 6.1 प्रतिशत रह सकती है। दूध, चीनी और प्याज की कीमतें दबाव बनाए रख सकती हैं। आईसीआरए की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर के मुताबिक जीएसटी के आधार प्रभाव से मुख्य महंगाई में हल्की बढ़ोतरी संभव है। आनंद राठी समूह के मुख्य अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक सुजन हजरा ने कहा कि कच्चे तेल की नरमी, पर्याप्त खाद्य भंडार और सरकारी कदम राहत दे सकते हैं, लेकिन कमजोर मानसून और अल नीनो का खतरा खाद्य महंगाई बढ़ा सकता है। उपभोक्ताओं को फिलहाल राहत की उम्मीद कम है।

आंकड़े जुटाने में 100% प्रतिसाद: राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के कर्मचारियों ने 1,407 शहरी बाजारों और 1,465 गांवों का सर्वे किया। दोनों क्षेत्रों में प्रतिसाद 100 प्रतिशत रहा।

बाजार हलचल

रोजमर्रा की चीजें महंगी: दो महीने में किचन से डेयरी तक बढ़ा बजट

नई दिल्ली। पिछले दो महीनों में रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी कई वस्तुओं के दाम बढ़ने से आम आदमी का बजट प्रभावित हुआ है। दूध, दही और डेयरी उत्पादों के साथ घी, मक्खन, साबुन, डिटर्जेंट, सिगरेट, ड्राई फ्रूट्स और कमर्शियल गैस सिलेंडर भी महंगे हुए हैं। कुछ बढ़ोतरी देशभर में लागू हुई है, जबकि कुछ का असर चुनिंदा राज्यों और शहरों में है। मदर डेयरी ने 12 नवंबर से दिल्ली-एनसीआर में दूध 2 से 4 रुपए प्रति लीटर महंगा किया है। अमूल ने भी दूध के दाम 4 से 5 प्रतिशत बढ़ाए हैं। कंपनी दिल्ली एनसीआर में 35 लाख लीटर एवं देश भर में 50 लाख लीटर दूध प्रतिदिन बेचती है। कंपनियों ने लागत बढ़ने को वजह बताया है। कर्नाटक में नंदिनी दूध 8 से 12 रुपए और दही 14 रुपए तक महंगा हुआ है। सप्लाई में 10 लाख लीटर की कमी और सूखे के कारण कीमतें बढ़ाई गईं। नई दरों में 7 रुपए किसानों और 1 रुपए मिल्क यूनियन को मिलेगा।

PLI के 70% क्षेत्र तय लक्ष्य अनुरूप

नई दिल्ली। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के करीब 70 % क्षेत्र तय लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और औषधि क्षेत्र में बेहतर परिणाम मिले हैं। मार्च 2026 तक योजना में 2.40 लाख करोड़ रुपए से अधिक निवेश आया, 22.66 लाख करोड़ रुपए का उत्पादन हुआ और 8.49 लाख रोजगार सृजित हुए। इस दौरान 35,354 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि वितरित की गई। योजना के लिए 1,91,049 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान है। बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में मोबाइल उत्पादन, निर्यात और रोजगार बढ़ा है। वाहन और कलपुर्जा योजना में मार्च 2026 तक 44,326 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। नीति आयोग उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने विनिर्माण क्षमता को विकसित भारत 2047 के लिए महत्वपूर्ण बताया। विनिर्माण जीवीए 2022-23 के 34.82 लाख करोड़ से बढ़कर 2025-26 में 47.47 लाख करोड़ रुपए हुआ।

लगातार तीसरे दिन बढ़त, सेंसेक्स 81,911 और निफ्टी 25,299 अंक पर पहुंचा

बाजार की तेजी पर विदेशी निवेशकों ने लगाई मुहर

एजेंसी । मुंबई

विदेशी निवेशकों की मजबूत लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही। हालांकि, वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों और चुनिंदा क्षेत्रों में मुनाफावसूली के कारण बढ़त सीमित रही। सेंसेक्स 31.61 अंक यानी 0.04 प्रतिशत चढ़कर 81,911.01 पर बंद हुआ। निफ्टी 44.30 अंक यानी 0.18 प्रतिशत बढ़कर 25,299.35 पर पहुंच गया। व्यापक बाजार में मिडकैप 1.25 और स्मॉलकैप 1.09 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार कारोबार में रियल्टी सूचकांक 4.79 प्रतिशत बढ़कर सबसे आगे रहा। बीमा में 2.90, पीएसयू बैंक में 1.40 और वित्तीय सेवा क्षेत्र में 1.31 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बजाज फाइनेंस, एसबीआई, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और इटर्नल के शेयर लाभ में रहे। हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति, पावर ग्रिड और टीसीएस में गिरावट रही।



एफआईआई ने खरीदे 12,563 करोड़ के शेयर

बाजार को विदेशी संस्थागत निवेशकों की खरीदारी से समर्थन मिला। बुधवार को एफआईआई ने 12,563.33 करोड़ रुपए के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की। नवंबर में अब तक विदेशी निवेशक करीब 6.43 अरब डॉलर लगा चुके हैं। दूसरी ओर, ब्रेंट क्रूड 0.44 प्रतिशत गिरकर 92.50 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

एशियाई बाजारों में गिरावट

दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त पर रहे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार, वित्तीय और रियल्टी शेयरों की खरीदारी ने आईटी, वाहन और उपभोग क्षेत्र की बिकवाली के असर को संतुलित किया।

एलआईसी ने बदला निवेश पोर्टफोलियो

सितंबर तिमाही में LIC ने L&T के 4,153 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज के 3,967 करोड़ और भारती एयरटेल के 3,878 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। मारुति में भी 2,968 करोड़ रुपए का निवेश किया। वहीं, ICICI बैंक में 4,453 करोड़ और SBI में 3,209 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। 30 सितंबर तक LIC की इक्विटी होल्डिंग 15.49 लाख करोड़ रुपए थी। बाजार में विदेशी निवेश की निरंतरता और कच्चे तेल की नरमी से सकारात्मक माहौल बना हुआ है।

रेपो दर बढ़ोतरी का अनुमान घटाया

मुंबई। SBI के आर्थिक अनुसंधान विभाग ने दिसंबर में RBI की रेपो दर में बढ़ोतरी का अनुमान 0.50 से घटाकर 0.25% कर दिया है। एसबीआई रिसर्च के अनुसार, बाहरी परिस्थितियों में सुधार, विदेशी निवेश का प्रवाह दोबारा शुरू होने और रुपए पर दबाव कम होने से यह बदलाव हुआ है। रिपोर्ट में नवंबर में महंगाई छह प्रतिशत से ऊपर रहने की आशंका जताई गई है। अक्टूबर में RBI ने रेपो दर बढ़ाकर 5.50 % की थी। दिसंबर की वृद्धि के बाद रेपो दर 5.75 % पहुंच सकती है। विदेशी निवेशकों ने छह नवंबर के बाद भारतीय बाजारों में करीब 7.65 अरब डॉलर का निवेश किया है।

सम्मान समारोह: कर्नल (डॉ.) देव आनंद सिंह लोहामरोड़ को 'समता पुरस्कारम्'

सैनिकों का शौर्य, अनुशासन व समर्पण नागरिकों के लिए प्रेरणा

बेधड़क | जयपुर

त्रिदंडी चिन्ना श्रीमन्नारायण रामानुज जीयर स्वामी के 70वें जन्मोत्सव पर हैदराबाद के पास आयोजित समारोह में समाज के प्रति विशिष्ट योगदान देने वाली देश की 70 हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनरल आर.के. शर्मा, जनरल शोकिन चौहान, मेजर जनरल नरपत सिंह राजपुरोहित तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में भारतीय सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता कर्नल (डॉ.) देव आनंद सिंह लोहामरोड़ को 'समता पुरस्कारम्' दिया गया। कर्नल लोहामरोड़ को यह सम्मान सामाजिक न्याय, सैनिक कल्याण





और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए दिया गया। उनके कार्यों में जम्मू-कश्मीर के गुर्जर-बकरवाल समुदाय के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करते हुए अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के समर्थन में जनमत तैयार करना, दिवंगत सैनिकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान में राज्य-स्तरीय नियमों में संशोधन कराना तथा सशस्त्र बलों में महिला अधिकारियों को स्थायी कमिशन दिलाने और एनडीए व सैनिक स्कूलों में बालिकाओं के प्रवेश की वकालत करना शामिल है। वर्तमान में भाजपा राजस्थान प्रदेश सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक के रूप में वे राज्य सरकार की ओर से स्वीकृत 10 बालिका सैनिक विद्यालयों की जमीनी स्तर पर स्थापना का नेतृत्व कर रहे हैं।

सैनिक स्कूल के दो पूर्व छात्र एक साथ सम्मानित

इस मौके पर चिन्ना जीयर स्वामी ने भारतीय सेना को राष्ट्र की वास्तविक शक्ति बताते हुए कहा कि सैनिकों का शौर्य, अनुशासन और समर्पण समस्त नागरिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम का आकर्षण सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के दो पूर्व छात्रों मेजर जनरल नरपत सिंह राजपुरोहित और कर्नल (डॉ.) देव आनंद सिंह लोहामरोड़ का एक साथ सम्मानित होना भी रहा। भारतीय सेना में 34 वर्षों से अधिक की विशिष्ट सेवा देने के बाद कर्नल लोहामरोड़ वर्तमान में भूतपूर्व सैनिक विकास समिति, शहीद सम्मान समिति और इंटरनेशनल गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और वंचित समुदायों के कल्याण के लिए कार्यरत हैं।

City इवेंट्स

अनायरा वाधवा का जन्मदिन मनाया



लवीना वाधवा, अनायरा और लवली वाधवा। फोटो: पंकज शर्मा

बेधड़क. जयपुर। अनायरा वाधवा का जन्मदिन गुरुवार को बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गोपालपुरा स्थित होटल होलिडे इन एक्सप्रेस एंड सूइट्स में एक शानदार बर्थडे डिनर पार्टी का आयोजन किया गया। लवली वाधवा एवं लवीना वाधवा की ओर से शाम साढ़े सात बजे से आयोजित इस बर्थडे सेलिब्रेशन में परिजनों, प्रियजनों और आमंत्रित अतिथियों ने अनायरा को जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समारोह को यादगार बना दिया।

जयपुर बालिका टीम की विजयी शुरुआत



बेधड़क. जयपुर। 8वीं जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता-2026-27 का शुभारंभ गुरुवार को नरसिंहपुरा, मांझूवास स्थित सनशाइन एजुकेशन एकेडमी में हुआ। राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ व श्रीगंगानगर जिला बॉल बैडमिंटन संघ की ओर से आयोजित प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य बॉल बैडमिंटन संघ महासचिव शौकत अली मंसूरी रहे, जबकि अध्यक्षता भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के संरक्षक जे.पी. व्यास ने की। प्रतियोगिता के पहले दिन जयपुर की बालिका टीम ने विजयी शुरुआत करते हुए झुंझुनूं को हराया। बालक वर्ग का उद्घाटन मुकाबला ब्यावर और करौली के बीच खेला गया। जयपुर बालक टीम में जतिन (कप्तान), गर्व नाथ (उपकप्तान), प्रिंस प्रजापत, जयेश, अश्मित, मुकुल, अंकित, फरहान, सिद्धार्थ और लक्ष्य शामिल हैं। टीम के कोच लक्ष्मीकांत शर्मा और मैनेजर नैतिक अग्रवाल हैं। वहीं, बालिका टीम में ट्विंकल जायसवाल (कप्तान), रिया नाटा, इशिका, सुप्रिया, आमना, अनुष्का, रिदा, असिन, समीक्षा और मुस्कान शामिल हैं। टीम की कोच निकिता कंवर और मैनेजर कशिश खान हैं। प्रतियोगिता 14 नवंबर तक चलेगी।

सिंगल्स के सेमीफाइनलिस्ट तय

बेधड़क. जयपुर। जयपुर स्थित ड्रीम हाउस टेनिस एकेडमी में आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर जे-30 प्रतियोगिता में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के बाद सिंगल्स के सेमीफाइनलिस्ट तय हुए। प्रतियोगिता में देश-विदेश के खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। हविशा ने स्वानिका रॉय को, खुशी ने रंजना संग्राम को, प्राची ने कार्तिका पद्माकुमार को, आराध्या ने आहना को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं, वरद उंद्रे ने भवेश शाह हेमचंद्र शाह को, आरव ने पार्थिव नल्लागुंडला को हराया। राघव ने परांजय सिवाच पर (रिटायर्ड) बढ़त पर जीत दर्ज की, तो भाविक ने हीत भीमशीभाई कंडोरिया के रिटायर्ड होने के कारण मुकाबला जीता। टूर्नामेंट डायरेक्टर सुमित ने बताया कि राजस्थान से गर्ल्स सिंगल्स में राज्य की दो खिलाड़ियों, हविशा और आराध्या ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

प्रगतिशील लेखक संघ का सम्मेलन कल

बेधड़क. जयपुर। राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ की ओर से शनिवार को राज्य सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर, जयपुर स्थित देशश्री शिक्षक सदन के सभागार में होगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे होगी। सम्मेलन के उद्घाटन व वैचारिक सत्र में ज्योतिबा फुले के 'सामाजिक परिवर्तन' व सावित्रीबाई फुले के 'संघर्ष और शैक्षिक क्रांति' विषयों पर चर्चा होगी। इस दौरान अध्यक्ष मंडल में गोविंद माथुर रहेंगे, जबकि अध्यक्ष डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल होंगे। मुख्य अतिथि डॉ. सुखदेव सिंह सिरसा होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में हरिराम मीणा (ज्योतिबा फुले : सामाजिक परिवर्तन) और अनीता भारती (सावित्रीबाई फुले : संघर्ष व शैक्षिक क्रांति) विचार रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय अनुरागी करेंगे। दोपहर 1:30 बजे भोजन अवकाश के बाद दोपहर 2:30 बजे संगठन सत्र आयोजित होगा। इसमें राजस्थान प्रलेस अध्यक्ष गोविंद माथुर रहेंगे तथा विशिष्ट अतिथि सुखदेव सिंह सिरसा होंगे। सत्र में संगठन रिपोर्ट रजनी मोरवाल प्रस्तुत करेंगी। साथ ही संगठन की नई कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

JLF का 20वां संस्करण होगा यादगार, मुंबई प्रीव्यू में दिखाई झलक

साहित्य की महफिल में सजेगी कला सिनेमा व विचारों की रंगीन दुनिया

बेधड़क | जयपुर

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का 20वां संस्करण खास और यादगार होगा। दो दशक पूरे कर चुके इंटरनेशनल लिटरेचर आयोजन में साहित्यकारों के साथ बॉलीवुड और कला जगत की कई चर्चित हस्तियां भी शिरकत करेंगी। अभिनेत्री और टीवी पर्सनैलिटी सिमी ग्रेवाल, फिल्म निर्देशक व संगीतकार विशाल भारद्वाज, गायिका रेखा भारद्वाज और चर्चित रेस्टोरेंट उद्यमी राहुल अकरकर फेस्टिवल के आकर्षण होंगे। इनके अलावा अभिनेता जॉय सेन गुप्ता, लेखक जीत थायिल, कवि रंजीत होस्कोटे और लेखिका-पॉडकास्टर शुनाली खूल्लर श्रॉफ भी हिस्सा बनेंगे। गौरतलब है कि जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का 20वां संस्करण 14 से 18 जनवरी तक जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित किया जाएगा। फेस्टिवल सिर्फ किताबों और लेखकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सिनेमा, संगीत, खानपान, इतिहास, राजनीति, विज्ञान, अर्थव्यवस्था और समकालीन समाज जैसे विषयों पर भी संवाद होंगे। मुंबई में 20वें संस्करण के प्रीव्यू के दौरान आयोजकों ने इसकी झलक पेश की। द क्वोरम में आयोजित कार्यक्रम में साहित्य, कला, संस्कृति और मीडिया जगत की कई हस्तियां शामिल हुईं। फेस्टिवल में फिल्म और मनोरंजन जगत की उपस्थिति खास रहने वाली है। सिमी ग्रेवाल अपनी खास शख्सियत और टेलीविजन पर चर्चित बातचीत के अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वहीं, विशाल भारद्वाज भारतीय सिनेमा में निर्देशक, संगीतकार और पटकथा लेखक के रूप में अपनी अलग पहचान रखते हैं। मकबूल, ओमकारा, हैदर और कमीने जैसी फिल्मों के जरिए उन्होंने साहित्यिक कहानियों और सिनेमा के बीच रिश्ता स्थापित किया है। उनकी मौजूदगी से फेस्टिवल में सिनेमा, साहित्य और कहानी कहने की कला पर दिलचस्प बातचीत की उम्मीद रहेगी।



दो दशक की यात्रा और सांस्कृतिक पहलों का प्रदर्शन

फेस्टिवल के 20वें संस्करण को लेकर आयोजित प्रीव्यू कार्यक्रम में फेस्टिवल की दो दशक की यात्रा और टीमवर्क आर्ट्स की विभिन्न सांस्कृतिक पहलों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियों से हुई, जिनमें जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के साथ जयपुर बुकमार्क, जयपुर म्यूजिक स्टेज और टीडब्ल्यूए वॉयेज की गतिविधियों को दिखाया गया। टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और फेस्टिवल के प्रोड्यूसर संजय के. रॉय ने इस मौके पर कहा कि जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की शुरुआत एक साहित्यिक आयोजन के रूप में हुई थी, लेकिन आज यह दुनिया के महत्वपूर्ण साहित्यिक और सांस्कृतिक मंचों में शामिल हो चुका है।

8 हजार से अधिक लेखक, स्पीकर व आर्टिस्ट जुड़े

संजय के. रॉय ने बताया कि अब तक फेस्टिवल में 50 लाख से अधिक लोग शामिल हो चुके हैं और 8 हजार से अधिक लेखक, स्पीकर व आर्टिस्ट इससे जुड़ चुके हैं। इसकी ग्लोबल रीच एक अरब से ज्यादा लोगों तक आंकी गई है। भारतीय और अंतरराष्ट्रीय साहित्य जगत की कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। इस सूची में नोबेल पुरस्कार विजेता लेखिका ओल्गा तोकार्चुक, लेखिका सुधा मूर्ति, साहित्य समीक्षक जेम्स वुड, अर्थशास्त्री एस्थर डुफ्लो, इतिहासकार नील मैकग्रेगर, लेखिका क्लेयर मेसुड, नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक सर पॉल नर्स, अक्षता मूर्ति और पत्रकार मिशाल हुसैन जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा पुलित्जर पुरस्कार विजेता लेखक लियाकत अहमद, 2026 के बेली गिफोर्ड पुरस्कार विजेता एडमंड रिचर्डसन, 2026 के ऑरवेल पुरस्कार के लिए नामित लेखिका एंटोनिया सीनियर और द गार्जियन की संस्कृति लेखिका शार्लट हिगिंस भी फेस्टिवल में शामिल होंगी। नीति आयोग के पूर्व सीईओ और जी-20 शेरपा अमिताभ कांत, शिकागो विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री माइकल ग्रीनस्टोन तथा ब्लूमबर्ग बिजनेसवीक के पत्रकार एवं लेखक मैथ्यू कैंपबेल भी अपने विचार साझा करेंगे।



विशाल भारद्वाज।



संजय के. रॉय।




राहुल।

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

जिफ की दूसरी सूची में 35 देशों की फिल्में







बेधड़क | जयपुर

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और उनसे जुड़े रहस्यों पर आधारित 'द बोस फाइल्सः सच या साजिश', 'द लास्ट कैंडिडेट', 'मिसाल' और ईरानी फिल्म 'के-पॉपर' जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ)-2027 के प्रमुख आकर्षण होंगी।

जिफ की दूसरी नामांकन सूची में 35 देशों की 147 फिल्में और पटकथाएं शामिल की गई हैं। इनमें 47 भारतीय और 100 विदेशी प्रविष्टियां हैं। सूची में 13 प्रतियोगिता श्रेणियों के तहत फीचर फिल्म, वृत्तचित्र, एनिमेशन, एआई फिल्में, विज्ञापन, संगीत, फोटोग्राफी और पटकथाओं को स्थान मिला है। राजेश गुप्ता निर्देशित 'द बोस फाइल्सः सच या साजिश' में यतीन कार्येकर, अखिलेन्द्र मिश्रा, अपूर्वा अरोड़ा, वीरेन्द्र सक्सेना और अमित बहल हैं।

वहीं, 'द लास्ट कैंडिडेट' में किरण कुमार, 'मिसाल' में हितेन तेजवानी, गौरी प्रधान और पंकज बेरी तथा ईरानी फिल्म 'के-पॉपर' में सरेह बयात और सेतायेश देहघान नजर आएंगे। सरेह बयात अभिनीत ईरानी फिल्म 'अ सेपरेशन' ने 2011 में ईरान को पहला ऑस्कर दिलाया था। यह फिल्म जिफ-2011 में भी प्रदर्शित हुई थी। पहली सूची में 39 देशों की 248 फिल्मों को स्थान मिला था। जिफ प्रवक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. राजेन्द्र बोड़ा ने बताया कि दूसरी सूची में 82 देशों से प्राप्त 877 प्रविष्टियों में से फिल्मों और पटकथाओं का चयन किया गया है। उन्होंने कहा 19वां जिफ-2027 आठ से 12 जनवरी तक जयपुर में होगा। इसके साथ 10वां न्यू दिल्ली फिल्म फेस्टिवल, जयपुर फिल्म मार्केट और जीसीसी- दिल्ली फिल्म कन्वेंशन व समिट-2027 सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

राष्ट्रीय वेटरन टी-20 **विजन क्रिकेट इंडिया लीग की जर्सी लॉन्च, 13 से 15 तक होंगे मैच**

40 से 60 साल तक के खिलाड़ी क्रिकेट में दिखाएंगे दम

बेधड़क | जयपुर

जयपुर में एक बार फिर क्रिकेट के प्रति जुनून और खेल के प्रति समर्पण दिखाई देगा और उम्र उसमें कोई बाधा नहीं होगी। मौका होगा शहर में विजन क्रिकेट इंडिया लीग की शुरुआत का, जिसके लिए लाल कोठी स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों की जर्सी लॉन्च की गई। साथ ही विजन क्रिकेट इंडिया लीग की विधिवत शुरुआत की घोषणा की गई। वीसीआईएल के संस्थापक शरत शर्मा ने कहा कि क्रिकेट खेलने की कोई उम्र नहीं होती।

लीग का उद्देश्य 40 वर्ष, 50 वर्ष, 60 वर्ष और इससे अधिक आयु के अनुभवी खिलाड़ियों को क्रिकेट के मैदान से जोड़े रखना है। उम्र बढ़ने के साथ खेल से दूरी बनाने के बजाय फिटनेस और सक्रिय जीवनशैली को अपनाना जरूरी है। वीसीआईएल के माध्यम से अनुभवी खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने और प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट खेलने के लिए प्रतिवर्ष राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। वीसीआईएल संस्थापक शरत शर्मा, इवेंट ऑर्गेनाइजर आंचल चौधरी तथा युवा आइकन व समाज सेवक डॉ. राजीव शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पांचों टीमों के कप्तानों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई और टूर्नामेंट को लेकर उत्साह व्यक्त किया।



कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में खिलाड़ियों की जर्सी लॉन्च करते आयोजक और अतिथि।

टूर्नामेंट में देश की पांच टीमें लेंगी हिस्सा

13 से 15 नवंबर तक राष्ट्रीय वेटरन टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले रणवीर सिंह क्रिकेट स्टेडियम और सोनी स्टेडियम में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में देश की पांच टीमें हिस्सा लेंगी। इस दौरान सेंट्रल स्ट्राइकर्स- सुखदेव घुम्मन, रेस्ट ऑफ इंडिया- अच्युत मालाकार, मुंबई मास्टर्स- मनोज ओजा, बाका केआरएस- श्रीनिवास यूबी व गरुड़ा बेंगलुरु- विश्वजीत नायक की टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजकों के अनुसार विजन क्रिकेट इंडिया लीग केवल क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुभवी खिलाड़ियों की फिटनेस, स्वास्थ्य, खेल भावना और आपसी जुड़ाव को बढ़ावा देने वाली पहल है। इससे उन खिलाड़ियों को दोबारा प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट का अवसर मिलेगा, जो वर्षों से क्रिकेट से जुड़े रहे हैं और आज भी खेल के प्रति उतना ही जुनून रखते हैं। लीग के जरिए संदेश दिया जाएगा कि उम्र बढ़ने का अर्थ अपने पसंदीदा खेल से दूर होना नहीं है। फिटनेस, जुनून और खेल भावना के साथ क्रिकेट जीवन के हर पड़ाव पर खेला जा सकता है।

'अ वुमन अलोन' ने स्त्री जीवन के अनकहे पहलुओं से कराया रूबरू

हंसते-हंसते रोना, गुस्से में टूट पड़ना और फिर संभल जाना... यही स्त्री है

बेधड़क | जयपुर

स्त्री के अकेलेपन, उसकी खामोश चीख और उसकी अनकही इच्छाओं को मंच पर जीवंत होते देखा तो दर्शक कभी भावुक, कभी गंभीर तो कभी चिंतित दिखाई दिए।

मौका था एपिलॉग थिएटर की ओर से इतालवी नाटककार और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित डारियो फो की नाट्यकृति 'अ वुमन अलोन' के मंचन का, जो जवाहर कला केंद्र के कृष्णायन सभागार में किया गया। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से स्नातक सुनीता तिवारी नागपाल के निर्देशन में प्रस्तुत एकल नाटक में अभिनेत्री प्रिया सोगानी ने मुख्य भूमिका निभाई। लगभग एक घंटे तक मंच पर अकेले मौजूद प्रिया ने अभिनय, भाव-भंगिमाओं और संवाद अदायगी से स्त्री के जीवन की जटिलताओं, भावनात्मक संघर्षों और अनकही इच्छाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। दर्शक शुरू से अंत तक उनकी प्रस्तुति से बंधे रहे।

मनोरंजन के साथ आत्मचिंतन भी

'अ वुमन अलोन' एक ऐसी स्त्री की कहानी है, जिसकी दुनिया घर की चारदीवारी के भीतर सिमटी हुई दिखाई देती है। बाहर से उसका जीवन सामान्य लगता है, लेकिन उसके भीतर भावनाओं, इच्छाओं, असंतोष और स्वतंत्रता की आकांक्षाओं का संसार मौजूद है। नाटक स्त्री की सामाजिक स्थिति, पारिवारिक बंधनों, अकेलेपन, पति-पत्नी के रिश्ते और व्यक्तिगत पहचान जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सामने लाया। गौरतलब है कि नाटक मूल रूप से डारियो फो और फ्रांका रामे ने लिखा। इसका हिंदी अनुवाद हिमांशु जोशी ने किया है, जबकि रूपांतरण सुनीता तिवारी नागपाल ने किया। डारियो फो की विशिष्ट लेखन शैली के अनुरूप इसमें हास्य और व्यंग्य से गंभीर सामाजिक प्रश्नों को प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को मनोरंजन के साथ आत्मचिंतन का अवसर दिया।

स्त्री के अनकहे अनुभवों से जोड़ने का प्रयास

निर्देशक सुनीता तिवारी नागपाल ने रंगमंचीय दृष्टि से नाटक के भावनात्मक और व्यंग्यात्मक पहलुओं को प्रस्तुत किया। मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और अभिनय की गति को उन्होंने इस तरह संयोजित किया कि एक ही किरदार और एक ही कमरा भी दर्शकों को कभी बोझिल नहीं लगा। प्रिया सोगानी ने केंद्रीय किरदार की संवेदनाओं, विडंबनाओं और आंतरिक संघर्षों को गहराई से जिया। हंसते-हंसते रो पड़ना, गुस्से में टूट जाना और फिर खुद को संभाल लेना - प्रिया के अभिनय के इन रंगों ने स्त्री के उन अनुभवों से जोड़ने का प्रयास किया, जो अक्सर समाज में अनकहे रह जाते हैं। प्रस्तुति में संगीत संयोजन व संचालन सऊद नियाजी ने किया। उनके संगीत ने नाटक को और अधिक प्रभावशाली बनाया। समापन पर दर्शकों ने खड़े होकर कलाकारों का अभिवादन किया। दर्शकों ने कहा कि नाटक उन्हें मां, बहन, पत्नी और बेटी के बारे में सोचने पर मजबूर कर गया। एपिलॉग थिएटर की यह प्रस्तुति रंगमंच से स्त्री की स्वतंत्रता और उसकी आवाज जैसे विषयों पर संवाद स्थापित करने का प्रयास रही।





नाटक के दौरान अभिनय की विभिन्न मुद्राओं में अभिनेत्री प्रिया सोगानी।



'मोम की हरमनप्रीत' का अनावरण आज



बेधड़क. जयपुर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर के वैक्स स्टैच्यू का अनावरण शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगा। 'हिस्टोरिका- इतिहास के कदमों में प्रवेश करें' की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हरमनप्रीत कौर स्वयं मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू होगा। हरमनप्रीत महिला क्रिकेट के इतिहास की सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। उनकी उल्लेखनीय खेल यात्रा, नेतृत्व क्षमता और भारतीय क्रिकेट में योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से उनकी मोम की प्रतिमा तैयार की गई है। इस असाधारण प्रतिमा से उनकी खेल विरासत को जीवंत रूप दिया जाएगा। हिस्टोरिका संस्थापक अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि आयोजन हरमनप्रीत के शानदार सफर का उत्सव है। उनके अनुसार, प्रतिमा का अनावरण स्वयं हरमनप्रीत कौर की मौजूदगी में किया जाएगा। इस मौके पर जयपुराइट्स के साथ कौर के प्रशंसक और क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहेंगे। साथ ही हरमन युवाओं के साथ इंटरेक्ट भी करेंगी।

रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ



बेधड़क. जयपुर। राजस्थान में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और रोलर स्केटिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के तहत खेल सिटी, जगतपुरा में स्की रेस तथा तरुछाया रेजीडेंसी के पास रोड रेस का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राजस्थान स्केट एसोसिएशन सचिव योगेन्द्र खत्री ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ राजस्थान स्केट एसोसिएशन चेयरमैन अनिल कुमार सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं को प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने का अवसर देती हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में राजस्थान के 27 जिलों से लगभग 540 स्केटर्स भाग ले रहे हैं।

City इवेंट्स

संग्रहालयों के पुनर्विकास कार्यों पर चर्चा



बेधड़क. जयपुर। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने पर्यटन भवन में पुरातत्व व संग्रहालय विभाग तथा एडमा के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश के राजकीय संग्रहालयों में चल रहे पुनर्विकास कार्यों पर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संग्रहालयों के पुनर्विकास से जुड़े सभी कार्यों की गुणवत्ता विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के राजकीय संग्रहालय हमारी अमूल्य ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर हैं। इनका संरक्षण, संवर्धन और बेहतर विकास करना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी राजस्थान की समृद्ध विरासत और गौरवशाली इतिहास से परिचित हो सकें।

'ताल-2026' में बिखेरेंगे कथक के रंग



बेधड़क. जयपुर। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कथक डांस एंड म्यूजिक का 20वां वार्षिकोत्सव 'ताल-2026' रविवार को शाम 5:30 बजे महाराणा प्रताप सभागार में होगा। नृत्य गुरु डॉ. स्वाति अग्रवाल के निर्देशन में छह से पचास वर्ष तक के साधनारत कलाकार कथक के विविध रंग बिखेरेंगे। समारोह में डॉ. स्वाति अग्रवाल की 'बैयां न मरोरो कृष्ण मुरारी' ठुमरी पर एकल कथक प्रस्तुति विशेष आकर्षण होगी। शिव वंदना, ताल अष्टमंगल में शुद्ध कथक, तीनताल, राजस्थानी लोकनृत्य और देवी वंदना के साथ नाट्यशास्त्र के करण, आंगिक अभिनय और चतुरंग की प्रस्तुतियां होंगी। समारोह में रंग निर्देशक अशोक राही, गायिका प्रो. सुमन यादव, कथक गुरु डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी और लोक कला मर्मज्ञ विनोद जोशी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रणय भारद्वाज करेंगे। समापन पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

नेहरू जयंती पर विचार गोष्ठी कल

बेधड़क. जयपुर। भारत सेवा संस्थान व अन्य सहयोगी संस्थाओं की ओर से देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को जयपुर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संस्थान सचिव जीएस बापना के अनुसार विचार गोष्ठी सुबह 11 बजे से झालाना डूंगरी स्थित राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति (7-ए, झालाना सांस्थानिक क्षेत्र) कार्यालय में होगी। 'नेहरू युग और वर्तमान परिस्थितियां' विषयक गोष्ठी में देश के जाने-माने पत्रकार व लेखक डॉ. पंकज श्रीवास्तव मुख्य वक्ता होंगे। गोष्ठी से पहले सुबह 8:30 बजे रामनिवास बाग स्थित नेहरू प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा। बापना सहित कार्यक्रम संयोजक राजीव अरोड़ा, एल.डी. शर्मा और श्याम सुंदर जोशी ने शहर के प्रबुद्धजनों, युवाओं और आमजन से कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है।

SPG इंडिया महिला विंग ने किया गेट-टुगेदर

गुप्ता और द्रोपती ने जीता बेस्ट सांस्कृतिक नृत्य का पुरस्कार



बेधड़क | जयपुर

एसपीजी इंडिया महिला विंग ने 'माया महल' में 'दीवाली स्नेह मिलन' (गेट-टुगेदर) का आयोजन किया। कार्यक्रम में रॉक डांस, फैंसी ड्रेस, गायन और सांस्कृतिक नृत्य सहित कई प्रतियोगिताओं और प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। इनमें सदस्यों और उनके परिवारों ने भाग लिया। महिला विंग की अध्यक्ष गिर्राज देवी रावत ने कहा कि आज के दौर में व्यक्तिगत और सामाजिक जुड़ाव घटता जा रहा है और ज्यादातर समय मोबाइल पर बीत रहा है। एक-दूसरे को बेहतर ढंग से जानने और आपसी संबंध मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक नृत्य का पुरस्कार एल.एल. गुप्ता व द्रोपती देवी को मिला, जबकि उपविजेता कृष्ण अवतार व माया देवी रहे। सर्वश्रेष्ठ भजन गायन का पुरस्कार रामावतार खंडेलवाल, ललित व श्रीमती चंदा देवी को मिला, जबकि उपविजेता राजेश दालवाला व विमला देवी रहे। वहीं, सर्वश्रेष्ठ रॉक डांस का पुरस्कार अमित दालवाला व वीनू देवी को मिला, तो उपविजेता अंकित दालवाला व शुभ्रा देवी बने। इसी प्रकार फैंसी ड्रेस में प्रथम पुरस्कार देवेश व ज्योति को मिला, जबकि उपविजेता पुलकित, प्रियांशी, शुभांक, यशु, श्रेया, आध्या और किविका रहे। इस अवसर पर SPG इंडिया अध्यक्ष प्रो. बी.डी. रावत तथा कार्यकारिणी सदस्य अरुण, जुगल किशोर, राजेश, गौरी शंकर, अवनीश, राहुल, रितेश और जयंत उपस्थित रहे। उन्होंने स्वर्गीय राधेश्याम दालवाला तथा मनभरी देवी के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

युवा आर्टिस्ट हिमांशी ने पवन अरोड़ा को भेंट किया वुडन पोर्ट्रेट

लकड़ी पर खूबसूरती से उकेरी चेहरे की बारीकियां व इमोशंस

बेधड़क | जयपुर

युवा आर्टिस्ट हिमांशी चौधरी ने सच बेधड़क के कार्यालय में न्यूज चैनल के सीएमडी पवन अरोड़ा को उनका विशेष रूप से तैयार किया गया वुडन पोर्ट्रेट भेंट किया। अनूठी कलाकृति को देखकर पवन अरोड़ा ने हिमांशी के हुनर और रचनात्मकता की सराहना की। इस दौरान पवन अरोड़ा ने हिमांशी से पोर्ट्रेट बनाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चेहरे की बारीकियों और भावों को वुड पर खूबसूरती से उकेरने की तकनीक में रुचि दिखाई।

हिमांशी ने बताया कि इस तकनीक में सबसे पहले iPad पर संबंधित व्यक्ति के चेहरे का स्केच तैयार करती हैं, जिसमें चेहरे की बनावट, आंखों, नाक, होंठों और भाव-भंगिमाओं की बारीकियों का ध्यान रखा जाता है। इसके बाद तैयार डिजाइन को लेजर मशीन की मदद से वुड की दो अलग-अलग शेड्स में काटा जाता है। फिर दोनों के हिस्सों को एक-एक करके बारीकी से जोड़ा जाता है। इसके बाद तैयार होता है जीवंत वुडन पोर्ट्रेट, जिसमें व्यक्ति के चेहरे की पहचान और भावनाएं कलात्मक अंदाज में नजर आती हैं। गौरतलब है कि हिमांशी चौधरी का जयपुर के जवाहर कला केंद्र में एक महीने से आर्ट व क्राफ्ट स्टॉल संचालित हो रहा है। पवन अरोड़ा ने हिमांशी के काम की सराहना करते हुए उनके स्टॉल पर आने का आश्वासन भी दिया।



पवन अरोड़ा को पोर्ट्रेट भेंट करतीं हिमांशी चौधरी।

कार्यशाला | लाइव सर्जरी से दी आधुनिक तकनीक की जानकारी

जबड़े के जोड़ की बीमारी का बिना बड़े चीरे के इलाज

बेधड़क | जयपुर

जबड़े के जोड़ में दर्द, आवाज आने और मुंह लॉक होने जैसी समस्याओं का इलाज अब बिना बड़े चीरे के दूरबीन तकनीक से संभव है। इसी आधुनिक चिकित्सा पद्धति से चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से आरयूएचएस कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में गुरुवार से 'टीएमजे आर्थ्रोस्कोपी' (जबड़े के जोड़ की दूरबीन द्वारा सर्जरी) पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू हुई। इसका आयोजन कॉलेज के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग एवं एओएमएसआई राजस्थान स्टेट चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि एओएमएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि आरयूएचएस के प्राचार्य डॉ. मनोज अग्रवाल और राजस्थान स्टेट डेंटल काउंसिल अध्यक्ष डॉ. होती लाल गुप्ता उपस्थित रहे। आयोजन सचिव डॉ. संकल्प मित्तल ने बताया कि कोर्स मेंटर कनाडा के वरिष्ठ सर्जन डॉ. विक्रम प्रभाकर चिकित्सकों को बिना बड़े चीरे वाली आधुनिक दूरबीन तकनीक का प्रशिक्षण दे रहे हैं।



पोस्ट-ऑपरेटिव केस एनालिसिस आज

कार्यशाला के दौरान दो प्रमुख लाइव सर्जरी केस का प्रदर्शन किया गया। पहले केस में चबाते समय जबड़े में कट-कट की आवाज और दर्द की समस्या से पीड़ित मरीज के जोड़ की दूरबीन से सफाई कर खिसकी हुई गद्दी (डिस्क) को सही किया गया। वहीं, दूसरे केस में जबड़े की गद्दी पूरी तरह फंस जाने से मरीज का मुंह दो उंगलियों से भी कम खुल पा रहा था। इस मामले में बिना बाहरी चीरे के जोड़ की जकड़न खोलकर मुंह का सामान्य खुलना संभव किया गया। पहले दिन आरयूएचएस में लाइव सर्जरी के साथ होटल जोन बाय पार्क (बनीपार्क) में इसका सीधा प्रसारण और व्याख्यान आयोजित किए गए। वहीं, 13 नवंबर को होटल जोन बाय पार्क में पोस्ट-ऑपरेटिव केस एनालिसिस होगा।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/003/2026-28

न्यूज बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, शुक्रवार, 13 नवंबर, 2026



"खुश रहना कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होता।"

पवन अरोड़ा, सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक

बिजली उत्पादन और आपूर्ति के लिए मिशन मोड में काम करे ऊर्जा विभाग: भजनलाल

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को दो अलग-अलग बैठकों में प्रदेश की ऊर्जा व्यवस्था और तनोट माता मंदिर के पुनर्विकास से जुड़े अहम निर्णय लिए। ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने घरेलू उपभोक्ताओं, किसानों और उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड पर काम करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश बिजली उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है और राज्य सरकार के प्रयासों से दूसरे प्रदेशों को करीब 2 हजार करोड़ रुपए की बिजली बेची गई है। वहीं, तनोट माता मंदिर की पुनर्विकास परियोजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने और काम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने रबी सीजन में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था और मजबूत करने के निर्देश दिए। हाल ही में खैरथल-तिजारा में भी यह सुविधा शुरू की गई है। अब प्रदेश के 28 जिलों में 13 लाख 56 हजार से अधिक किसानों को दिन में बिजली मिल रही है।

उन्होंने बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।



ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक लेते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, मुख्यमंत्री कार्यालय के एसीएस अखिल अरोड़ा, ऊर्जा विभाग की शासन सचिव आरती डोगरा सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बिजली छीजत व घाटे में कमी

बैठक में बताया गया कि ऊर्जा विभाग के प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिजली क्षेत्र का घाटा 89,907.77 करोड़ रुपए रहा, जबकि पूर्व अनुमान के अनुसार यह 1 लाख 21 हजार 73 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता था। तीनों डिस्कॉम की विद्युत छीजत भी 2019-20 के 19.43% से घटकर 2025-26 में 12.84% रह गई है। जोधपुर डिस्कॉम में यह करीब 38% से घटकर 18.64% हुई है। जयपुर डिस्कॉम ने 2025-26 में 931 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया, जबकि अजमेर डिस्कॉम को 2023-24 में 825 करोड़ और 2024-25 में 1,875 करोड़ रुपए का लाभ हुआ।

तनोट माता मंदिर में विकसित होंगी बेहतर सुविधाएं

सीएम ने मुख्यमंत्री निवास पर तनोट माता मंदिर की पुनर्विकास परियोजना की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्व प्रसिद्ध मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उनके लिए ठहरने, पार्किंग सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने बताया कि परियोजना के लिए भूमि आवंटित हो चुकी है और परियोजना रिपोर्ट भी तैयार है।

बेधड़क FIRST

दो मदन की दोस्ती, दिवाली पर यादों की मिठास



सियासत की चकाचौंध, मंत्री पद की जिम्मेदारियां और व्यस्तता लेकिन इन सबके बीच कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं जिनका रंग कभी फीका नहीं पड़ता। दिवाली पर कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर का ऐसा ही दोस्ताना अंदाज देखने को मिला। मंत्रीजी ने सियासत से इतर दोस्ती का पुराना अध्याय फिर से खोल दिया। मौका था दीपावली की शुभकामनाएं देने का। मदन दिलावर ने शाहबाद के अपने पुराने मित्र को वीडियो कॉल कर राम-राम की। फिर क्या था वीडियो कॉल पर दोनों दोस्तों ने खूब आत्मीयता बांटी। बातों का सिलसिला आगे बढ़ा तो पुरानी यादों की पोटली खुल गई। बीते दिनों के किस्से ताजा हुए और आदिवासी अंचल के इस मित्र के साथ बरसों पुराना याराना एक बार फिर नजर आया। मंत्री पद मिला, जिम्मेदारियां बढ़ीं, राजनीतिक कद भी बढ़ा लेकिन दोस्ती का पुराना हिसाब आज भी बरकरार है। दिवाली पर रिश्तों की मिठास के सामने सियासी चमक भी फीकी नजर आई। कुर्सी बदली, कद बढ़ा मगर दोस्ती का रंग नहीं बदला। कहते हैं वक्त बदलता है सच्चे यार नहीं बदलते। मदन दिलावर की यह मुलाकात इसी बात की खूबसूरत मिसाल बन गई।

शेर चल रहे लोमड़ी के पीछे....!

धौलपुर की सियासत में इन दिनों रिश्तों से ज्यादा बगावत के चर्चे हैं। मामला विपक्ष की कोठी से जुड़ा है, जहां पत्नी विपक्ष की विधायक हैं तो पति सत्तारूढ़ पार्टी के मंच से सियासी हुंकार भर रहे हैं। बीएल कुशवाह के बागी तेवरों ने जिले की राजनीति में हलचल मचा दी है। कुशवाह ने बिना नाम लिए विधायक रोहित बोहरा को सियासी लोमड़ी बताते हुए कहा कि राजाखेड़ा में शेर लोमड़ी के पीछे चल रहे हैं। इतना ही नहीं कुशवाह ने कोठी को जड़ से उखाड़ने का ऐलान कर दिया। बोले अन्याय की इंतहा हो चुकी है, अब इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रमुख के टिकट बंटवारे को लेकर उन्होंने विपक्ष के नेतृत्व पर भी निशाना साधा। आरोप लगाया कि तीन हजार वोटों वाला व्यक्ति तीन लाख वोटों पर राजनीति कर रहा है। वहीं, सत्तारूढ़ पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा कर वोट मांगे। कुशवाह ने दो टूक कहा कि किसी राजनीतिक दल का गुलाम बनकर नहीं रहूंगा। बोले किसी पार्टी से बैर नहीं लेकिन कोठी वालों की खैर नहीं। पत्नी विपक्ष में और पति सत्तारूढ़ पार्टी के लिए चुनावी मैदान में। अब धौलपुर में सियासी समीकरणों के साथ रिश्तों की चर्चा भी तेज है।

राजाजी की घर वापसी, बदले सियासी सुर



भरतपुर की सियासत में लंबे अरसे बाद एक बार फिर राजाजी की मौजूदगी ने चर्चाओं को हवा दे दी है। नाराजगी के बाद पूर्व मंत्री राजाजी कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में पहुंचे तो सियासी गलियारों में नए समीकरणों की चर्चा शुरू हो गई। मौका था पंचायत चुनाव की रणनीति तैयार करने का। बैठक में राजाजी के साथ चिरंजीव राव और सांसद भजनलाल जाटव भी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा के साथ राजाजी ने संगठन और चुनावी रणनीति पर चर्चा की। गौरतलब है कि पिछले दिनों पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठाकर राजाजी ने कांग्रेस में हलचल मचा दी थी लेकिन अब लंबी खामोशी के बाद वे एक बार फिर पार्टी के मंच पर नजर आए। बैठक में राजाजी ने भरतपुर के हक, सम्मान और विकास को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। साथ ही कार्यकर्ताओं के तैयार होने और जनता का आशीर्वाद साथ होने की बात भी कही। अब जिला प्रमुख के चेहरे को लेकर भी राजाजी के रुख को अहम माना जा रहा है। उनकी मौजूदगी को संगठन से नाराजगी दूर होने के संकेत के तौर पर देखा जाए या जिला प्रमुख के चुनाव को लेकर नई सियासी बिसात के रूप में? फिलहाल भरतपुर कांग्रेस में राजाजी की वापसी ने चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है।

■ संकलनः शीतल जैन

प्रदेशभर में 8 से 25 दिसंबर तक होंगे कई कार्यक्रम

भजन सरकार के तीन साल पूरे होने पर 18 दिन तक मनेगा जश्न

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में 8 से 25 दिसंबर तक 18 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों और आयोजनों की श्रृंखला चलेगी। सरकार इन आयोजनों के जरिए कृषि, निवेश, रोजगार, महिला सशक्तीकरण, पर्यटन, युवा प्रतिभाओं और सुशासन से जुड़े कामों को केंद्र में रखेगी। कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को शासन सचिवालय में सचिवों की समिति की बैठक लेकर विभागवार प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि तीन दिवसीय ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट इस आयोजन श्रृंखला का प्रमुख आकर्षण होगा। इसके साथ युवाओं के लिए नवाचार सम्मेलन, खेल गतिविधियां और प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।



राजस्व संग्रह में 12.20% की बढ़ोतरी

प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2026-27 में अक्टूबर तक 81,606 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। यह पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 12.20 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, 1,08,442 करोड़ रुपए के आनुपातिक लक्ष्य के मुकाबले राजस्व प्राप्ति 75.25 प्रतिशत ही रही। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को शासन सचिवालय में हुई वित्त (राजस्व) विभाग की समीक्षा बैठक में सभी विभागों को लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व संग्रहण की नियमित समीक्षा, कर चोरी पर नियंत्रण, राजस्व रिसाव रोकने और बकाया वसूली पर जोर दिया।

रोजगार उत्सव सहित होंगे कई आयोजन

कार्यक्रमों की श्रृंखला में राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव एवं कौशल मेला और नारी शक्ति सम्मेलन भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय सरस मेले का आयोजन भी प्रस्तावित है। युवाओं को जोड़ने के लिए नवाचार सम्मेलन, खेलो राजस्थान और शिक्षण संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करने की योजना है। प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान के लिए प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। प्रदेश की विरासत और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शेखावाटी हेरिटेज मीट तथा प्रवासी राजस्थानी दिवस के आयोजन प्रस्तावित हैं।

वैश्विक मंच पर राजस्थान के प्रशासनिक मॉडल की गूंज

17 से 20 नवंबर तक सियोल में रहेंगे CS

बेधड़क | जयपुर

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास 17 से 20 नवंबर तक दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के दौरे पर रहेंगे। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव साइंसेज (IIAS) के अध्यक्ष के रूप में वे IIAS-2026 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत और राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। चार दिवसीय दौरे में वैश्विक स्तर पर प्रशासनिक सुधार, सुशासन और सहयोगात्मक प्रशासन के मुद्दों पर चर्चा होगी। दौरे के पहले दिन 17 नवंबर को वे रिसर्च एडवाइजरी



कमेटी, फाइनेंस कमेटी और काउंसिल ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन की बैठकों में शामिल होने के साथ जनरल असेंबली की अध्यक्षता करेंगे। 18 नवंबर को सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। इस दौरान कोरिया की नेशनल असेंबली के स्पीकर और गृह एवं सुरक्षा मंत्री के साथ मंच साझा करेंगे। 19 नवंबर को सम्मेलन की थीम 'ग्रोथ फॉर सोसाइटी' पर आधारित सियोल डिक्लेरेशन पर हस्ताक्षर करेंगे। साथ ही सिंगापुर की नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के व्याख्यान में शामिल होंगे। 20 नवंबर को नेशनल म्यूजियम का दौरा करने के बाद IIAS की नवनियुक्त महानिदेशक से मुलाकात करेंगे और सम्मेलन के समापन एवं विदाई सत्र की अध्यक्षता करेंगे।

राज्यपाल को दिवाली की बधाई

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से गुरुवार को दीपावली के अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा और विधायक गोपाल शर्मा सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने लोकभवन पहुंचकर बधाई दी। इस दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सभी को दीपावली की बधाई देते हुए सुख-समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना की।

कलेक्टरों के तबादलों की रफ्तार बढ़ी

राजस्थान में कलेक्टर का कार्यकाल घटकर रह गया करीब एक साल

सच बेधड़क पावर कॉरिडोर

दो दशक तक 14 से 17 महीने के बीच रहा जिला कलेक्टर का मीडियन टेन्योर, पिछले पांच साल में घटकर 12.7 माह हुआ

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में जिला कलेक्टर की कुर्सी पर टिके रहने की अवधि लगातार घट रही है। कभी करीब डेढ़ साल तक जिले की कमान संभालने वाले कलेक्टरों का कार्यकाल अब सिमटकर करीब एक साल रह गया है।

प्रशासनिक स्थिरता और योजनाओं के क्रियान्वयन में कलेक्टर की भूमिका अहम है, फिर भी तबादलों की बढ़ती रफ्तार इस पद पर लंबे समय तक काम करने की गुंजाइश कम कर रही है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले पांच वर्षों में कलेक्टरों का कार्यकाल पहले की तुलना में काफी छोटा हुआ है।

वहीं, मुख्यमंत्री बदलने के साथ लगभग सभी जिला कलेक्टरों का बदलना भी अब नियमित हो गया है। राजस्थान के सेवारत और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों के सेवा रिकॉर्ड (कार्मिक विभाग की सर्विस हिस्ट्री व सिविल लिस्ट) के आधार पर तैयार विश्लेषण के मुताबिक, वर्ष 1971 से अक्टूबर 2026 तक पूरी हो चुकी 995 कलेक्टर पोस्टिंग का मध्य कार्यकाल (मीडियन टेन्योर यानी सभी पोस्टिंग के ठीक बीच का आंकड़ा) 14.9 महीने रहा, लेकिन पिछले पांच वर्षों में पूरी हुई 168 पोस्टिंग में यह घटकर 12.7 महीने रह गया। हाल के पांच वर्षों में करीब 46% कलेक्टर एक साल पूरा होने से पहले ही बदल गए। यानी अब लगभग हर दूसरी पोस्टिंग एक साल के भीतर खत्म हो रही है। इनमें 19% ऐसी पोस्टिंग रहीं, जो छह महीने भी पूरे नहीं कर पाईं। दो साल का कार्यकाल पूरा करने वाले कलेक्टर पहले 18% थे, जो अब घटकर 11% रह गए हैं।



पुलिस अधीक्षक से ज्यादा टिकते हैं कलेक्टर

जिला कलेक्टरों की तुलना जिला पुलिस अधीक्षकों से करें तो कलेक्टर अब भी अधिक समय तक पद पर बने रहते हैं। पूरे आंकड़ों में कलेक्टरों का मध्य कार्यकाल 14.9 महीने रहा, जबकि जिला एसपी का 12 महीने। पिछले पांच वर्षों में यह अंतर और बढ़ा है: इस अवधि में कलेक्टरों का मध्य कार्यकाल 12.7 महीने और एसपी का 8.7 महीने रहा। इस दौरान (जिलों के पुनर्गठन के बीच अस्तित्व में रहे) जिन 43 जिलों में दोनों पद रहे, वहां 155 कलेक्टरों के मुकाबले 212 एसपी पदस्थ हुए। हालांकि सरकार बदलने पर दोनों पदों पर लगभग एक जैसा व्यापक बदलाव होता है, और दोनों ही महत्वपूर्ण जिला पदों पर अधिकारियों के जल्दी-जल्दी बदलने की प्रवृत्ति दिखाई देती है।

दो दशक तक स्थिर रहा कार्यकाल, फिर तेजी से गिरावट

कलेक्टरों के कार्यकाल का इतिहास देखें तो 1996 से 2015 के बीच तस्वीर अपेक्षाकृत स्थिर रही। इस दौरान पांच-पांच साल की अवधियों में मध्य कार्यकाल 14 से 17 महीने के बीच रहा।

1996-2000	17.4 महीने
2001-05	14.8 महीने
2006-10	14.1 महीने
2011-15	16.5 महीने

इसके बाद गिरावट शुरू हुई। 2016-20 में मध्य कार्यकाल घटकर 12.2 महीने और 2021-25 में 11.3 महीने रह गया, जो अब तक का सबसे कम है। वर्ष 2026 में अब तक खत्म हुई 24 पोस्टिंग का मध्य कार्यकाल 21.1 महीने दर्ज है, लेकिन यह पूरे वर्ष का परिणाम नहीं है। इनमें ज्यादातर वे कलेक्टर हैं, जो 2024 की शुरुआत में पदस्थ हुए और 2026 तक बने रहे, इसलिए इसकी तुलना पूरे वर्षों के आंकड़ों से सावधानी के साथ करनी होगी।

CM बदले तो कलेक्टरों की कुर्सी भी बदली

मुख्यमंत्री के कार्यकाल के हिसाब से भी कलेक्टरों की पोस्टिंग में अंतर दिखता है। हर कार्यकाल में शुरू हुई पोस्टिंग का मध्य कार्यकाल इस प्रकार रहा।

मुख्यमंत्री	कार्यकाल	शुरू हुई पोस्टिंग का मध्य कार्यकाल
अशोक गहलोत	1998-2003	15.5 महीने
वसुंधरा राजे	2003-08	13.9 महीने
अशोक गहलोत	2008-13	16.3 महीने
वसुंधरा राजे	2013-18	13.8 महीने
अशोक गहलोत	2018-23	12.1 महीने
भजनलाल शर्मा	दिसंबर 2023 से	10.4 महीने (अब तक)

यानी 2008 के बाद हर सरकार में यह आंकड़ा पिछली सरकार से कम रहा है और यह रुझान किसी एक दल तक सीमित नहीं है। भजनलाल शर्मा का कार्यकाल अभी जारी है और इसमें चल रही पोस्टिंग भी शामिल हैं। हर सरकार के शुरुआती 34 महीनों की ही तुलना करें तो मौजूदा आंकड़ा पिछली सरकारों के 10.1 से 12.7 महीने के दायरे में है। सरकार बदलने के बाद कलेक्टरों में बदलाव के आंकड़े और भी स्पष्ट हैं। वर्ष 2018 में नई सरकार बनने के छह महीने के भीतर उस दिन पदस्थ 33 में से 32 कलेक्टर, यानी 97 प्रतिशत, बदल दिए गए। वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री बदलने के छह महीने के भीतर 48 में से 45 कलेक्टरों की पोस्टिंग समाप्त हो गई, यानी करीब 94 प्रतिशत। सरकार के अंतिम वर्ष में शुरू हुई पोस्टिंग का मध्य कार्यकाल केवल 7.4 महीने रहा। साफ है कि नई सरकार के गठन के बाद जिला प्रशासन की कमान में व्यापक बदलाव होता है।

अलवर-प्रतापगढ़ में सबसे ज्यादा बदलाव, बारां में सबसे लंबा कार्यकाल

जिलों के स्तर पर भी कलेक्टरों के कार्यकाल में बड़ा अंतर है। पिछले दस वर्षों (अक्टूबर 2016 से अक्टूबर 2026) में अलवर और प्रतापगढ़ सबसे आगे हैं, जहां 11-11 कलेक्टर पदस्थ हुए। भरतपुर, डूंगरपुर, जैसलमेर, झुंझुनूं, कोटा, सिरोही और श्रीगंगानगर में इस दौरान 10-10 कलेक्टर रहे। इस अवधि में पूरी हुई पोस्टिंग का मध्य कार्यकाल अलवर में महज 8 महीने रहा, जो सबसे कम है। झुंझुनूं में यह 8.8 महीने, प्रतापगढ़ और राजसमंद में 8.9 महीने तथा भरतपुर में 9.2 महीने रहा। इसके उलट बारां में कलेक्टर का मध्य कार्यकाल 23.6 महीने रहा, जो सबसे अधिक है। पाली में यह 22.1 महीने, दौसा में 21 महीने, जोधपुर में 19.1 महीने और जयपुर व नागौर में 18.4 महीने रहा। हालांकि हर जिले में पोस्टिंग की संख्या कम (5 से 11) होने के कारण एक-दो लंबी या छोटी पोस्टिंग से आंकड़ा काफी बदल जाता है। फिर भी साफ है कि अलग-अलग जिलों में कलेक्टरों को काम करने के लिए मिलने वाली अवधि एक जैसी नहीं है।

सीधी भर्ती के आईएएस को ज्यादा लंबा मौका

कलेक्टर पद पर सीधी भर्ती और पदोन्नति से आए अधिकारियों के कार्यकाल में भी अंतर है। वर्तमान में राजस्थान के 41 जिलों के कलेक्टरों में से 35 सीधी भर्ती के आईएएस अधिकारी हैं, जबकि छह राज्य सिविल सेवा से पदोन्नत होकर आईएएस बने अधिकारी हैं। पूरे आंकड़ों में सीधी भर्ती के अधिकारियों की पोस्टिंग का मध्य कार्यकाल 15.8 महीने और पदोन्नत अधिकारियों का 12.3 महीने रहा। वर्ष 2010 तक दोनों का कार्यकाल लगभग बराबर था, लेकिन इसके बाद पदोन्नत अधिकारियों की पोस्टिंग छोटी होती गई। पिछले पांच वर्षों में सीधी भर्ती के कलेक्टरों का मध्य कार्यकाल 15.3 महीने रहा, जबकि पदोन्नत अधिकारियों का केवल 9.4 महीने। कुल मिलाकर, आंकड़े बताते हैं कि राजस्थान में कलेक्टर का पद अब पहले की तुलना में कम अवधि वाली जिम्मेदारी बनता जा रहा है। ये आंकड़े केवल तबादलों के समय को दर्शाते हैं, उनके कारणों को नहीं। बार-बार होने वाले तबादलों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि जिले की जरूरतों, विकास योजनाओं और प्रशासनिक प्राथमिकताओं को समझकर परिणाम देने के लिए अधिकारियों को पर्याप्त समय मिल पा रहा है या नहीं।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।

प्रधान संपादक: पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।